राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 270
लखनऊ, मंगलवार 2 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत 10

राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक एकता को नई ऊर्जा देंगे नाट्य मंचन : जयवीर 03

# शुद्ध नीयत व निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी : योगी

**मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी शॉर्टकट की नहीं, बल्कि ईमानदार मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। सफलता उन्हीं को मिलती है, जो कठिन परिश्रम से पीछे नहीं हटते और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न बोर्डों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं, बल्कि माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नकलमुक्त, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का भी परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुख्य समारोह में 223 छात्र-छात्राओं को जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 की सूची में अपना स्थान बनाया है, सम्मानित किया जा रहा है। इनमें छात्रों की संख्या 85 और छात्राओं की संख्या 138 है। अर्थात् छात्राओं ने मेरिट में अधिक स्थान प्राप्त किए हैं। यह संख्या स्पष्ट रूप से बताती है कि छात्राएं अधिक मेहनत करती हैं और बेहतर अंक प्राप्त करने की क्षमता रखती हैं। छात्रों के लिए यह प्रेरणा होनी चाहिए कि छात्राएं घर का काम करते हुए भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। मेरा मानना है कि बेटी पढ़ेगी तो आगे बढ़ेगी और देश व समाज को भी आगे बढ़ाएगी। इसके साथ ही जनपद स्तर पर टॉप-10 में आने वाले 1459 छात्र-छात्राओं को सभी 75 जनपदों में आयोजित समारोहों के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है। ये वास्तव में इन छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और आगे बढ़ने के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि सही दिशा में किया गया परिश्रम अवश्य फलदायी होता है और परिणाम सुखद होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि माता-पिता समय रहते बच्चों पर ध्यान दें, सही मार्गदर्शन दें तो उनका भविष्य उज्ज्वल होता है।

### छोटे बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन व वीडियो गेम थमा देने के घातक परिणाम सबके सामने आ रहे

सीएम योगी ने कहा कि किसी भी बच्चे के लिए अभिभावक ही पहला गुरु होता है। आजकल हम क्या देख रहे हैं? बच्चा रो रहा है तो माता-पिता उसे चुप कराने के लिए तुरंत स्मार्टफोन थमा देते हैं। दो-तीन साल के छोटे बच्चे को भी स्मार्टफोन पकड़ा दिया जाता है और वीडियो गेम में लगा दिया जाता है। ऐसा मत कीजिए, कुछ देर रोने दीजिए। उसे रचनात्मक गतिविधियों से जोड़िए, जो उसके समग्र विकास में मदद करें। दो-तीन वर्ष के बच्चे को स्मार्टफोन और गेमिंग से जोड़ने के घातक परिणाम हम सबके सामने हैं।

### गाय राष्ट्र माता है, उसे घोषित करने की कोई आवश्यकता ही नहीं : सीएम

**मुख्यमंत्री ने पाक विस्थापित 1645 परिवारों को दी बड़ी सौगात**

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर चर्चा हो रही है, लेकिन मां और संतान के रिश्ते को किसी घोषणा की आवश्यकता नहीं होती। भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और वह आस्था तथा संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करने वालों की बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को बिजनौर जनपद के आलमपुर गांवड़ी में जमीन का अधिकार देने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों तथा 50 पूर्व सैनिकों एवं लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र प्रदान किए। भूमिधरी अधिकार मिलने से लाभार्थियों को भूमि पर वैधानिक स्वामित्व प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के वंचित, शोषित और जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने जिले को विकास की सौगात देते हुए करोडों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने गौ संरक्षण, कानून व्यवस्था, विकास योजनाओं और शरणार्थी परिवारों के मुद्दों पर सीधे जनता से संवाद किया। उन्होंने कहा कि वह 4 वर्ष पहले यहां के पूर्व सांसद सर्वेश कुमार के साथ सभा की थी, लेकिन आज वे हमारे बीच नहीं हैं, पर उनके पुत्र और यहां के विधायक सुशांत सिंह जनता की सेवा कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हमने पाकिस्तान से आए विस्थापितों को उनके जमीनी अधिकार सौंपें हैं, जो 1947—48 में कट्टरपंथी पाकिस्तानियों ने उनकी संपत्ति पर कब्जा कर लिया गया था, उन्हीं विस्थापितों को आज कृषि भूमिका मालिकाना हक प्रधान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो विस्थापित शेष बचे हैं, उनको अगले चरण में जमीन का मालिकाना हक देने का काम भी करेंगे।

## भारत-म्यांमार में आर्थिक, सुरक्षा सहयोग तथा संपर्क सुविधाओं के विस्तार पर बनी सहमति

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारत और म्यांमार ने दोनों देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग तथा संपर्क सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की है। आधारभूत परियोजनाओं लागू करने तथा व्यापार और द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया। इसके साथ ही पड़ोसी देश की ओर से आश्वासन दिया गया है कि भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में व्यापक द्विपक्षीय वार्ता हुई। चर्चा में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण माना। इसके तहत कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के कालेवा-यागी खंड के जल्द निर्माण पर भी बल दिया गया।

वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की आधिकारिक यात्रा ने म्यांमार और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता और घनिष्ठ साझेदारी की पुष्टि की और दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग को और मजबूत करने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,56,37/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,320/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



## भारत, ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों को किया और मजबूत

### समुद्री सुरक्षा व रक्षा उद्योग सहयोग पर नई पहलों पर बनी सहमति

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, परस्पर सैन्य संचालन क्षमता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की। श्री सिंह ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ मेरी एक बेहतरीन बैठक हुई। हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की और इसे और आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष अक्टूबर पहले संवाद के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की। मंत्रालय ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के समुद्री सुरक्षा पर कार्य समूह के सह-अध्यक्ष के तौर पर, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इस महीने चेन्नई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र में संयुक्त रूप से एक खोज और बचाव तथा टेबलटॉप अभ्यास आयोजित करने के लिए तैयार हैं। दोनों पक्षों ने 2020 के पारस्परिक लॉजिस्टिक्स सहायता समझौते के आधार पर अभ्यासों और अभियानों के लिए प्रक्रियात्मक अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं का पता लगाने का संकल्प लिया।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार : राजनाथ**

### समुद्र के भीतर निगरानी के अवसरों का पता लगाने का निर्णय

दोनों मंत्रियों ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रूपरेखा को अंतिम रूप देने के प्रयासों का समर्थन किया और समुद्री गश्ती विमानों के बीच अधिक सहयोग के माध्यम से समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही समुद्र के भीतर निगरानी के अवसरों का पता लगाने का भी निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमान के बीच गहरे सहयोग का भी समर्थन किया। उन्होंने स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा दृष्टिकोण के अनुरूप नौवहन और हवाई मार्ग की स्वतंत्रता, निर्बाध व्यापार तथा समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन के प्रति अपना समर्थन दोहराया।

### भारत में दिव्यास्त्र ड्रोन बनाने का रास्ता साफ

## दिव्यास्त्र मार्क-1 का भरोसेमंद प्रदर्शन

एजेंसी, नई दिल्ली।



अब भारत में दिव्यास्त्र ड्रोन बनाने का रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जरूरतों को देखते हुए लॉन्ग रेंज ड्रोन विकसित करने की कोशिशों में भारत को बड़ी सफलता मिली है। भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए लखनऊ की डिफेंस स्टार्टअप कंपनी होवरइट ने दिव्यास्त्र मार्क-1 विकसित करके सफल परीक्षण भी कर लिया है।

राजस्थान के जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान और तेज हवाओं में टेस्ट किए जाने पर इस प्लेटफ़ॉर्म ने मुश्किल फील्ड स्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन दिखाया। कंपनी के अनुसार दिव्यास्त्र मार्क-1 ने अपने ऑपरेशनल प्रदर्शन सफलतापूर्वक पूरे किए, जिसमें वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई लॉन्च, लाइव आईएसआर मिशन और टर्मिनल अटैक प्रोफाइल शामिल थे। इस प्रदर्शन के हिस्से के तौर पर दिव्यास्त्र मार्क-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इससे प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ। इस अभ्यास ने ऑपरेशनल माहौल में गतिशील आईएसआर और टोही मिशनों में मदद करने की यूएवी की क्षमता को भी और पुख्ता किया।

**जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान में मोबाइल लॉन्चर से किया गया परीक्षण**

## जेईई एडवांस्ड-2026 की परीक्षा में 56,880 अभ्यर्थी सफल

**कट-ऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी, टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर व जतिन**

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने सोमवार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर रहे, जिन्होंने 329 अंक प्राप्त किए, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह शीर्ष तीनों स्थानों पर दिल्ली जोन के अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। आईआईटी रुड़की ने परिणाम निर्धारित समय से पहले जारी करते हुए अंतिम उत्तर कुंजी भी प्रकाशित कर दी। अभ्यर्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर, जन्मतिथि और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से देख सकते हैं। इस वर्ष जेईई एडवांस्ड के लिए 1,87,389 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,79,694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 56,880 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। सफल अभ्यर्थी अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया (जोसा) की काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। सफल अभ्यर्थियों में 10,107 छात्राएं भी शामिल हैं। इस बार सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 92 अंक रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक अधिक है। विषयवार कट-ऑफ 8 अंक निर्धारित की गई। लगभग 31.65 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है। जोन के आधार पर भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आईआईटी दिल्ली जोन से शुभम कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। आईआईटी मद्रास जोन से मोहित शेखर शुक्ला चौथे स्थान पर रहे। आईआईटी मुंबई जोन के बी. जयकृष्ण श्रीनिवास ने छठा स्थान हासिल किया। आईआईटी रुड़की जोन के निकुंज अग्रवाल 11वें, आईआईटी कानपुर जोन के रिद्धेश अनंत बेंडाले 18वें तथा आईआईटी भुवनेश्वर जोन के भावेश पात्र 29वें स्थान पर रहे। आईआईटी गुवाहाटी जोन के यशराज सिंह ने 122वीं रैंक हासिल की। महिला अभ्यर्थियों में आईआईटी दिल्ली जोन की आरोही देशपांडे सर्वश्रेष्ठ रहीं। उन्होंने 360 में से 280 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय रैंक सूची में 77वां स्थान हासिल किया।

### संक्षिप्त समाचार

**भारत-नेपाल सीमा विवाद पर नेपाल को नहीं मिला ब्रिटेन का समर्थन**

काठमांडू। भारत-नेपाल के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद को लेकर नेपाल की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाने की कोशिश को बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के करीबी सहयोगियों ने सीमा विवाद के समाधान के लिए ब्रिटेन से हस्तक्षेप की मांग की थी, लेकिन ब्रिटेन ने इस मामले में किसी भी तरह की भूमिका निभाने से इनकार कर दिया। ब्रिटेन का स्पष्ट कहना है कि भारत और नेपाल के बीच सीमा से जुड़ा मुद्दा पूरी तरह द्विपक्षीय मामला है और इसका समाधान दोनों देशों को आपसी बातचीत के जरिए ही करना चाहिए।

**सीबीएसई पोर्टल नहीं हुआ लाइव, आधिकारिक घोषणा शीघ्र**


नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अंकों के सत्यापन तथा उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए सोमवार को लाइव होने वाला ऑनलाइन पोर्टल के लाइव करने की तारीख अब आगे बढ़ा दी। सीबीएसई ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से बताया क कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल को जल्द ही लाइव कर दिया जाएगा, जिसकी आधिकारिक अधिसूचना सीबीएसई की मुख्य वेबसाइट पर शीघ्र ही जारी की जाएगी। इससे पहले, 26 मई को लाइव होने वाला इस ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण अवधि बढ़ाकर 1 जून कर दी गई थी लेकिन आज भी अन्य कारणों की वजह से यह शुरू नहीं हो सका।

**कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में फिर बढ़ोतरी, दिल्ली में 42 रुपए महंगा हुआ सिलेंडर**

नई दिल्ली। देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गयी। इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गयी है। कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 की बढ़ोतरी दर्ज की गयी, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ायी गयी हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 की वृद्धि की है।

## आतंकी संगठन आईएसआई के लिए काम करने वाला युवक आजमगढ़ से गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर और आंतकी संगठन आईएसआई के लिए काम करने के आरोप में आजमगढ़ से एक युवक गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार इस युवक को एक राजनीतिक पार्टी की नेता की हत्या और किसी बड़े मिशन के लिए प्रेरित किया गया था। एटीएस उससे पूछताछ कर रही है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने सोमवार को बताया कि देशविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को चिन्हित का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में एटीएस को आजमगढ़ जिले के खुदादादपुर निवासी मोहम्मद शेख को गिरफ्तार किया है। उसके पास बरामद मोबाइल की छानबीन की तो पता चला कि वह शहजाद भट्टी के आतंकी गैंग से उनके पाकिस्तानी व दुबई के नंबरों से उसकी बात होती है। वह उनके सोशल मीडिया के अकाउंट से जुड़कर उनके विचाराधारा से प्रभावित होकर जेहाद की बातें कर रहा था। वह अपने साथियों को भी आतंकी गैंग में शामिल कर विधि विरूद्ध कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहा था। मोहम्मद शेख को शहजाद भाटी के अलावा उसके गैंग के अजमल गुर्जर और रजा पाकिस्तानी हैंडल कर रहा था।

## पेन-पेपर मोड में ही होगा नीट, ऑनलाइन परीक्षा की मांग पर कोर्ट का रुख साफ

एजेंसी, नई दिल्ली।

**उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी की 21 जून को होने वाली परीक्षा को कंप्यूटर आधारित कराने से किया इनकार**



सुप्रीम कोर्ट ने 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 पुनः परीक्षा कंप्यूटर के जरिये आयोजित कराने संबंधी याचिका को स्वीकार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पहले से ही कई समस्याओं का सामना कर रही है।

न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राजद सांसद सुधाकर सिंह और अन्य की याचिका को 27 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए नीट-यूजी को मौजूदा कलम-कागज पद्धति के बजाय कंप्यूटर के जरिये आयोजित करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। एनटीए ने 12 मई को, प्रश्न पत्र लीक से जुड़े आरोपों के बीच मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए 3 मई को आयोजित नीट-यूजी को रद्द कर दिया था। फिलहाल इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और 21 जून को फिर से परीक्षा होनी है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील सत्यम सिंह राजपूत से कहा, कंप्यूटर के जरिये पुनः परीक्षा आयोजित कराने का कोई सवाल ही नहीं है। उनके (एनटीए) पास पहले से ही बहुत सारी समस्याएं हैं। परीक्षा रद्द कर दी गई थी, और अब इसे फिर से आयोजित किया जा रहा है। या तो हम इस याचिका को अभी, या छुट्टियों के बाद खारिज कर दें। शुरुआत में राजपूत ने कहा कि वे किसी अन्य अनुरोध पर जोर नहीं दे रहे हैं बल्कि यह केवल कंप्यूटर के जरिये पुनरू परीक्षा आयोजित करने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि इसी तरह के मामले पहले भी अदालत ने खारिज किए हैं।

राजपूत ने तब दलील दी कि पुनः परीक्षा भौतिक रूप से आयोजित की जा रही है और उन्होंने जोर देकर कहा कि इसे कंप्यूटर के माध्यम से आयोजित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने वकील से कहा कि एनटीए पर मौजूदा दबाव को समझने की कोशिश करें। शीर्ष अदालत ने 29 मई को कहा था कि उसे युवाओं को निराश नहीं करना चाहिए और इस बात पर जोर दिया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा से संबंधित असल समस्या श्वास्तविक जवाबदेही तय होने तक नहीं रुकेगी।

## अपराध में कमी आई लेकिन साइबर क्राइम बढ़े : डीजीपी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बतौर कार्यवाहक डीजीपी एक साल पूरे करने का लेखाजोखा रखा। उन्हें 1 जून, 2025 को कार्यवाहक डीजीपी नियुक्ति किया था।

वहीं, रविवार (31 मई) को उन्हें परमानेंट डीजीपी के रूप में नियुक्ति मिली है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजीव कृष्ण ने कहा बीते एक साल में हमने अपने लक्ष्य तके अनुरूप काम किया गया है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत काम किया गया। इससे अपराध में कमी आई। हालांकि, साइबर अपराध में बढ़े हैं।

मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत सभी थानों पर शक्ति केंद्र बनाया गया। सामाजिक अपराधों जैसे दहेज, घरेलू झगड़े के बारे में लोगों को अवेयर किया गया है। शक्ति केंद्रों में महिलाओं की बात सुनने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्रवाई के बाद फीडबैक भी लिया जाता है। महिला अपराधों में भी काफी गिरावट आई है। शिकायतों की थाने व चौकी स्तर पर जवाबदेही तय की गई है। एडवांस लेवल की साइबर सेफ्टी को लेकर केंद्रीय स्तर पर बड़ा इंस्टीटूशन बनाया जा रहा है। यक्ष एप के माध्यम से 1 लाख पुलिसकर्मी जुड़े हुए हैं। जो व्यवस्थाएं केंद्र सरकार की ओर से की गई हैं उसे जमीन पर उतारा गया है। 62 हजार लोगों को ट्रेनिंग दी गई है। 450 करोड़ रुपए की धनराशि सीज की गई है।

यक्ष एप के माध्यम से 32 साल बाद एक अपराधी पकड़ा गया। एक्सीडेंट की संख्या में पहली बार कमी आई है। 11.5ः मौत में और 7.5ः हादसे में कमी आई है। यह एक हाईटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है। इस साल 2 चीजों को विशेष तौर पर शुरू किया है। 3 साल पहले कानून में बदलाव को लागू किया गया है। इसका उद्देश्य, त्वरित, पारदर्शी और सुगम तरीके से लोगों को सहायता मिले। 60 दिन में चार्जशीट भेजना, नए एविडेंस के माध्यम से अपडेट किया जा रहा है। ई सम्मान इसका तीसरा चरण है। कोर्ट से ई सम्मान थानों के पास आयेंगे। संगठित अपराधी और माफिया के खिलाफ कठोरतम करवायी की जाए। कोर्ट ने असलहों के बारे में जो जानकारी मांगी है, वो दी जा रही है। आतंकवाद के स्वरूप में भी परिवर्तन आया है। सोशल मीडिया के माध्यम से पैसे देकर लोगों को जोड़ा जा रहा है।



# तीन माह पहले बन गया खड़ंजा, फिर भी जारी मास्टर रोल का खेल

- पिपरिया ग्राम पंचायत में फर्जी भुगतान की आशंका, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले का शिवपुर विकासखंड एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर चर्चा में है। ग्राम पंचायत पिपरिया में खड़ंजा निर्माण कार्य पूरा होने के कई माह बाद भी उसी कार्य पर मास्टर रोल चलाए जाने का मामला सामने आया है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग और फर्जी भुगतान की आशंका गहरा गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पिपरिया में राकेश के घर से रामकुमार के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य करीब तीन माह पूर्व ही पूरा करा दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर खड़ंजा लग चुका है और लोग उसका उपयोग भी कर रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित कार्य पर अभी तक मास्टर रोल संचालित होने की बात सामने आई है। मामले का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय निवासी रामकुमार ने बताया कि उनके घर तक खड़ंजा निर्माण का कार्य कई माह पहले ही पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी यदि उसी कार्य पर मजदूरों के नाम से मास्टर रोल चल रहा है तो यह गंभीर जांच का विषय है। ग्रामीणों का आरोप है कि विकासखंड क्षेत्र में कई योजनाओं में अनियमितताओं की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। कहीं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के आरोप लगते हैं तो कहीं अमृत सरोवर जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में भ्रष्टाचार की चर्चाएं होती रहती हैं। ऐसे में पिपरिया का यह मामला भी कई सवाल खड़े कर रहा है। इस संबंध में जब ग्राम सचिव एकदस से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मामले को दिखवाया जाएगा। वहीं खंड विकास अधिकारी शिवपुर आलोक वर्मा ने भी जांच कराए जाने की बात कही। मामले को लेकर जब मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शिकायत की जांच कराई जाएगी।





# बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, घर में घुसकर दंपत्ति की लाठी-डंडों से पिटाई

- पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

खैरीघाट थाना क्षेत्र के बहोरिकापुर ग्राम पंचायत के मुरव्वन पुरवा गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित कम्मू (35) पुत्र सांवली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि एक दिन पहले बच्चों के बीच कहासुनी और विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर सोमवार दोपहर करीब तीन बजे गांव निवासी झगरू समेत कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी।हमले में कम्मू के हाथ में गंभीर चोटें आई, जबकि उनकी पत्नी गीता देवी (32) के सिर में चोट लगने से वह घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। इस मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले को पता करके बता रहा हूं।



# नवजात की मौत पर हंगामा, रैंबो हॉस्पिटल पर लापरवाही और वसूली के गंभीर आरोप

## 6 घंटे तक 'लाश का इलाज' करने का आरोप, पिता अस्पताल गेट पर शव लेकर बैठा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित रैंबो हॉस्पिटल में नवजात की मौत के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। परिजनों और भाजपा सभासद ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, बच्चे की डिलीवरी पहले एक सरकारी अस्पताल में हुई थी। जन्म के बाद नवजात की हालत गंभीर बताई गई, जिसके चलते परिजन उसे इलाज के लिए रैंबो हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। आरोप है कि यहां इलाज के नाम पर परिजनों से मोटी रकम वसूली गई। परिजनों का कहना है कि अस्पताल ने नवजात की मौत के बावजूद करीब 6 घंटे तक उसका इलाज जारी रखा और उन्हें गुमराह करता रहा। इतना ही नहीं, आरोप यह भी है कि मृत बच्चे को जिंदा बताकर इलाज के नाम पर पैसे लिए जाते रहे।मामला उस समय और भावुक हो गया जब नवजात का पिता अस्पताल के बाहर बच्चे की लाश गोद में लेकर बैठ गया और न्याय की गुहार लगाने लगा। इस दृश्य को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि रैंबो हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सोमनाथ मौर्य हैं। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और धोखाधड़ी के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों के आसपास निजी अस्पतालों का जाल तेजी से फैल रहा है, जहां मरीजों और उनके परिजनों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बच्ची को बचाने के प्रयास में हादसा

### अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी बच्ची घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज में एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। यह हादसा नवाबगंज-नानपारा मार्ग पर दोपहर करीब एक बजे हुआ। इस घटना में पांच वर्षीय बच्ची सोनाक्षी घायल हो गई, जिसके पैर में चोट आई है। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज कस्बा निवासी अदनान हुसैन नानपारा से नवाबगंज की ओर कार से आ रहे थे। नवाबगंज-नानपारा मार्ग पर अंटहवा मोड़ के पास उनके घर के सामने पांच वर्षीय बच्ची सोनाक्षी खेल रही थी।बच्ची को बचाने के प्रयास में कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी और एक दीवार से टकरा गई। कार की चपेट में आने से बच्ची सोनाक्षी के पैर में चोट लगी।

# विशेश्वरगंज में अपर्णा व पयागपुर में राहुल पांडे ने संभाला कार्यभार

- ब्लॉक कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड विशेश्वरगंज में नवागत खंड विकास अधिकारी के रूप में सुश्री अपर्णा ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने ब्लॉक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा लंबित कार्यों में तेजी लाई जाए। वहीं विकास खंड पयागपुर में राहुल पांडे ने खंड विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला।

उन्होंने ब्लॉक कर्मचारियों के साथ परिचय बैठक कर विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।

दोनों नवागत अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने पर ब्लॉक कर्मचारियों, एवं क्षेत्रीय लोगों ने स्वागत करते हुए बेहतर कार्यकाल की उम्मीद जताई।

## कार्रवाई को लेकर अधिवक्ता चढ़ा पानी की टंकी पर महिला अपने बच्चे के साथ चढ़ी टॉवर पर, मचा हड़कंप



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस के द्वारा अभियुक्तों पर कारवाही न करने से पीड़ित एक अधिवक्ता पानी की टंकी पर चढ़ गया और रेप पीड़िता महिला बच्चे को साथ में लेकर एक 80 फुट टॉवर पर चढ़ कर जमकर हंगामा किया। अधिकारियों ने घंटों मिन्नत करने के बाद महिला टावर से बच्चे के साथ नीचे उतर गई। नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे तरब गंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक रेप पीड़िता महिला अपने छह वर्षीय बच्चे को लेकर गोंडा आई। अंबेकर चौराहे के निकट स्थित रघुकुल महिला विद्यापीठ विद्यालय के पास लगे एक 80 फुट के टावर पर चढ़ गई और 50 फुट पर जाकर बच्चे के साथ बैठ गई। करीब एक घंटे के बाद महिला की बैठने की जानकारी आम लोगों में होने लगी। इस की जानकारी पुलिस को हुई तो नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी सी ओ आनंद राय नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार वर्मा भी पहुंच गए। आने जाने वाले लोगों की भीड़ इक्कठा हो गाई।अम्बेडकर चौराहे पर काफी देर तक गाड़ियों का जाम लग गया। पुलिस को जाम हटवाना पड़ा। महिला अपने छह वर्षीय बच्चे को कमर में बांध कर ले गई।करीब 50 फुट की ऊंचाई पर जा कर बैठ गई। महिला ने बताया कि उस के साथ राम इकबाल नामक युवक ने रेप किया था।जिस का मुकदमा तरब गंज पुलिस ने दर्ज किया था। मगर पुलिस ने कोई कारवाही नहीं किया जिस से आरोपी राम इकबाल उस को और उस के छोटे बच्चों को परेशान कर रहा था । कारवाही के लिए तरब गंज थाना का चक्कर काट रही है। पुलिस के दारा कोई कारवाही न करने से आरोपी का हौसला बुलंद है। पुलिस और नगर मजिस्ट्रेट ने अलाउंस कर के पीड़ित महिला को भरोसा दिलाया कि कारवाही की जाएगी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रशासन ने उस के बच्चे को पानी की बोतल चाकलेट भेजवाया। घंटों तक भरोसा दिलाने के बाद महिला टावर से अपने बच्चे के साथ नीचे उतर कर आई। पीड़ित महिला का कहना है कि उस के तीन बच्चे है।जिन को घर पर छोड़ कर आई है। दूसरी घटना में अधिवक्ता संजय दुबे कमिश्नर कार्यालय में स्थित पानी की टंकी पर अपने भाई के साथ सोमवार की सुबह करीब 10. बजकर 30 मिनट पर चढ़ गया। घंटों हंगामा किया। अधिवक्त संजय दुबे का कहना था कि बीते 25अप्रैल को उस के पिता की पेड़ काटने के विवाद को लेकर पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी।जिस में आठ लोग नामजद थे। धाने पुर थाने की पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था । दो आरोपी फरार है। पुलिस उन को बचाने में लगी हुई है। जिस को लेकर उन को गिरफ्तार नहीं कर रहे है। कारवाही करने पर हीला हवाला कर रहे है। अधिवक्ता की चढ़ने की खबर अधिवक्ताओं को होने पर तमाम अधिवक्ता पहुंच गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन पर अधिवक्ता संजय दुबे पानी की टंकी से नीचे आया। जिले की पुलिस आरोपियों पर कारवाही न करने की वजह से पीड़ितों को इंसाफ पाने के लिए इस कदर का कदम उठाया जाता है।

# लंबित भुगतान को लेकर आशा बहुओं का प्रदर्शन,11 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

## छह माह से रुकी प्रोत्साहन राशि जारी करने की मांग

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में लंबित भुगतान को लेकर आशा बहुओं का आक्रोश एक बार फिर सामने आया। बड़ी संख्या में आशा बहुएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। आशा बहू संघ की जिलाध्यक्ष पूनम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लंबे समय से उनका भुगतान लंबित है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से प्रोत्साहन राशि और जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के तहत मिलने वाला भुगतान अटका हुआ है, जिससे आशा कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि लगातार मांग उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।आशा बहुओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही लंबित भुगतान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगी। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट में मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में काफी देर तक नारेबाजी होती रही और माहौल गरम रहा।



# राज्यमंत्री अजीत पाल ने अहिल्याबाई होलकर प्रतिमा का किया अनावरण

- रिसिया ब्लाक में 40 हजार की लागत से बनी प्रतिमा का अनावरण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



रिसिया ब्लॉक परिसर में पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह और अयोध्या के बावन मंदिर के वैदेही वल्लभ शरण महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद आनंद गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय और आरएसएस के सामाजिक समरसता प्रमुख राज किशोर विशिष्ट अतिथि थे। रिसिया की ब्लॉक प्रमुख रीना जायसवाल और उनके प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने इस कार्यक्रम का संयोजन किया। प्रतिमा का अनावरण करते हुए राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने अहिल्याबाई होलकर को भारतीय इतिहास की एक महान, न्यायप्रिय और दूरदर्शी शासिका बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई को उनके लोक-कल्याणकारी कार्यों के कारण आज भी 'देवी' की तरह पूजा जाता है।सांसद आनंद गोंड, विधायक सुभाष त्रिपाठी, राम निवास वर्मा, पदमसेन चौधरी, मंजू सिंह, अजीत प्रताप सिंह, निशंक त्रिपाठी, संजय जायसवाल और अशोक जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने बताया कि प्रतिमा का निर्माण जन सहयोग से लगभग 40 हजार रुपए की लागत से किया गया है।इस दौरान ब्लॉक परिसर में स्वास्थ्य विभाग और पशु विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए, जिनका अवलोकन किया गया। साथ ही, ब्लॉक क्षेत्र के लाभार्थियों को आवास, आयुष्मान कार्ड, शौचालय, दिव्यांग, वृद्धावस्था और निराश्रित लोगों के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर राजेश निगम, श्रवण मित्तल, राजू निगम, मंजू गुप्ता, रीति श्रीवास्तव, सरोज सिंह, सुरेश सिंह,आलोक अग्रवाल, बृजेश निषाद,योगेंद्र मौर्य, श्रीराम गुप्ता, अशोक गुप्ता, महेश मिश्रा और बांकेलाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दरगाह में जायरीनों को रोके जाने का आरोप शौकत अली की पोस्ट से मचा सियासी हड़कंप

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के थाना दरगाह क्षेत्र स्थित दरगाह शरीफ को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। शौकत अली द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है।अपने पोस्ट में शौकत अली ने आरोप लगाया है कि दरगाह आने वाले जायरीनों को पुलिस द्वारा रोका जा रहा है। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन से जवाब तलब किया है। शौकत अली के इस पोस्ट के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

मामले को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और लोग प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसा हो रहा है तो यह जायरीनों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। फिलहाल पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है और सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।




# बीसी संचालक से 85 हजार की लूट

- एटीएम से कैश निकालकर लौट रहा था संचालक
- बदमाशों ने पीछा कर सिर पर वार कर गिराया

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक बीसी (बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट) संचालक पर हमला कर 85 हजार रुपये नकद लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। चिलबिला निवासी अनुराग सिंह इंडियन बैंक के बीसी संचालक हैं। रविवार को वह रात करीब 9 बजे एटीएम से 85 हजार रुपये निकालकर अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि जब अनुराग सिंह हाजी मोहम्मद डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे, तभी पीछे से बाइक पर सवार दो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनके सिर पर वार कर उन्हें बाइक से गिरा दिया और उनके पास रखे 85 हजार रुपये नकद लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल अनुराग ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उन्हें तत्काल एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## डीएम ने बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर का किया निरीक्षण, सौन्दर्यीकरण व साफ-सफाई के दिए निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनपद स्थित बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर परिसर का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और पर्यटन की दृष्टि से आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के समीप स्थित तालाब की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं नियमित साफ-सफाई की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) रुपईडीह, कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस तथा पर्यटन अधिकारी को संयुक्त रूप से तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं साफ-सफाई का कार्य कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर जनपद का एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आस्था का केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब की सफाई के साथ-साथ उसके आसपास हरियाली विकसित करने, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर की समुचित देखरेख की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों एवं धार्मिक स्थलों के विकास से न केवल स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।



# पुलिस में चयनित पप्पू आर्य पहुंचे अपने गांव

- मौरहवा में ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

बड़खड़िया क्षेत्र के मौरहवा गांव निवासी पप्पू आर्य उर्फ प्रशांत आर्य पुलिस विभाग में चयन और प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे। गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। कांस्टेबल प्रशांत आर्य के स्वागत के लिए क्षेत्र के हजारों लोग गांव के बाहर एकत्र हुए। ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें उनके घर तक पहुंचाया गया। प्रशांत आर्य के माता-पिता ने आरती उतारकर और फूलों से अपने बेटे का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने उनके पिता प्रमोद कुमार आर्य को भी बधाई दी।बड़खड़िया के पूर्व प्रधान घूरे प्रसाद मौर्य और मौरहवा गांव के पूर्व प्रधान जनार्दन सिंह ने कांस्टेबल पप्पू आर्य को बधाई दी।

इस दौरान शैलेन्द्र सिंह, सत्य गोपाल, प्रेम मौर्य, राकेश निषाद, अंकेक्षक सिंह ठाकुर, अनिल कोटेदार, घूरे राजभर, कमला साहनी सहित गांव की महिलाओं ने फूलों की वर्षा कर अपने गांव के बेटे का स्वागत किया।



## निरीक्षकों का हुआ गैर मंडल में स्थानांतरण देवी पाटन मंडल में आए 15 निरीक्षक

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में तैनात 12 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले 10 निरीक्षक का गैर मंडल में स्थानांतरण कर दिया गया। 15 नए निरीक्षक देवी पाटन मंडल को मिला है। अपर पुलिस महानिरीक्षक गोरख पुर जोन के अशोक जैन ने जारी एक आदेश में कहा कि जिले में 12 साल की सेवा पूरी करने वाले निरीक्षक को गैर मैडल स्थानांतरण कर दिया गया। देवी पाटन मंडल के गोंडा जिले में तैनात निरीक्षक होली राम अतिउल्लाह शेष मणि पांडेय गोविंद कुमार अरविंद यादव सभाजीत सिंह को बस्ती मंडल में स्थानांतरण किया गया है। निरीक्षक लाल बिहारी राम नरेंद्र बहादुर यादव कमलाकांत त्रिपाठी को गोरखपुर मंडल में स्थानांतरण किया गया है। निरीक्षक राम कुमार राजभर अशोक कुमार यादव विजय विजय कुमार सौदागर राय सुभाष मौर्या अवधेश पांडेय मनोज कुमार त्रिपाठी राजेश कुमार गुप्ता राकेश कुमार मिश्रा दुर्गा प्रसाद मनोज कुमार त्रिपाठी सर्वेश राय पंकज कुमार पांडेय जय प्रकाश दुबे हरिनारायण दीक्षित ओम प्रकाश यादव राजेश कुमार तिवारी को देवी पाटन मंडल में भेजा गया है। पांच उपनिरीक्षक को देवी पाटन मंडल भेजा गया है जिसमें चंद्रकेश राय अनिरुद्ध कुमार रूप नारायण सुदामा लामुद्दीन है।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, मंगलवार 2 जून, 2026



## खबरें एक नजर में

### 42.50 लाख के 220 गुम मोबाइल बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में मोबाइल फोन गुम होने के बाद उसे वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे पर पुलिस ने खुशियां ला दीं। पश्चिमी जोन की साइबर सेल और सीईआईआर (सीईआईआर) पोर्टल की मदद से पुलिस ने 220 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 42.50 लाख रुपए आंकी गई है। डीसीपी पश्चिमी कमलेश दीक्षित के निर्देशन में पश्चिमी जोन के सभी थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने अभियान चलाया। टीम ने लखनऊ के अलावा अन्य जनपदों और दूसरे राज्यों से भी मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए। डीसीपी पश्चिमी ने बरामद मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। पुलिस को सैमसंग के 20, वीवो के 35, ओप्पो के 40, रियलमी के 35, वनप्लस के 20, रेडमी के 55 और दूसरी कंपनियों के 15 मोबाइल फोन मिले। पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि मोबाइल फोन गुम होने पर सबसे पहले यूपीकॉप ऐप डाउनलोड करें, उसी नंबर का नया सिम जारी कराएं और लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट (एलएआर) दर्ज कराएं। आधार कार्ड और मोबाइल खरीद का बिल पीडीएफ में सुरक्षित रखें। इसके बाद सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर नजदीकी थाने या साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें। इससे मोबाइल फोन की बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है।

### ज्वेलरी की दुकान में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सैरपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक ज्वेलरी दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखे एसी, सीसीटीवी कैमरा, डमी ज्वेलरी समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक, यह घटना छठा मील रैथा रोड चौराहे के पास स्थित पूजा ज्वेलर्स में हुई। सुबह अचानक दुकान से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। दुकान के कर्मचारी राजू सोनी ने बताया कि रात में दुकान बंद करने के बाद वे घर चले गए थे। सुबह पड़ोसियों ने फोन करके उन्हें घटना की जानकारी दी। राजू सोनी ने यह भी बताया कि दुकान के मालिक विकास सोनी किसी काम से शहर से बाहर गए हुए हैं। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की वजह से दुकान के अंदर रखा अधिकांश सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया।

### शिक्षा विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, प्रताप सिंह बघेल बने माध्यमिक शिक्षा निदेशक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। शासन ने दो वरिष्ठ अपर शिक्षा निदेशक स्तर के अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं सभापति डॉ. महेंद्र देव का 31 मई को अंतिम कार्य दिवस था। अब तक प्रभारी शिक्षा निदेशक (बेसिक) की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रताप सिंह बघेल को नया प्रभारी शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभापति का कार्यभार भी संभालेंगे। वह प्रयागराज और लखनऊ स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय का कामकाज देखेंगे। यह पद डॉ. महेंद्र देव का कार्यकाल 31 मई को पूरा होने के बाद खाली हुआ था। प्रताप सिंह बघेल के स्थान पर अनिल भूषण चतुर्वेदी को प्रभारी शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश के पद पर तैनात किया गया है। चतुर्वेदी इससे पहले प्रभारी निदेशक (साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा) के पद पर कार्यरत थे। विशेष सचिव शिक्षा कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा सोमवार को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, दोनों अधिकारियों को अपने नए तैनाती स्थल पर तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी नए शैक्षिक सत्र और विभागीय कामकाज में तेजी लाने के लिहाज से शासन के इस फैसले को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### संजय निषाद ने मृत श्रमिकों के परिजनों से की भेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बांदा के प्रवास के दौरान हमीरपुर में निर्माणाधीन फ्लाइओवर का स्लैब ढह जाने की घटना में मृत श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। श्री निषाद ने ग्राम चिल्ला पहुंचकर स्व कुलदीप निषाद एवं स्व लोकेंद्र निषाद के आवास पर गए तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत विशेष कैम्प लगाकर ग्राम के सभी मछुआ समाज के लोगों का बीमा कराया जाए ताकि भविष्य में किसी भी दुर्घटना की स्थिति में परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। श्री निषाद ने भूरागढ़ निवासी स्व सभाजीत यादव एवं स्व गंगाचरण यादव के परिजनों से उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध हो निस्तारण : योगी

▸ समस्याओं के निस्तारण में विलंब होने पर तय की जाए जवाबदेही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। मुख्यमंत्री जी के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए।

मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है।

हापुड़ से एक बच्ची अपने अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो।

## सनातन में प्रकृति पूजा ही ईश्वर की उपासना

▸ पर्यावरण दिवस पर सीएम ने यूपी वालों के नाम लिखी चिट्ठी, युवाओं से की खास अपील

सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि आगामी पांच जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक वार्षिक औपचारिकता नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर योगी की पाती शीर्षक से लिखे एक पत्र में कहा कि सनातन संस्कृति में वृक्षों, पर्वतों, नदियों और जीव-जंतुओं की पूजा की परंपरा रही है तथा वेदों में प्रकृति की उपासना को साक्षात ईश्वर की आराधना माना गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान करते हुए कहा, आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस का अवसर वार्षिक औपचारिकता न होकर प्रकृति के प्रति हमारी साझी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि सनातन परंपरा में वर्णित तीन ऋणों-देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण में देव ऋण का सीधा संबंध प्रकृति से है। जल, वन, भूमि और समस्त सृष्टि का संरक्षण ही इस ऋण से उऋण होने का मार्ग है। प्रकृति संरक्षण पर जोर देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, श्आज प्रौधारोपण, जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन का संकल्प पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जल है तो कल है, केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी के प्रति उनकी सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण यह है कि उत्तर प्रदेश में शेखा झील पक्षी अभयारण्य को शामिल किए जाने के बाद रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के पुनरुद्धार संबंधी प्रदेश सरकार की एक जनपद, एक नदी योजना की सफलता यह दर्शाती है कि यदि समाज व शासन मिलकर प्रयास करें तो प्रकृति का संरक्षण प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण और नदियों के संरक्षण का सशक्त आधार बनें।

# जननेता के लिए पैसे व बाहुबल नहीं जन विश्वास की जरूरत : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में आए सैकड़ों शिकायतकर्ताओं और अनुरोधकों की समस्याये सुनी। अधिकारियों को न्यायोचित कार्रवाई के आदेश दिए। कई जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को दूरभाष पर कड़ी हिदायत दी। जिलाधिकारी मैनपुरी व देवरिया को भूमि विवाद, राजस्व और स्थानीय विकास से जुड़े मामलों में पारदर्शिता के साथ नियमानुसार तत्काल कार्रवाई करने को कहा।

एसएसपी बस्ती, मथुरा, हमीरपुर को कानून व्यवस्था, उत्पीड़न और पुलिसिया स्तर पर लंबित मामलों को लेकर दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण करना हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

प्रदेश के सुदूर जिलों से आए बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने अपनी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। इनमें मुख्य रूप से इलाज के लिए आर्थिक सहायता, अवैध कब्जों से मुक्ति, पुलिसिया



▸ उप मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्यायें, अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

उत्पीड़न के खिलाफ कार्रवाई और रोजगार व स्थानीय विकास से जुड़े आवेदन शामिल थे।

उप मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने बिना नाम लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहारू आज देश और प्रदेश की जनता समझदार हो चुकी है। कुछ लोगों को लगता है कि वे धनबल और बाहुबलियों के दम पर राजनीति की बिसात बिछा लेंगे, लेकिन वे भूल जाते हैं, जननेता बनने के लिए पैसे और बाहुबलियों की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि जनता के अटूट विश्वास, उनके स्नेह और आशीर्वाद की जरूरत होती है।

## सुरक्षित बचपन और समृद्ध किसान, डबल इंजन सरकार की पहचान : मौर्य

▸ दुग्ध उत्पादन में भारत का विश्व में लहरा रहा परचम

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस तथा विश्व दुग्ध दिवस पर देशवासियों और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनका सुरक्षित बचपन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने भारत को दुग्ध उत्पादन में वैश्विक पटल पर शीर्ष पर बनाए रखने के लिए करोड़ों पशुपालकों, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के भागीरथी प्रयास सराहनीय हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और स्वर्णिम भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कोविड काल में या अन्य आपदाओं में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए शुरू की गई इस योजना के तहत बच्चों को 4,000 प्रति माह की वित्तीय सहायता, मुफ्त शिक्षा और बालिकाओं के विवाह हेतु सहायता राशि दी जा रही है। हॉट कुक्ड मील योजना के माध्यम से 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका हुआ पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश में बाल कुपोषण की दर में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रदेश के 1.35 लाख से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं, स्मार्ट क्लास और बाल-अनुकूल बुनियादी ढांचे से लैस किया गया है, जिसके फलस्वरूप सरकारी स्कूलों में छात्र नामांकन का नया रिकॉर्ड बना है। विश्व दुग्ध दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने आंकड़ों के साथ डबल इंजन सरकार की सफलताओं को साझा करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन चुका है।

# राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक एकता को नई ऊर्जा देंगे नाट्य मंचन : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रचेतना, इतिहास, साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार एक बड़ी सांस्कृतिक पहल शुरू होने जा रही है। भारतेंदु नाट्य अकादमी ने अखंड भारत के स्वातंर्त्य वीरों, ऐतिहासिक नायकों और महान साहित्यकारों की कृतियों पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुतियों की योजना तैयार की है। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, ऐतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों और सांस्कृतिक केंद्रों पर नाटकों का मंचन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि योजना के माध्यम से प्रदेश के 5 से 10 लाख युवाओं तक प्रत्यक्ष सांस्कृतिक पहुंच बनाई जा सकेगी। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पर्यटन भवनों, प्रेक्षागृहों, शहीद स्थलों और प्रमुख शहरों में होने वाले ये मंचन राष्ट्रभक्ति, ऐतिहासिक गौरव और सांस्कृतिक एकता को नई ऊर्जा देंगे। 'आनंदमठ' और 'महाराजा सुहेलदेव' को प्रमुख फ्लैगशिप प्रस्तुतियों के रूप में तैयार किया जाएगा। स्वातंर्त्य संग्राम और भारतीय इतिहास के वीर नायकों पर आधारित 'बिजली पासी', 'झांसी की रानी', 'काकोरी ट्रेन एक्शन', '1857 की क्रांति' और 'शिवाजी महाराज' जैसे नाटकों का मंचन होगा। साहित्य और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर 'रश्मिरथी', 'अज्ञेय', 'अटल बिहारी वाजपेयी',' मुंशी प्रेमचंद कृत बड़े भाई साहब', 'जयशंकर प्रसाद', 'सूर्यकांत त्रिपाठी निराला', 'भारतेंदु हरिश्चंद्र' और 'वीर सावरकर' पर आधारित प्रस्तुतियां भी तैयार की जाएंगी। प्रत्येक नाटक की अवधि एक घंटा पचास मिनट से दो घंटे तक की होगी। प्रस्तुतिय तैयार करने के लिए जून से कार्ययोजना लागू होगी। जून के दूसरे पखवाड़े में कलाकारों का चयन होगा। अभिनय वाचन शारीरिक अभिव्यक्ति भावाभिनय, संगीत तथा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि पात्रों को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया जा सके। 25 जून से 25 जुलाई तक रिहर्सल का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें प्रतिदिन 6 से 8 घंटे अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि संयोजन, वेशभूषा, और तकनीकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। 2 अगस्त को लखनऊ में इन नाटकों का पहला भव्य मंचन प्रस्तावित है, जिसमें विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के साथ मीडिया कवरेज और दर्शकों की प्रतिक्रिया भी दर्ज की जाएगी। अगस्त से नवंबर तक विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में तथा दिसंबर 2026 से फरवरी 2027 तक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों पर नियमित प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। अंतिम रूप से 15 से 20 श्रेष्ठ नाटकों का चयन किया जाएगा।

### हमीरपुर में हुए पुल दुर्घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए : अजय राय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने जनपद हमीरपुर में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने की अत्यंत दुखद एवं गंभीर घटना को प्रदेश सरकार की निर्माण व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही एवं श्रमिक सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराकर वास्तविक तथ्यों को जनता के सामने लाये जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि इस घटना में प्रशासनिक अकर्मण्यता एवं संभावित भ्रष्टाचार से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रदेश कमेटी द्वारा गठित एक प्रतिनिधिमण्डल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में दुर्घटना स्थल का दौरा कर प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अनेक गंभीर प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों की वास्तविक संख्या तथा मृतकों का सही आंकड़ा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। कुछ मजदूरों के मोबाइल फोन घटना के बाद से बंद बताए जा रहे हैं, जिससे उनके परिजनों में चिंता एवं असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी अवलोकन किया कि दुर्घटना स्थल पर मलबे के आसपास दुर्गंध की स्थिति बनी हुई थी, जिसके संबंध में स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की कि मलबे के भीतर अभी भी कुछ श्रमिक दबे हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश अथवा किसी स्वतंत्र उच्चस्तरीय आयोग से कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी अभिलेख, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भुगतान विवरण एवं अनुबंध सार्वजनिक किए जाएं। दुर्घटना के समय कार्यस्थल पर मौजूद सभी मजदूरों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नामावली सार्वजनिक कर उनका सत्यापन कराया जाए तथा मृतकों एवं लापता व्यक्तियों की संख्या का स्वतंत्र रूप से पुनः सत्यापन कराया जाए और इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाये जाएं। यही नहीं मृतकों के आश्रितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग की है।

# यूपी कैडर को मिले 12 नए आईपीएस अफसर

▸ गृह राज्य के सिर्फ चार अधिकारियों को मिली जगह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश को जल्द ही 12 नए आईपीएस अधिकारी मिलने जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिविल सेवा परीक्षा-2024 में चयनित भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का कैडर आवंटन जारी कर दिया है, जिसमें उत्तर प्रदेश कैडर के लिए 12 अधिकारियों को तैनात किया गया है। इनमें केवल चार अधिकारी ही उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, जबकि शेष अधिकारी देश के विभिन्न राज्यों से हैं।

प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। ऐसे में नए आईपीएस अधिकारियों की तैनाती को पुलिस प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सिविल सेवा परीक्षा-2024 के आधार पर देशभर में चयनित 144 आईपीएस अधिकारियों का लंबे समय से कैडर आवंटन लंबित था। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ यह प्रक्रिया पूरी हो गई है। उत्तर प्रदेश कैडर में 12 पद रिक्त थे, जिन्हें नए आवंटन के जरिए भर दिया गया है।

दिलचस्प तथ्य यह है कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के 32 अभ्यर्थियों का आईपीएस के लिए चयन हुआ था, लेकिन उनमें से अधिकांश को अन्य राज्यों का कैडर मिला है। केवल चार अधिकारियों को ही अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में सेवा का अवसर मिला है। पुलिस महकमे के अधिकारियों का मानना है कि नए अधिकारियों के आने से विभिन्न जिलों और इकाइयों में अधिकारियों की उपलब्धता बढ़ेगी। प्रदेश में लगातार बढ़ते प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी दायित्वों को देखते हुए यह आवंटन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

आने वाले समय में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद इन अधिकारियों की तैनाती विभिन्न जिलों और इकाइयों में की जाएगी। प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था को लेकर लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है।

अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और आधुनिक पुलिसिंग जैसे क्षेत्रों में पुलिस बल को मजबूत करने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में नए आईपीएस अधिकारियों का आगमन पुलिस नेतृत्व को और मजबूती प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश कैडर पाने वाले 12 अधिकारियों में केवल चार अधिकारी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। इनमें प्रणय मित्तल, उत्कर्ष पाठक, कुणाल कुमार और आर्येन्द्र कुमार शामिल हैं। शेष अधिकारी हिमाचल प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों से हैं।

अखिल भारतीय सेवा व्यवस्था के तहत विभिन्न राज्यों के अधिकारियों को अलग-अलग कैडर आवंटित किए जाते हैं।

# सेवायोजन निदेशालय पर इजराइल रोजगार योजना के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में सोमवार को इजराइल रोजगार योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों ने सेवायोजन निदेशालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल वर्ष 2024 में चयनित 1336 अभ्यर्थियों ने हाथ जोड़कर सरकार और संबंधित अधिकारियों से जल्द इजराइल भेजने की मांग की।

अभ्यर्थियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया पूरी हुए करीब 2 साल होने वाले हैं, लेकिन अब तक उन्हें इजराइल भेजे जाने को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों के अनुसार उन्होंने कई बार संबंधित निदेशालय पहुंचकर आवेदन और ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि प्रत्येक बार केवल मौखिक आश्वासन देकर प्रतीक्षा करने को कहा जाता है, जबकि उनकी स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक



पत्र या सूचना जारी नहीं की गई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबे समय से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है, जिससे उनके भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि एक ओर 1336 चयनित अभ्यर्थी लगभग दो वर्षों से नियुक्ति के आगे की प्रक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नई भर्तियां भी आयोजित की जा चुकी हैं। इससे चयनित अभ्यर्थियों के मन में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। अभ्यर्थियों ने विभाग से मांग की है कि उनकी चयन प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति, आगे की कार्रवाई से अवगत कराए। संभावित समयसीमा और विभाग द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी सार्वजनिक की जाए। उन्नाव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में इजराइल में कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नौकरी के लिए भर्ती निकली थी। इसके लिए लखनऊ के आईटीआई अलीगंज में सात चरणों में परीक्षा आयोजित की गई थी। सभी चरण सफलतापूर्वक पास करने के बाद अभ्यर्थियों को इजराइल भेजा जाना था।

उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी हुए 18 महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक चयनित अभ्यर्थी रोजगार के लिए विभागों के चक्कर काट रहे हैं। न तो कोई जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जवाब दे रहा है और न ही यह बता पा रहा है कि उन्हें इजराइल भेजा जाएगा या नहीं। जब भी इस बारे में सवाल पूछा जाता है, नई तारीख देकर आश्वासन के साथ वापस भेज दिया जाता है। संतोष कुमार का कहना है कि करीब छह महीने पहले अधिकारियों ने कहा था कि अभ्यर्थियों को 40 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें इजराइल भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। बिजनौर निवासी अंकित ने बताया कि पिछले लगभग 2 वर्षों से उन्हें लगातार यह कहकर इंतजार कराया जा रहा है कि अगले महीने प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस नौकरी की उम्मीद में वे दो साल से बेरोजगार बैठे हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। अंकित के अनुसार, घर वाले भी नाराज हैं और अक्सर सवाल करते हैं कि न तो वे इजराइल जा पा रहे हैं और न ही यहां कोई दूसरा काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में अब तक करीब 50 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन नौकरी के नाम पर अभी तक कोई परिणाम नहीं मिला है।

**सराहनीय** | ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उपलब्धि

# सौर ऊर्जा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का परचम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश ने सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अग्रणी पहचान स्थापित की है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम पीएम सूर्य घर के दो वर्ष : एक करोड़ रूफटॉप तक सौर ऊर्जा का विस्तार में उत्तर प्रदेश को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जाने के लिए चयनित किया गया है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। उत्तर प्रदेश आज देश में अक्षय ऊर्जा विकास का अग्रणी मॉडल बनकर उभरा है और



▸ सीबीजी क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश अव्वल

ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 9.91 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सापेक्ष 5.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों से 5.64 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं तथा प्रदेश में 1,888 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सौर क्षमता विकसित की जा चुकी है।

लाभार्थियों को अब तक 3,602 करोड़ से अधिक की केंद्रीय सब्सिडी तथा 1,200 करोड़ से अधिक की राज्य सरकार की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा चुकी है।

वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 2,000 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं तथा 6,000 से अधिक पंजीकृत वेंडरों के साथ उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है। सौर ऊर्जा क्षेत्र का कारोबार बढ़कर 36 से 40 करोड़ प्रतिदिन तक पहुंच चुका है, जिससे 70,000 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। इसके अतिरिक्त 9,200 सरकारी भवनों पर 247 मेगावाट, जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 900 मेगावाट तथा 691 वाणिज्यिक एवं औद्योगिक भवनों पर 220 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है।

# सी.एम.एस. के 10 टॉपर छात्रों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकभवन के ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में सिटी मोन्टेसरी स्कूल के आई.सी.एस.ई. व आई.एस.सी. के 10 नेशनल टापर छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया, जिनमें सी.एम.एस. के आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षा के नेशनल टॉपर वैवस्वत नारायण दुबे (99.80 प्रतिशत), द्वितीय नेशनल टॉपर जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल (99.60 प्रतिशत) एवं तृतीय नेशनल टॉपर अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान (99.40 प्रतिशत) के साथ ही आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा की द्वितीय नेशनल टॉपर ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा (99.75 प्रतिशत) शामिल हैं।

इस अवसर पर सीएम ने मेधावी छात्रों को एक-एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र व टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में पूरे प्रदेश के इण्टर व हाईस्कूल के सभी बोर्डो के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया।



## खबरें एक नजर में

### प्रदेश संगठन मंत्री बने योगेंद्र सिंह



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में जनपद शाहजहांपुर के वरिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी योगेंद्र सिंह को संघ का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किए जाने पर जिले सहित खुदागंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह महत्वपूर्ण निर्णय 31 मई 2026 को लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सेठी ग्रैंड होटल में आयोजित प्रदेश कार्य समिति की बैठक में लिया गया। संघ के प्रांतीय नेतृत्व द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में योगेंद्र सिंह को अगले आदेश तक प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे अपनी कार्यकुशलता और अनुभव के बल पर प्रदेशभर के ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संगठित करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वर्तमान में योगेंद्र सिंह सिंधौली विकास खंड में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व उन्होंने खुदागंज विकास खंड में अपनी सेवाएं दी थीं। खुदागंज में कार्यकाल के दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय योगदान देकर अपनी अलग पहचान बनाई थी।

### पूर्व प्रधान प्रत्याशी के घर जीएसटी का छापा, आठ घंटे से अधिक समय से चल रही जांच

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के अतिबरा गांव में सोमवार सुबह जीएसटी विभाग की टीम ने एक पूर्व प्रधान प्रत्याशी के घर छापामार कार्रवाई की। सुबह करीब सात बजे लखनऊ नंबर की दो कारों से पहुंची टीम ने स्थानीय पुलिस को सूचना देने के बाद जांच शुरू की। खबर लिखे जाने तक टीम आठ घंटे से अधिक समय से मकान के भीतर दस्तावेजों और अन्य अभिलेखों की जांच में जुटी थी। जानकारी के अनुसार, जीएसटी टीम ने मकान में प्रवेश करने के बाद मुख्य गेट अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद घर के भीतर पूछताछ और छानबीन का सिलसिला शुरू हो गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मकान के बाहर जलालाबाद थाने की पुलिस तैनात कर दी गई। छापामारी की कार्रवाई अतिबरा गांव निवासी कुलदीप उर्फ अभिषेक पाठक के घर पर की गई है। कुलदीप वर्ष 2015 में ग्राम प्रधान पद का चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ग्रामीणों के मुताबिक कुलदीप खेतीबाड़ी से भी जुड़े रहे हैं, लेकिन उनका अधिकांश समय जिले से बाहर ही बीतता था। पिछले करीब एक वर्ष से वह गांव स्थित अपने आवास पर रह रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कुलदीप के कारोबार के संबंध में अधिक जानकारी नहीं है। गांव में चर्चा है कि उनके नाम पर अन्य राज्यों में कई फर्म पंजीकृत हैं। वहीं पिछले एक-दो वर्षों से उनके पते पर कुछ नोटिस भी आते रहे थे, लेकिन वे किस मामले से संबंधित थे, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। जलालाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि जीएसटी विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की जा रही है। संबंधित व्यक्ति के कारोबार के बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जीएसटी टीम की जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई के कारणों और अन्य तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### कल से बहेगी श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञानधारा

**शाहजहांपुर।** पुवायां के मोहल्ला तिराहा बाजार स्थित बड़ा ठाकुरद्वारा मंदिर में कल 3 जून से श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञानधारा बहेगी। कथाव्यास नैमिषारण्य के प्रद्युम्न पाण्डेय द्वारा कथा 3 जून से 9 जून तक सुनाई जाएगी। कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। कथा के व्यवस्थापक भक्तों ने बांकेबिहारी जी को बनाया है।

### अनियंत्रित कंटेनर डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी साइड जा पहुंचा, हादसे में कंटेनर चालक घायल हो गया, एक बाइक भी हुई क्षतिग्रस्त





**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के भक्शी तिराहे पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे बरेली से शाहजहांपुर की ओर जा रहा एक लोडेड कंटेनर पूर्वी तिराहे के पास अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकराकर दूसरी साइड में चला गया और नगर की तरफ मुड़ गया। हादसे में लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र निवासी चालक कुलदीप घायल हो गए। उन्हें राहगीरो की मदद से उन्हें ट्रक से बाहर निकाला गया, और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस दौरान बदायूं जिले के बिनावर थाना क्षेत्र निवासी संजीव कुमार की बाइक भी ट्रक की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। संजीव कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी मुन्नी देवी और बेटी निशा के साथ शाहजहांपुर से दवाई लेने जा रहे थे। संजीव अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी करके एक होटल पर चाय पीने के लिए खड़े थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। ट्रक परिचालक मुनीश निवासी ग्राम बरैचा जनपद लखीमपुर खीरी ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई कुलदीप के साथ लाल कुआं से गिट्टी लेकर शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र में जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने पर मौजमपुर पुलिस चैकी इंचार्ज प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रक को साइड हटवाकर यातायात सुचारू करवाया।

### ढाई घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**तिलहर, शाहजहांपुर।** बंथरा पावर हाउस पर बिजली सप्लाई व्यवस्था अच्छी करने के लिए दो जून को बिजली लाइन एवं ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जाएगा। एसडीओ वीएन चैहान ने बताया कि इस कार्य को करने के लिए अपरान्ह ढाई बजे से शाम साढ़े छह बजे तक बंथरा पावर हाउस की बिजली सप्लाई आंशिक एवं पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सहयोग करें।

### भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव नौगांव खुलौली में भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में यजमान अनुपम मिश्रा और उनकी पत्नी पूजा मिश्रा ने अन्य महिलाओं के साथ कलश में जल भरकर यात्रा में शामिल हुई। यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों से होकर कथा स्थल पर संपन्न हुई। जिसके बाद आचार्य आशीष वाजपेई ने पूजन कर व्यास गद्दी के पास कलश स्थापित किये। यात्रा में संदीप पांडे, संतोष मिश्रा, राम प्रकाश तिवारी, आरती देवी आदि मौजूद रही।

# जब दो घंटे तक एसडीएम नहीं आए, तो भाकियू ने किया राजीव चौक जाम

▸ **तहसीलदार ने कार्यकर्ताओं की सुनी समस्याएं, 15 दिन में समाधान नहीं होने पर आंदोलन**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर डाक बंगला पर ज्ञापन देने के लिए एकत्रित हुए लेकिन एसडीएम का दो घण्टे इंतजार करने के बाद भाकियू ने कूंच करते हुए राजीव चैक पर चक्का जाम करते हुए तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद राजीव चैक पर तहसीलदार ने पहुँचकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया और ज्ञापन लिया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर पन्द्रह दिनों में समस्याओं का समाधान नही किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन देने के लिए डाक बंगला पर एकत्र हुए। जिसके बाद जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा ने ज्ञापन लेने के लिए एसडीएम से फोन पर बात की लेकिन दस मिनट में आने के लिए कहा करीब 2 घण्टे तक इंतजार करने के बाद जब एसडीएम मौके पर नही पहुँचे तो नाराज कार्यकर्ताओं ने राजीव चैक पर आकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया साथ ही तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद राजीव चैक पर पहुँचे तहसीलदार ने किसानों से ज्ञापन लिया। दिए हुई ज्ञापन में बताया गया है कि किसानों की सबसे बड़ी बिजली समस्या है जिसको तत्काल सही कराया जाए, गांव दलेलपुर मे आबादी व स्कूल के समीप है उसे जल्द हटवाया जाए, राजीव चैक पर डिवाइडर होने चाहिए ताकि हादसे कम हो, तहसील प्रशासन किसानों के फोन नही उठाते हैं उन पर कार्यवाही की जाए, पत्रकारों का वेतन ओर भत्ता सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन देने बालो में जिलाध्यक्ष सुभाषचंद्र मिश्रा, दाताराम, लखविन्दर सिंह, मैकूलाल, संतोष व विनोद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काव्य कल्याणी परिवार द्वारा विजय तन्हा सम्मानित

▸ **काव्य कल्याणी परिवार के कवि सम्मेलन एवं मुशायरे ने बांधा समां**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बाराबंकी में दरबार हॉल बाबागंज में काव्य कल्याणी परिवार के तत्वावधान में एक भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का शानदार आयोजन किया गया। इस साहित्यिक आयोजन में देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों एवं शायरों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्था संरक्षक तालिब नजीव कोकब द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। ख्यातिलब्ध गीतकार संजय सांवरा ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर साहित्यिक महफिल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर हरगोविंद यादव ने की, जबकि मंच का कुशल एवं जीवंत संचालन संदीप अनुरागी ने किया और अपनी त्वरित टिप्पणियों और प्रभावशाली शैली से उन्होंने पूरे कार्यक्रम में श्रोताओं को बांधे रखा। इस मंच पर प्रेरणा पत्रिका संपादक हास्य-व्यंग्य कवि विजय तन्हा को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए माल्यार्पण, अंगवस्त्र व साहित्य सेवक सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के निधन पर शोक

**शाहजहांपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव के हुसैनपुरा स्थित आवास पर आहूत आपात कालीन बैठक में सेवा निवृत कर्मचारी एवंम पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष स्व. अजय सिंह वर्मा के असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने व शोक संतप्त परिवार को असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की गई। शोक सभा में सचिव सर्वेश गुप्ता, जागेश पाली, संत कुमार विश्वकर्मा, अभिनव कश्यप, भूपेंद्र निगम, लक्ष्मी श्रीवास्तव, हरिराम शर्मा, विष्णु प्रकाश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# 61 परिवारों को बेदखल करने के प्रयास पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पुंवायां क्षेत्र के कस्बा मिशन स्थित हरदेव राजा स्थल के आसपास निवास कर रहे 61 परिवारों को जबरन उजाड़े जाने से बचाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि हरदेव राजा का प्राचीन धार्मिक स्थल क्षेत्र की आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष ग्राम देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। संगठन ने आरोप लगाया कि स्थल के आसपास की भूमि को टुकड़ों में बेचने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे धार्मिक स्थल एवं वहां वर्षों से रह रहे परिवारों के सामने संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन के अनुसार, हरदेव राजा स्थल के निकट लौहार, बढई समाज के लगभग 61 परिवार पिछले चार पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा बिजली कनेक्शन भी उसी पते पर दर्ज हैं। संगठन का कहना है कि कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा इन परिवारों को बेदखल करने और भूमि को बेचने की कोशिश की जा रही है। हिन्दू युवा संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि धार्मिक स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा वर्षों से निवास कर रहे परिवारों को किसी भी प्रकार की जबरन बेदखली से संरक्षण प्रदान किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो जनजागरण एवं आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग और भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक परिसर में गंदगी का साम्राज्य, स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल

## जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही से सरकार की मंशा पर फिरता पानी

**खुदागंज,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही हैं, वहीं दूसरी ओर खुदागंज ब्लॉक परिसर की बदहाल स्थिति इस महत्वाकांक्षी योजना की जमीनी हकीकत को उजागर कर रही है। ब्लॉक परिसर में फैली गंदगी, कूड़े के ढेर, पान मसाले के दाग, गोबर के ढेर और अव्यवस्था का आलम यह दर्शाता है कि जिम्मेदार अधिकारी सरकार की मंशा को गंभीरता से लेने के बजाय उसे ठेंगा दिखाने में जुटे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस विभाग पर ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी है, वही विभाग अपने कार्यालय परिसर को स्वच्छ नहीं रख पा रहा है। ब्लॉक परिसर के विभिन्न हिस्सों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कार्यालय भवन के आसपास बदबू, झाड़-झंखाड़ और कूड़े के ढेर आम लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि जब अधिकारियों के अपने कार्यालय का यह हाल है तो गांवों की सफाई व्यवस्था कैसी होगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत की उदासीनता के चलते ब्लॉक परिसर धीरे-धीरे गंदगी का अड्डा बनता जा रहा है। परिसर में बने सरकारी आवासों के आसपास भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई देती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं और समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे। सरकार लगातार स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है, स्कूलों से लेकर गांवों तक सफाई का संदेश दिया जा रहा है, लेकिन खुदागंज ब्लॉक में इन प्रयासों की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि सरकारी योजनाओं और जनता के पैसे के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैये को भी दर्शाती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि ब्लॉक परिसर की नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की सफलता का दावा करना केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगा। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले का संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगता है या फिर स्वच्छता अभियान के नाम पर चल रही यह लापरवाही यूं ही जारी रहेगी। जनता का सवाल साफ है। जब जिम्मेदार विभाग ही गंदगी से घिरा हो तो स्वच्छ भारत मिशन की सफलता की उम्मीद किससे की जाए।

### शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रुकेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, रेल मंत्री ने दी स्वीकृति

**वित्तमंत्री के पत्र पर रेलमंत्री ने लिया संज्ञान, जनपदवासियों में खुशी**

**शाहजहांपुर।** जनपदवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर अब लखनऊ- देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव होगा। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेल मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को भेजे गए पत्र में यह जानकारी दी गई है। पत्र के अनुसार ट्रेन संख्या 22545-22546 लखनऊ जंक्शन-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव किए जाने को मंजूरी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि शाहजहांपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही थी। व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों तथा यात्रियों को देहरादून और लखनऊ की यात्रा में इससे काफी सुविधा मिलेगी। तेज गति और आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव से जनपद की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के द्वारा 22 अप्रैल को भेजे गए अनुरोध पत्र का संदर्भ लेते हुए लिखा कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए शाहजहांपुर स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह पत्र 21 मई 2026 को जारी किया गया। इस उपलब्धि पर जनपदवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इससे शाहजहांपुर को रेलवे मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी और यात्रियों को समय की बचत के साथ आधुनिक रेल सेवा का लाभ मिलेगा। वहीं राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे जनहित में बड़ा कदम बताया है।

### करंट लगने से बेकरी संचालक के बेटे की मौत



**तिलहर-शाहजहांपुर।** बेकरी में जनरेटर पर हाथ लगते ही करंट लगने से झुलसे युवक को सीएचसी ले जाने पर फॉन्ट ने मृत घोषित कर दिया। जिससे घर में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी इरफान पुत्र निसार 28 की मोहल्ले में ही बिस्किट बेकरी है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह बेकरी में काम कर रहा था। इसी दौरान जनरेटर में वापसी करंट आ जाने के बाद अचानक इरफान का हाथ जनरेटर से छूते ही वह छटपटाने लगा। उसके अचेत होकर गिरने पर परिजन और सहयोगी आनन फानन में इरफान को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक इरफान अपने पीछे पत्नी और दो साल के मासूम बेटे व परिजनों को बिलखता छोड़ गया है।

# भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुआ युवक का अंतिम संस्कार

▸ **मारपीट की घटना में घायल हुए शिवकुमार की हुई मौत**

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मारपीट की घटना में घायल हुए शिवकुमार की मृत्यु के बाद सोमवार दोपहर पुलिस बल की मौजूदगी में शव की अंत्येष्टि की गयी।

गांव कन्हऊ चक निवासी शिवकुमार उर्फ लल्ला की एक सप्ताह पहले गाँव के बलविंदर सिंह, कृपाल सिंह तथा सतनाम से विवाद हो गया था। इस दौरान आरोपितों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी। जिसके बाद 27 मई की शाम खेत देखने गए शिवकुमार को उपरोक्त लोगों ने घेर लिया और जमकर मारपीट की। आरोप है कि बलविंदर आदि द्वारा बन्दूक की बट से सीने पर प्रहार करने के कारण शिवकुमार के शरीर में गंभीर अंदरुनी चोटें आ गयीं थीं। निजी अस्पताल में दवा लेने के बाद भी हालत में सुधार न होने पर वह शनिवार को मित्र के साथ कार द्वारा आगरा के अस्पताल में दवा लेने जा रहे थे। जनपद फर्रुखाबाद के थाना कायमगंज क्षेत्र में स्थित कस्बा अलीगंज पहुँचने पर उनकी हालत बिगड़ जाने से मृत्यु हो गयी। स्वजन द्वारा शव को गृह जनपद लाया गया। पीएम हाउस पर स्वजनों ने पुलिस पर आरोपितों को बचाने के आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। पुलिस की मौजूदगी में दोपहर के समय गाँव चक कन्हऊ में गमगीन माहौल में शव की अंत्येष्टि की गयी। इस दौरान विधायक सलोना कुशवाहा, रोशन लाल वर्मा, अजय प्रताप यादव, मुनेश्वर सिंह, फिरोज सिंह यादव, सुधाकर त्रिपाठी, अखिलेश तिवारी आदि ने अंत्येष्टि में शामिल होकर शोकाकुल स्वजन को ढाढ़स बंधाया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया। पीएम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मृत्यु का उल्लेख किया गया है।

# रामगंगा किनारे मूक बधिर युवक का संदिग्ध हालत में शव बरामद

▸ **परिजन लगा रहे हत्या का आरोप, पुलिस ने शव को पीएम को भेजा**

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





थाना क्षेत्र के ग्राम नई बस्ती टेढ़ा निवासी मेवाराम वर्मा के 19 वर्षीय मूक बधिर पुत्र रामबरन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को सुबह छेह बजे ग्राम मौजमपुर के निकट रामगंगा नदी के किनारे पड़ा मिला। मृतक रविवार सुबह लगभग दस बजे से गायब था। पुलिस ने मृतक के पिता मेवाराम वर्मा की सूचना पर शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता मेवाराम ने बताया कि उसका पुत्र रामबरन रविवार सुबह दस बजे तक मक्के के खेत में मक्का की फसल इकट्ठी करवाता रहा था। लगभग साढ़े दस बजे वह रामगंगा नहाने की कहकर पड़ोसी गांव के लड़कों के साथ गया था,शाम तक वापस नहीं आया। वह मूक बधिर होने के साथ ही मनमानी करता रहता था। रविवार शाम तक घर वापस नहीं आने पर उसकी तलाश की गई। किंतु कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह से फिर उसकी तलाश शुरू की गई। तलाश के क्रम में सुबह करीब छेह रामगंगा के तटवर्ती ग्राम मौजमपुर के समीप रामगंगा किनारे उसका शव कीचड़ में औंधे मुंह पड़ा था। उसका मोबाइल और कपड़े रामगंगा के किनारे रखे थे,जबकि चप्पल कुछ दूर पड़ी थी। रामगंगा किनारे बेटे का शव मिलने की सूचना थाना मिर्जापुर पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता मेवाराम ने पुलिस को पड़ोसी गांव के कुछ युवकों पर हत्या करके शव फेंक दिए जाने का संदेह व्यक्त किया है। मृतक दस भाई बहन था। भाइयों में वह चैथे नम्बर का था। जवान बेटे की इस तरह मौत से उसके पिता मेवाराम, मां सरना देवी, भाई वीरभान, मोहनलाल, बहन शारदा देवी और गोमती का रो रोकर बुरा हाल है।

> नई बस्ती टेढ़ा निवासी मेवाराम की सूचना पर उसके पुत्र रामबरन का शव मौजमपुर गांव के सामने रामगंगा के किनारे से बरामद कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
>
> -सोनी शुक्ला, थानाध्यक्ष मिर्जापुर

# नई बंदूक खरीदने के बाद हर्ष फायरिंग करना पड़ा भारी

▸ **बंदूक थाना सदर बाजार में जमा, मुकदमा हुआ दर्ज**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कभी-कभी ज्यादा खुशी भी महंगी पड़ जाती है। ऐसा ही मामला सदर बाजार क्षेत्र से सामने आया हैं। जहां पर एक युवक ने नई बंदूक खरीदी थी। बंदूक खरीदने के बाद वह घर गया, तो उसकी खुशी का ठिकाना नही रहा और उसने हर्ष फायरिंग कर दी। फायरिंग करने का वीडियो और फोटो पुलिस को मिलने पर हल्का दरोगा ने लाइसेंस धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बंदूक को थाने में जमा करा दिया। दर्ज कराई रिपोर्ट में उप निरीक्षक नितिन कुमार ने बताया कि वह शांति व्यवस्था डयूटी पर था। तभी मुखबिर द्वारा कुछ फोटोग्राफ और वीडियो उन्हें दी। जिसकी उन्होंने जानकारी की तो प्राप्त हुआ मोहम्मद उमर निवासी ग्राम जमनापुर थाना रौजा हाल निवासी मंसूरी वाली गली मो. ककरा कलां थाना सदर बाजार के द्वारा हर्ष फायर बंदूक से किया गया। इसके बाद वह जब वह मौके पर पहुंचे तो आरोपित घर पर मौजूद नही था। आसपास जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उमर उपरोक्त ने 26 मई को नई बंदूक लाइसेंस पर क्रय यानी खरीदी थी। उसी खुशी में उसके द्वारा हर्ष फायरिंग की गयी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 125 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर बंदूक को थाने में जमा करा दिया।

> पुराने लाइसेंस पर नई बंदूक खरीदने के बाद युवक ने खुशी में हर्ष फायरिंग की। जिसकी वीडियो, फोटो के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी और बंदूक को जमा करा दिया गया। विवेचना के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।
>
> -राजीव कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर बाजार

# मेधावियों को विधायक और सीडीओ ने किया सम्मानित

**▸ यूपी बोर्ड परीक्षा-2026 में जिला स्तर पर हाईस्कूल के 10 एवं इण्टरमीडिएट के 10 टॉप-10 छात्र-छात्राओं को 21 हजार रूपए की धनराशि हस्तांतरित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरविन्द सिंह विद्यायक ददरौल उपस्थित रहे। इस दौरान डीपीएस राठौर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, केसी मिश्रा जिलाध्यक्ष, शिल्पी गुप्ता महानगर अध्यक्ष, उत्कर्ष द्विवेदी मुख्य विकास अधिकारी, अवधेश राम परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण, ऋषिपाल सिंह जिला विकास अधिकारी, हरिवंश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थिति रहे। इस दौरान उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा-2026 में जिला स्तर पर हाईस्कूल के 10 एवं इण्टरमीडिएट के 10 टॉप-10 छात्र-छात्राओं को 21 हजार रूपए की धनराशि उनके बैंक खातों में कोषागार के माध्यम से ट्रान्सफर की गई तथा उन्हे मेडल, प्रशस्ति पत्र व ''वर्ल्ड पावर मेड इजी'' किताब देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक हरिवंश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि मेधा का सम्मान जहां एक ओर विद्यार्थियों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है, वहीं उनके संकल्प को और दृढ़ करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# प्रदर्शनी में दी गई जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**▸ विधायक ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ, तीन दिन लगेगी प्रदर्शनी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा रामपाल सिंह उत्तर माध्यमिक विद्यालय ककोड़ा में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह उर्फ प्रिंस ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में विभिन्न की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। जैसे पीएम कुसुम योजना, सूचम उद्यमी योजना, मिशन शक्ति, निशुल्क बिजली सिंचाई योजना, लखपति दीदी योजना, स्वच्छ भारत अभियान योजना, जल जीवन मिशन योजना, स्वयं सहायता समूह योजना, समेत काफी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी में ग्रामीणों ने ली। यह प्रदर्शन 1 जून से 3 जून तक चलेगी। विधायक वीर विक्रम सिंह के साथ ब्लॉक प्रमुख मिर्जापुर प्रियांशु रघुवंशी, सर्वेश कुमार शुक्ला, धर्मेंद्र प्रताप सिंह फौजी, पुष्पेंद्र गुप्ता, अवधेश कुमार सिंह, संत कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता उर्फ राजा भैया, अरविंद कुमार राठौर, विनीत कुमार कश्यप, रणवीर सिंह, राहुल सिंह, विजय कुमार सिंह, विक्रांत सिंह, अनुज कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकार के भतीजे का निधन



**कुर्रियां कलां, शाहजहांपुर।** रविवार को पत्रकार अरविंद सिंह के भतीजे अनूप कुमार सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह का हॉट अटैक होने के कारण देहांत हो गया। वह 19 साल के थे। वह तीन भाइयों में बीच के थे, दो बहने है। जिनका आज पांचाल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### रिश्तेदारी में आए युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम दियूरिया में रिश्तेदारी में आए एक युवक के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में युवक के हाथ में फैक्चर सहित शरीर पर गंभीर चोटें आने की बात सामने आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भुता थाना क्षेत्र के ग्राम भुता निवासी शंकर सिंह 31 मई 2026 को अपनी बहन के घर ग्राम दियूरिया, थाना खुदागंज में रिश्तेदारी में आए हुए थे। पीड़ित द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि शाम करीब 4रू10 बजे गांव के ही सूरजित उर्फ मंगू, कुलदीप उर्फ हीरा, ओमवीर, प्रताप, सोनू तथा कुछ अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जिससे उसके दाहिने हाथ में फैक्चर हो गया तथा बाएं हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। मारपीट की घटना के बाद पीड़ित ने उपचार कराने के साथ ही पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए खुदागंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष एवं गंभीरता से जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अराजकता पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### 23वीं पूर्णमासी प्रसादी सेवा में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया गन्ने के रस का प्रसाद

**शाहजहांपुर।** श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से रविवार को मंदिर प्रांगण में 23वीं पूर्णमासी प्रसादी सेवा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम हनुमान जी महाराज एवं लंगोटी बाबा के आशीर्वाद से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। गर्मी के मौसम को देखते हुए सेवा समिति द्वारा सर्वप्रथम बाबा के चरणों में गन्ने के रस का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद कन्या पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत मंदिर परिसर में पहुंचे सैकड़ों भक्तों ने बाबा के दर्शन किए और ठंडे एवं मीठे गन्ने के रस का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। समिति पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सेवादारों, भक्तों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि लंगोटी बाबा की कृपा और आशीर्वाद से यह सेवा निरंतर संचालित हो रही है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक एवं जनसेवा के कार्य जारी रहेंगे। श्रद्धालुओं ने बाबा से सभी के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

### जिले में चली तबादला एक्सप्रेस, कई अधिकारी का ट्रांसफर

**शाहजहांपुर।** शासन द्वारा चलाई जा रही तबादले एक्सप्रेस वे में एक ही जनपद में तीन साल का समय पूरा कर चुके अधिकारियों का तबादला गैर जनपदों में किया गया। इनके स्थान पर नये अफसरों की तैनाती की गई है। बीएसए दिव्या गुप्ता को लखनऊ, उनके स्थान पर जय शंकर श्रीवास्तव भेजे गए हैं। डीपीओ गौरव मिश्रा गोण्डा स्थानांतरित किए गए हैं।अब नवागत डीपीओ शाहजहांपुर अयोध्या के अश्विनी कुमार होगें। वही वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरेश बहादुर पाल का फिरोजाबाद तबादला किया गया है, वह राजकीय महाविद्यालय फिरोजाबाद में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी/वित्त नियंत्रक बनाएं गए। नवागत वरिष्ठ कोषाधिकारी हमीरपुर के श्रवण कुमार सिंह बने है। डीपीओ अरविंद रस्तोगी का श्रावस्ती ट्रांसफर किया गया है। उनका चार्ज सीडीपीओ जलालाबाद देख रहे हैं।

### विश्व दुग्ध दिवस पर गौशाला पहुंचे सीएमओ, गौवंश की सेवा कर दुग्ध उत्पादन के महत्व पर डाला प्रकाश



**पीलीभीत।** विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी ने गौशाला देवीपुरा पहुंचकर गौसेवा की और दुग्ध उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने गौवंश को स्नान कराया, माला पहनाई तथा गुड़ और हरा चारा खिलाकर उनके प्रति श्रद्धा और सेवा भाव व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान दुग्ध उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में योगदान देने वाली एक महिला गौपालक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी ने कहा कि प्रतिवर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य दूध के पोषण महत्व, खाद्य सुरक्षा में उसकी भूमिका तथा किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दुग्ध उत्पादन के योगदान के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा वर्ष 2001 में विश्व दुग्ध दिवस की शुरुआत की गई थी, ताकि दूध को एक महत्वपूर्ण वैश्विक खाद्य पदार्थ के रूप में पहचान दिलाई जा सके और दुग्ध उत्पादकों के योगदान को सम्मान दिया जा सके। डॉ. त्यागी ने कहा कि दूध को सम्पूर्ण आहार माना जाता है क्योंकि इसमें शरीर के विकास और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक लगभग सभी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए दूध एक अत्यंत लाभकारी खाद्य पदार्थ है, जो शरीर को ऊर्जा और पोषण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विश्व दुग्ध दिवस केवल स्वास्थ्य और पोषण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृषि, ग्रामीण विकास और रोजगार से भी जुड़ा हुआ है। दुग्ध उत्पादन लाखों किसानों की आजीविका का प्रमुख स्रोत है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ कृषि व्यवस्था के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। विश्व दुग्ध दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, पोषण, पशुपालन और ग्रामीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

## अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ प्रशासन सख्त

**यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, हटवाया अतिक्रमण**

**शाहजहांपुर।** शहर को जाम और अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाकर व्यापक कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण में चलाए गए इस अभियान के तहत फायर स्टेशन से अंटा चैराहा होते हुए केरुगंज तक अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। यातायात पुलिस ने थाना सदर बाजार और कोतवाली क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर अस्पतालों एवं दुकानों के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। सड़क तक फैले सामान, अवैध ठेलों तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को हटाकर मार्गों को सुचारु बनाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। नो-पार्किंग जोन तथा मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहे राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्रभारी निरीक्षक यातायात ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। दुकानदार अपनी दुकानों के भीतर ही सामान रखें और वाहन चालक अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर को अतिक्रमणमुक्त और जाममुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, जिससे आम जनता को सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. पूजा कसाना ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**मीरानपुर, कटरा शाहजहांपुर, , समृद्धि न्यूज़।**





नगर पंचायत कटरा में नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ. पूजा कसाना को उपजिलाधिकारी जीतसिंह राय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को कटरा स्थित शान मैरिज लॉन में भव्य रूप से किया गया, जहां बड़ी संख्या में नगरवासी, गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गौरतलब है कि नगर पंचायत कटरा उपचुनाव में डॉ. पूजा कसाना ने जीत दर्ज कर चेयरमैन पद हासिल किया था। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पटाखों की आवाज से समारोह स्थल उत्सव में तब्दील हो गया। समर्थकों ने नवनिर्वाचित चेयरमैन का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में अपना दल एस पार्टी के जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने डॉ. पूजा कसाना को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए नगर के विकास की उम्मीद जताई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन शान इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नगर पंचायत के विकास, स्वच्छता, बेहतर मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के समाधान पर जोर दिया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. पूजा कसाना ने नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगी। नगर के विकास और जनहित के कार्य उनकी प्राथमिकता रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन डॉ. पूजा कसाना के पति दानिश जीशान खान और देवर आरिश जीशान खान ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों, समर्थकों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## घर-घर पहुंचकर शिकायतें सुन रही पुलिस, 27 मामलों का मौके पर निस्तारण

**शाहजहांपुर।** जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को जिलेभर में 27 शिकायतों का मौके पर पहुंचकर समाधान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं के घरों और घटनास्थलों पर पहुंचकर जांच की तथा संबंधित पक्षों से बातचीत कर मामलों का निस्तारण कराया। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में चल रहे इस अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण द्वारा की जा रही है। अभियान का उद्देश्य शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से थानों और पुलिस कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पुलिस विभाग के अनुसार प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल में कम से कम एक शिकायत तथा प्रत्येक थाना प्रभारी प्रतिदिन दो शिकायतों का मौके पर पहुंचकर निस्तारण कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्राप्त शिकायतों में से 27 मामलों का समाधान मौके पर जाकर किया गया। पुलिस का कहना है कि शिकायतों के निस्तारण के दौरान दोनों पक्षों का फीडबैक भी लिया जा रहा है, जिससे समाधान की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से आमजन का विश्वास बढ़ेगा और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक सुगम, प्रभावी एवं जनहितकारी बनेगी। साथ ही लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी।

## लखनऊ लैब भेजी रिपोर्ट का इंतजार, कार्यवाही अधर में लटकी

**▸ सीडीओ निरीक्षण में मरीजों का खाना गुणवत्तापूर्ण न होने पर हुआ था एक्शन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता में मानकों की अनदेखी के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज में मूंग दाल, नमक व दूध का सैंपल भरा गया था, जोकि जांच के लिए लखनऊ लैब भेजा गया है, अभी तक रिपोर्ट न आने से मेडिकल कॉलेज के लापरवाह डाक्टरों पर कार्यवाही अधर में लटकी हुई है। बता दें कि अभी कुछ दिनों पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों व तीमारदारों को मिलने वाले भोजन, दूध, दलिया की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न पाई जाने पर सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने निरीक्षण कर संबंधित डाक्टरों का स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही डीएम के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज में मरीजों को मिलने वाला खाना, दूध व दलिया का सैंपल भरवाने को एडीएम प्रशासन को निर्देशित किया था। लेकिन अभी तक संवेदनशील मामले की रिपोर्ट शासन स्तर से न आने पर जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। वही सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहीत अधिकारी चंद्र शेखर मिश्रा ने कहा कि रिपोर्ट 14 बाद आती है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में आगे भी खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कराई जाएगी।

> सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सैंपलिंग कराई गई है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मरीजों को मिलने वाले भोजन, दलिया व दूध में गुणवत्ता की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गोमती पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने श्रमदान कर दिया नदी संरक्षण का संदेश

**▸ चन्दुइया घाट पर विधायक बाबूराम पासवान और डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने की पहल, 47 किलोमीटर क्षेत्र में चलेगा अभियान**

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद की जीवनदायिनी एवं सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली गोमती नदी को पुनर्जीवित करने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विकासखंड पूरनपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेरपुर मकरन्दरपुर स्थित चन्दुइया घाट पर गोमती नदी पुनरुद्धार अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर अभियान की शुरुआत की तथा स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान भी किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लेकर गोमती नदी को पुनर्जीवित करने के संकल्प को मजबूत किया। अभियान का उद्देश्य नदी की अविरल धारा को पुनः स्थापित करना, गाद हटाना, जल प्रवाह को सुचारू बनाना तथा नदी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराना है।विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में गोमती नदी को उसके मूल स्वरूप में लाने के लिए जनपद स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फुलहर झील, माधोटांडा स्थित गोमती के उद्गम स्थल से लेकर लगभग 47 किलोमीटर तक नदी के प्रवाह क्षेत्र में सफाई और पुनरुद्धार का कार्य जनसहयोग से किया जाएगा।उन्होंने कहा कि नदी केवल जल का स्रोत नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पर्यावरणीय संतुलन की आधारशिला है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, उपजिलाधिकारी पूरनपुर, डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्रामीणों एवं अन्य अधिकारियों ने भी श्रमदान कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने परखी पार्किंग की व्यवस्थाएं

**शाहजहांपुर।** शहर में आए दिन अतिक्रमण और अनाधिकृत पार्किंग के चलते महानगर में आए दिन लगने वाली जाम को लेकर नवागत सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने कमर कस ली है। उन्होंने इसके लिए प्लान तैयार करने को निरीक्षण और बैठके शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार की देर शाम उन्होंने शहर की भीड़भाड़ वाली सड़कों व सार्वजनिक जगहों का स्थलीय निरीक्षण कर नागरिकों व दुकानदारों से संवाद किया। साथ ही जाम से निपटने के लिए सुझाव भी मांगे। जिससे शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

## पप्पू गुप्ता हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता, चौथा शूटर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पीलीभीत।** जनपद के चर्चित पप्पू गुप्ता हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्याकांड में फरार चल रहे सातवें आरोपी और चौथे शूटर को बिलसंडा पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने घिरने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित पुत्र राजेश कुमार (19 वर्ष) निवासी बिस्मिल वाली गली, मोहल्ला खिरनीबाग, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हत्याकांड में शामिल फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में बिलसंडा पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक भीकमपुर नहर-दियोरिया रोड की ओर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू कर दी। देर रात करीब साढ़े बारह बजे एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का संकेत दिया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भागने लगा। भागने के दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।

# मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, मंत्री संजय सिंह गंगवार ने पहनाई पगड़ी

**▸ 22 छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और 21-21 हजार रुपये के डेमो चेक प्रदान**

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सोमवार को गांधी सभागार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मेधावियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा 21-21 हजार रुपये के डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ स्थित लोकभवन से आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। समारोह में राज्यमंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें) संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, बरखेड़ा विधायक, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 22 मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता और शिक्षकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मान दिया गया, जिन्होंने बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि आज के मेधावी छात्र ही कल के भारत के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार कर रही है और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके माता-पिता और शिक्षकों का अमूल्य योगदान होता है। इसलिए यह सम्मान केवल विद्यार्थियों का ही नहीं बल्कि उनके अभिभावकों और गुरुजनों का भी सम्मान है। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य एवं विधायक बरखेड़ा ने भी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, लेकिन इसे मंजिल नहीं बल्कि नई शुरुआत मानना चाहिए। उन्होंने समय प्रबंधन, अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। डीएम ने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी अपनाना चाहिए। समारोह में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, परियोजना निदेशक, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 जिसका अनुक्रमांक 0867004 का अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया हैं। **अक्षरा गुप्ता पुत्री अलोक कुमार गुप्ता नि.मो. हरदयाल कूंचा 2, थाना व तह.-पुवायां, शाहजहांपुर।**

## पंजाब के संकेत

सही मायने में पंजाब के हालिया स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों के आधार पर अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक निष्कर्ष तो नहीं निकाले जा सकते। हां, लेकिन इन परिणामों से महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत जरूर मिलते हैं। निस्संदेह, लोकतंत्र की इस छोटी इकाई, नगर निकाय चुनावों में राज्य स्तर का व्यापक परिदृश्य तो नहीं उभरता, बल्कि स्थानीय मुद्दे इन चुनावों में निर्णायक भूमिका जरूर निभाते हैं। वैसे पिछले ट्रेंड के आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे चुनावों में राज्य के सत्ताधारी दल को लाभ निश्चित रूप से मिलता है। इसका कारण यह भी है कि प्रभावी व संपन्न लोग सत्तारूढ़ दल के करीब आना चाहते हैं।

मतदाता यह मानकर चलते हैं कि विकास निधि और प्रशासनिक सहायता उन क्षेत्रों में सहज व सरलता से पहुंचती है, जहां सत्तारूढ़ दल से जुड़े प्रत्याशी चुनाव जीतते हैं। इस तथ्य की पुष्टि एक बार फिर से हुई है, जब इन निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही जबकि भाजपा और अकाली दल निर्दलीय उम्मीदवारों से भी पीछे रह गए। वास्तव में इन आंकड़ों को सावधानी से देखना चाहिए। दरअसल, स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान कुल मतदान का प्रतिशत 64 फीसदी रहा, लेकिन नगर निगमों में यह भागीदारी 60 फीसदी रही, जो बड़े शहरों में मतदाता की सुस्ती को दर्शाता है। सही मायने में स्थानीय निकाय चुनावों में आमतौर पर मतदाताओं की भागीदारी असमान और कम रही है।

माना जाता है कि विधानसभा चुनाव में मतदान आमतौर पर अधिक होता है और राजनीतिक मुद्दे व्यापक होते हैं। इसके बावजूद, यह चुनाव निष्कर्ष विपक्ष के लिए चिंताजनक वास्तविकता को दर्शाता है। पंजाब में पांव पसारते नशीली दवाओं के कारोबार, अपराध, कानून व्यवस्था और सरकार की शासन संबंधी नीतियों को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना के बावजूद, विपक्षी दल जनता की असंतुष्टि को वोटों में तब्दील करने में विफल ही रहे हैं।

कांग्रेस गुटबाजी और नेतृत्व की अनिश्चितता से जूझ रही है। वहीं दूसरी ओर शिअद अभी भी बेअदबी विवाद और किसान आंदोलन के राजनीतिक नतीजों से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। हालांकि, भाजपा राज्य के चुनावी परिदृश्य में अभी भी एक मामूली खिलाड़ी ही साबित हुई है, मगर ऐसा लगता है कि उसने 2027 के लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। जट सिख केवल सिंह ढिल्लों की पंजाब भाजपा अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति महत्वपूर्ण है। भाजपा ने अपने पारंपरिक शहरी-हिंदू आधार से आगे बढ़ने के प्रयास का संकेत दिया है। निःसंदेह, अभी विधानसभा चुनाव का रास्ता खासा लंबा है। लेकिन फिलहाल, आम आदमी पार्टी ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष अभी भी एकजुटता और दिशा की तलाश में लगा हुआ है।

# योजनाबद्ध पौधरोपण व सरकारी नीतियों से अंबेडकर नगर में बढ़ा वनाच्छादन



फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा जारी इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 के आंकड़े उत्तर प्रदेश के जनपद अंबेडकर नगर के लिए एक अत्यंत उत्साहजनक पर्यावरणीय संदेश लेकर आए हैं। नवीनतम आकलन के अनुसार इस जनपद में वन आच्छादन में लगभग 3.39 वर्ग किलोमीटर की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह विस्तार न केवल पारिस्थितिक संतुलन की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है, बल्कि यह प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनाई गई दीर्घकालिक और सुनियोजित नीतियों के जमीनी प्रभाव को भी स्पष्ट करता है।

आंकड़ों के विश्लेषण से यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आता है कि वन आच्छादन में हुई यह वृद्धि मुख्यतः 'ओपन फॉरेस्ट' यानी खुले वन की श्रेणी में दर्ज की गई है। इस श्रेणी का विस्तार यह साबित करता है कि यह वृद्धि वनों के स्वतः प्राकृतिक विकास के बजाय मानवीय और प्रशासनिक स्तर पर किए गए सुनियोजित वृक्षारोपण, वैज्ञानिक भूमि प्रबंधन और निरंतर संरक्षण गतिविधियों का प्रत्यक्ष प्रतिफल है।

ओपन फॉरेस्ट श्रेणी उन क्षेत्रों को इंगित करती है जहां वृक्षों का घनत्व अपेक्षाकृत कम होता है, लेकिन जब निरंतर प्रयासों से वहां पर्याप्त कैनोपी कवर का विकास होता है, तो वे क्षेत्र उपग्रह आधारित गणना में वन आच्छादन के रूप में दर्ज हो जाते हैं। अंबेडकर नगर में यही सकारात्मक प्रक्रिया धरातल पर क्रियान्वित होती दिखाई दे रही है, जो भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

इस सफलता की पृष्ठभूमि में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित व्यापक वृक्षारोपण अभियान की एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उपलब्ध शासकीय अभिलेखों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में वन विभाग तथा अन्य विकास से जुड़े विभागों के आपसी समन्वय से जनपद में बड़े पैमाने पर पौधारोपण के लक्ष्यों को धरातल पर उतारा गया। इन वर्षों में प्रशासनिक सक्रियता का स्तर यह रहा कि न केवल हर साल निर्धारित किए गए पौधारोपण के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया गया, बल्कि अनेक अवसरों पर लक्ष्य से अधिक की उपलब्धि भी अर्जित की गई। यदि समेकित रूप से देखा जाए तो इस पूरी समय अवधि में जनपद के भीतर लगभग 1.07 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य के मुकाबले 1.08 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण और उनका विकास सुनिश्चित किया गया।

ये आंकड़े गवाह हैं कि सरकारी योजनाएं और वृक्षारोपण कार्यक्रम केवल कागजी औपचारिकता या फाइलों तक सीमित न रहकर वास्तविक रूप में धरातल पर प्रभावी रहे। इस पूरे अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी तंत्र के साथ-साथ ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों, शिक्षण संस्थानों और जनसामान्य को भी सक्रिय रूप से जोड़ा गया, जिससे यह कार्यक्रम एक व्यापक जनांदोलन का रूप ले सका।

इस वृहद अभियान के तहत भूमि की उपलब्धता और उसके समुचित उपयोग को लेकर एक अत्यंत व्यावहारिक रणनीति अपनाई गई। वृक्षारोपण के लिए किसी एक विशेष क्षेत्र पर निर्भर रहने के बजाय विविध प्रकार के भू-भागों को इस अभियान का हिस्सा बनाया गया। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों की सामुदायिक भूमि, राजस्व विभाग की उपलब्ध भूमि और प्रमुख मार्गों तथा नहरों की पटरियों के किनारे की खाली जमीन का उपयोग हुआ।

इसके साथ ही विद्यालयों और सार्वजनिक संस्थानों के परिसर, तथा समाज के परती एवं अनुपयोगी पड़े भूखंडों का चयन कर सघन रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार की एक और अत्यंत महत्वाकांक्षी नीति 'एग्रो फॉरेस्ट्री' यानी कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के प्रयासों ने इस अभियान को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषक परिवारों से सीधे तौर पर जोड़ दिया।

किसानों को पारंपरिक कृषि फसलों के साथ-साथ अपनी निजी भूमि और खेतों की मेढ़ों पर आर्थिक रूप से उपयोगी वृक्षों को लगाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। इस पद्धति से न केवल किसानों की आय के स्रोतों में विविधता आई और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई, बल्कि निजी क्षेत्र की सहभागिता से ग्रामीण अंचलों में हरित आवरण का दायरा भी तेजी से फैला। कृषि वानिकी के इस व्यापक प्रसार ने ही मुख्य रूप से ओपन फॉरेस्ट श्रेणी के ग्राफ को ऊपर उठाने में सबसे बड़ा योगदान दिया है, क्योंकि खेतों की मेढ़ों और निजी परिसरों में लगाए गए पौधे समय के साथ बड़े होकर उपग्रह आधारित मानकों को पूरा करने में सफल रहे, जिससे हरित पट्टी का विकास सुगम हुआ।

वृक्षारोपण अभियान के साथ-साथ लगाए गए पौधों की जीवितता दर को बेहतर बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और तकनीकी निगरानी की एक बहुस्तरीय प्रणाली लागू की गई। अक्सर देखा जाता है कि वृक्षारोपण के बाद पौधों की देखभाल के अभाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, परंतु अंबेडकर नगर में इस कमी को दूर करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई। पौधों के रोपण के पश्चात उचित गड्ढा खुदाई, नियमित सिंचाई, जैविक खाद एवं पोषण का समुचित प्रबंधन, कीटों से सुरक्षा तथा अन्ना पशुओं और मानवीय हस्तक्षेप से बचाव के लिए सुरक्षात्मक घेरे बनाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई, जिसने पौधों को असमय नष्ट होने से बचाया और उनकी वृद्धि को गति मिली।

इसके साथ ही रोपे गए पौधों की वास्तविक स्थिति की नियमित जांच और जवाबदेही तय करने के लिए आधुनिक तकनीकों का बड़े पैमाने पर सहारा लिया गया। विभागीय स्तर पर प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल की जियो टैगिंग की गई, जिससे उनकी वास्तविक भौगोलिक स्थिति को डिजिटल मानचित्र पर देखा जा सके और कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

फील्ड मॉनिटरिंग और समय-समय पर किए जाने वाले सर्वेक्षणों के माध्यम से तकनीकी निगरानी प्रणाली को बेहद सुदृढ़ बनाया गया। जब इन सुनियोजित प्रयासों के फलस्वरूप पौधों का कैनोपी कवर निर्धारित वैश्विक सीमा यानी दस प्रतिशत या उससे अधिक तक पहुंच गया, तब सैटेलाइट आधारित राष्ट्रीय आकलनों में इन्हें वन आच्छादन के रूप में शामिल किया गया।

हरित आवरण में दर्ज की गई इस सतत वृद्धि के सकारात्मक प्रभाव बहुआयामी हैं जो स्थानीय पर्यावरण को दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो सघन होते वृक्षों के कारण स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म जलवायु में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है, जो बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने और वायुमंडल में आर्द्रता का संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसके साथ ही इन वृक्षों की वृद्धि से कार्बन अवशोषण की क्षमता मजबूत होती है, जो वैश्विक जलवायु परिवर्तन के स्थानीय प्रभावों को कम करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। व्यापक स्तर पर की गई इस हरियाली से मृदा संरक्षण को अभूतपूर्व बल मिला है, जिससे वर्षा के दिनों में होने वाले मिट्टी के कटाव में भारी कमी आई है और भूमि की अंतर्निहित उर्वरता सुरक्षित बनी हुई है।

जलस्रोतों के संवर्धन और भूजल पुनर्भरण की प्राकृतिक प्रक्रिया में भी इन वृक्षों की जड़ें एक महत्वपूर्ण माध्यम का कार्य कर रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्तर स्थिर रखने में मदद मिल रही है। जैव विविधता के पारिस्थितिक तंत्र के लिए भी यह हरित विस्तार वरदान साबित हुआ है क्योंकि नए विकसित हो रहे वन क्षेत्रों में जीवों के लिए सुरक्षित प्राकृतिक आवास उपलब्ध हो रहे हैं।

अंबेडकर नगर जनपद के वन आच्छादन में दर्ज की गई यह प्रगति किसी एक तात्कालिक प्रयास का परिणाम न होकर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों, प्रशासनिक प्रतिबद्धता, आधुनिक तकनीकी पर्यवेक्षण और जनसहभागिता के आपसी तालमेल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो भविष्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।

वर्तमान परिदृश्य में जहां औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के दबाव के कारण पर्यावरण के समक्ष चुनौतियां बढ़ रही हैं, वहाँ इस प्रकार की सफलता सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत आधारशिला रखती है। इस सकारात्मक बदलाव को निरंतर बनाए रखने और भविष्य की पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत इन अभियानों को निरंतरता दी जा रही है।

विचार

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भारतीय कृषि सुरक्षा का सशक्त आधार

*डॉ. मनोज चंद्रा*

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मानसून का जुआ कहलाने वाली भारतीय कृषि को सुरक्षा प्रदान करने में एक क्रांतिकारी भूमिका निभा रही है। भारतीय कृषि की प्रकृति सदैव से मानसून और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील रही है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में असामयिक वर्षा, भीषण ओलावृष्टि और सूखे जैसी स्थितियाँ किसानों के लिए गहरा आर्थिक संकट पैदा कर देती हैं। एक किसान अपने सीमित संसाधनों और कठिन परिश्रम से फसल तैयार करता है, परंतु किसी एक प्राकृतिक आपदा के कारण उसकी पूरी मेहनत मिट्टी में मिल जाती है। इसी जोखिम के प्रबंधन हेतु एक सशक्त तंत्र की आवश्यकता सदैव से महसूस की गई, ताकि कृषकों को ऋण के जाल से बचाकर उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जा सके और खेती को एक लाभप्रद व्यवसाय के रूप में स्थापित किया जा सके।

इसी संकट के स्थायी समाधान हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधारणा तैयार की गई, जो भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, रोगों और कीटों से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में बीमित किसानों को बीमा कवर के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करना है। अपनी विकास यात्रा के दौरान इस योजना ने पूर्ववर्ती फसल बीमा मॉडलों की विसंगतियों को दूर करते हुए एक अधिक पारदर्शी और किसान-हितैषी ढांचा तैयार किया गया है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि विपरीत परिस्थितियों में भी किसान की आय का स्तर बना रहे और वह खेती को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित हो सके।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की संरचना और कार्यप्रणाली को किसानों की सुगमता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत खरीफ की 10 फसलों और रबी की 09 फसलों को अधिसूचित किया गया है। खरीफ फसलों के लिए किसान द्वारा देय प्रीमियम की दर को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत और रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत तक सीमित रखा गया है, जबकि वार्षिक नकदी फसलों हेतु यह दर अधिकतम 5 प्रतिशत निर्धारित है। शेष प्रीमियम की राशि का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बराबर-बराबर अनुपात में किया जाता है। वित्त पोषण के लिए राज्य सरकार एस्क्रो अकाउंट और केंद्र सरकार एआईसी, नई दिल्ली के माध्यम से धन उपलब्ध कराती है। प्रदेश में लागू मॉडल 80-110 के अनुसार, कुल प्रीमियम के सापेक्ष 110 प्रतिशत तक की क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा देय होती है और उससे अधिक की राशि का भुगतान राज्य सरकार स्वयं करती है।



प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में इस योजना की उपलब्धियाँ और जमीनी प्रभाव इसके बढ़ते आंकड़ों से स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। उत्तर प्रदेश में इस योजना से जुड़ने वाले किसानों की संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जहाँ 30.40 लाख किसान योजना का हिस्सा बने थे, वहीं वर्ष 2024-25 में यह संख्या 31.18 लाख और वर्ष 2025-26 के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 39.52 लाख तक पहुँच गई है। वित्तीय प्रगति के मामले में भी वर्ष 2025-26 के लिए 45,000 लाख रुपये का लक्ष्य रखा गया है। क्षतिपूर्ति वितरण के धरातल पर भी इसके परिणाम सुखद रहे हैं, जहाँ वर्ष 2023-24 में 8.20 लाख किसानों को 492.86 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई थी, वहीं वर्ष 2025-26 में अब तक 5.73 लाख किसानों को 672.52 करोड़ रुपये के भुगतान सीधे उनके खातों में भेजा जा चुका है।

सफल क्रियान्वयन के बावजूद इस योजना के समक्ष कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी बनी हुई हैं। फसल क्षति के आकलन के लिए किए जाने वाले प्रयोगों में कभी-कभी तकनीकी देरी हो जाती है, जिससे दावों के निपटान में समय लगता है। इसके अलावा, दूर-दराज के क्षेत्रों में कुछ किसानों के बीच पंजीकरण की प्रक्रिया और समय सीमा को लेकर जागरूकता की कमी को दूर किया गया है। बटाईदार किसानों को मुख्यधारा में शामिल करना और बीमा कंपनियों के स्तर पर दावों के पारदर्शी निस्तारण कराने में सरकार पूरा सहयोग करती है। इन क्रियान्वयन संबंधी बाधाओं को दूर करते हुए योजना की पूर्ण सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है, ताकि प्रत्येक पात्र किसान को उसका हक समय पर दिलाया जा रहा है।

इस योजना को कृषि सुरक्षा का एक सशक्त मॉडल बनाया गया हैं। तकनीक का उपयोग, जैसे सैटेलाइट इमेजरी और ड्रोन तकनीक, क्षति के आकलन की प्रक्रिया को अधिक सटीक और तेज बनाया जा रहा हैं। क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी बनाकर किसानों के भरोसे को और मजबूत किया जा सकता है। यह योजना केवल एक बीमा कार्यक्रम न रहकर भारतीय कृषि के लिए एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रही है। सरकार की सक्रियता और तकनीक के बेहतर तालमेल से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना न केवल किसानों के जोखिम को कम कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

साहित्य



## आवास और अधिकार...?

**संजय एम तराणेकर**

सत्ता बदली, बदले चेहरे, बदले शासन
के व्यवहार,
सवाल वही फिर उठा, किसका घर-
क्या? अधिकार।

कहतीं राबड़ी दृढ़ स्वर में, नहीं छोड़ेंगे
ये आवास।,
सरकार कहें नियम निभाओ, कानून
की ये आवाज़।

राजनीति के इस आँगन में, शब्द बने
हैं तीर-कमान,
कोई बोले जन की संपत्ति, कोई मांगे
स्वयं सम्मान।

कुर्सी आती, कुर्सी जाती, वक्त बदलता
हर पहचान,
आज लोकतंत्र ये कहता, सबसे ऊपर
हो संविधान।

मतभेदों के बीच देश का, रहता सदा
सम्मान अटल,
संवादों से हल हों मुद्दे, नहीं बढ़े विवादों
का दलदल।

*(संदर्भ - राबड़ीदेवी सरकारी आवास खाली न करने पर अड़ीं)*



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। आलस्य त्यागें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

# अमरनाथ : जहां विज्ञान नतमस्तक है और आस्था अमर



*रत्नेश कुमार*

अमरनाथ की पवित्र गुफा केवल हिमालय की दुर्गम ऊंचाइयों पर स्थित एक भौगोलिक संरचना नहीं है, बल्कि यह सनातन धर्म के उस उन्नत वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दर्शन का महासंगम है जहाँ पदार्थ, ऊर्जा और चेतना एक दूसरे में विलीन हो जाते हैं। समुद्र तल से लगभग 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह स्थान ब्रह्मांड के उन अनकहे रहस्यों का मूक साक्षी है, जिन्हें समझने के लिए केवल बुद्धि की प्रखरता ही नहीं, बल्कि हृदय की अगाध संवेदनशीलता की भी आवश्यकता होती है। भौगोलिक दृष्टि से यह गुफा चूना पत्थर की चट्टानों से निर्मित एक कार्स्ट संरचना है, जहाँ हिमलिंग का निर्माण वैज्ञानिक रूप से आइस स्टैलेग्माइट्स की प्रक्रिया का परिणाम है। गुफा की ऊपरी चट्टानों में मौजूद सूक्ष्म दरारों से जब जल रिसकर नीचे गिरता है, तो वह शून्य से नीचे के तापमान के कारण जमने लगता है। यहाँ सनातन स्थापत्य और प्रकृति का सबसे गहरा वैज्ञानिक समन्वय कोल्ड ट्रैप सिद्धांत में छिपा है। इसे एक सरल उदाहरण से समझें, जैसे एक पुराने मिट्टी के मटके में सूक्ष्म छिद्रों के कारण पानी बाहर की गर्मी से बचा रहता है और ठंडा रहता है, ठीक वैसे ही गुफा का मुख और इसकी गहराई एक प्राकृतिक इंसुलेटर की तरह कार्य करती है, जहाँ भारी ठंडी हवा गुफा के फर्श पर स्थिर हो जाती है और बाहर की ग्रीष्म लहरों को भीतर प्रवेश करने से रोककर हिमलिंग को सुरक्षित रखती है।

हिमलिंग का चंद्रमा की कलाओं के साथ घटने और बढ़ने का अटूट विश्वास आधुनिक क्रायो-हाइड्रोलॉजी और गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांतों से पुष्ट होता है। चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल न केवल समुद्र के ज्वार-भाटे को नियंत्रित करता है, बल्कि यह पृथ्वी के भीतर बहने वाले सूक्ष्म जल स्रोतों पर भी दबाव डालता है, जिससे पूर्णिमा के समय जल का रिसाव अपनी चरम सीमा पर होता है। यह ठीक वैसा ही है जैसे पूर्णिमा की रातों में समुद्र उफनता है। प्रकृति की यह लय सनातन पंचांग की उस सूक्ष्म सटीकता को प्रमाणित करती है, जो हज़ारों वर्षों से खगोलीय पिंडों और पृथ्वी के अंतर्संबंधों को गणितीय रूप से परिभाषित कर रही है। पदार्थ विज्ञान के नजरिए से यह हिमलिंग सामान्य बर्फ नहीं, बल्कि चट्टानों के खनिजों से युक्त पॉलीक्रिस्टलाइन बर्फ है, जो इसे सामान्य बर्फ की तुलना में कहीं अधिक सघन, कठोर और चमकदार बनाती है। मनोविज्ञान के धरातल पर अमरनाथ की यात्रा आत्म-अन्वेषण का वह मार्ग है जिसे सनातन धर्म में तप कहा गया है। उच्च तुंगता पर ऑक्सीजन की कमी व्यक्ति के अहंकार को शिथिल कर उसे पीक एक्सपीरियंस की अवस्था में ले जाती है, जहाँ शारीरिक कष्ट और दृढ़ मानसिक संकल्प का मिलन व्यक्ति को अपने संकुचित स्व से ऊपर उठाकर ब्रह्मांडीय चेतना से जोड़ देता है।

अमरनाथ में प्रचलित लोक कथा को एक आध्यात्मिक दृष्टि से देखने पर गूढ़ रहस्य देखने को मिलते हैं। शिव द्वारा किया गया त्याग का मार्ग अत्यंत गूढ़ और वैज्ञानिक अर्थ समेटे हुए है। जब महादेव माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य सुनाने ले जा रहे थे, तो उन्होंने मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर अपनी प्रिय वस्तुओं का विसर्जन किया। पहलगाम में नंदी का त्याग सांसारिक बुद्धि और भार को छोड़ने का संकेत था, चंदनबाड़ी में चंद्रमा का त्याग मन और समय के बोध से परे जाने की प्रक्रिया थी, शेषनाग पर सर्पों का विसर्जन इंद्रियों के नियंत्रण का प्रतीक था, और पंजतरणी में पंचतत्वों का विसर्जन इस नश्वर देह के अभिमान को त्यागने का वैज्ञानिक क्रम था। यह प्रक्रिया सेंसरी डेप्रिवेशन की वह पराकाष्ठा है जहाँ परम ज्ञान को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को पूरी तरह शून्य होना पड़ता है। जैसे बिजली के तार पर लगा इंसुलेशन करंट को बाहर जाने से रोकता है, वैसे ही हमारे सांसारिक मोह हमें आंतरिक ऊर्जा को महसूस नहीं करने देते। शिव ने इन सभी इंसुलेशंस को उतार फेंका ताकि मां पार्वती उस अमरकथा को शुद्धतम रूप में ग्रहण कर सकें। यह त्याग सिखाता है कि सत्य और शांति हमारे बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर के उस मौन में है जो बाहरी शोर के थमने के बाद सुनाई देता है।



अध्यात्म और विज्ञान के इस पावन मिलन बिंदु पर मंदिर की संरचना और की ध्वनि का गुंजन पृथ्वी की प्राकृतिक आवृत्ति, जिसे शुमान रेज़ोनेंस कहा जाता है, के साथ मिलकर शरीर की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करती है। गुफा के भीतर की आयनित वायु और नकारात्मक आयनों की प्रचुरता श्वसन तंत्र के लिए प्राकृतिक उपचार का कार्य करती है, जो सनातन काल से ऋषि-मुनियों के दीर्घायु होने का एक मुख्य आधार रहा है। यहाँ की अमरकथा का वास्तविक मर्म देह की अमरता नहीं, बल्कि उस शाश्वत ऊर्जा का बोध है जो कभी नष्ट नहीं होती, केवल रूप बदलती है। शिव यहाँ केवल एक पौराणिक छवि नहीं, बल्कि वह अनंत शून्य हैं जहाँ भूगोल का विस्तार, विज्ञान का तर्क, मनोविज्ञान की गहराई और अध्यात्म की ऊंचाई मिलकर एक हो जाती है। सनातन धर्म की महत्ता इसी में है कि उसने हज़ारों साल पहले उस परम सत्य को शिव नाम दिया जिसे आज का विज्ञान ब्रह्मांडीय ऊर्जा के रूप में खोजने का प्रयास कर रहा है।

आज अमरनाथ का अस्तित्व पारिस्थितिक संकट के मुहाने पर है, जहाँ ग्लोबल वार्मिंग इस सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित कर रही है। हिमलिंग का समय से पूर्व पिघलना इस बात का संकेत है कि हमने पंचतत्व के उस नाजुक संतुलन को बिगाड़ दिया है जिसकी पूजा और संरक्षण सनातन धर्म की नींव है। अमरनाथ वह महाद्वार है जहाँ पहुँचकर तर्क समाप्त नहीं होते, बल्कि परिष्कृत और संवेदनशील हो जाते हैं। यह आस्था का वह केंद्र है जहाँ बर्फ का पिघलना नश्वरता सिखाता है और उसका पुनः बनना पुनर्जन्म के उस वैज्ञानिक सिद्धांत को समझाता है जहाँ चेतना कभी समाप्त नहीं होती। जब एक भक्त अपना तप्त मस्तक उस शीतल गुफा के फर्श पर रखता है, तो वह वास्तव में एनर्जी ग्राउंडिंग की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है, जहाँ उसके मानसिक तनाव की ऊष्मा उस अनंत शीतलता में विसर्जित हो जाती है। अमरनाथ का संदेश शाश्वत और सार्वभौमिक है कि सत्य को समझने के लिए कभी हमें आधुनिक प्रयोगशाला के उपकरणों की आवश्यकता होती है, तो कभी केवल बंद आंखों, अटूट श्रद्धा और एक शांत हृदय की। यह वह स्थान है जहाँ पहुँचकर मनुष्य को यह अहसास होता है कि वह ब्रह्मांड से अलग नहीं, बल्कि उसी विराट चेतना का एक अविभाज्य अंश है। शिव का वह हिमलिंग हमें सिखाता है कि कठोरता और शीतलता के बीच ही वह संतुलन है, जहाँ जीवन अपने वास्तविक अर्थों में अमर हो जाता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विद्युत कटौती के खिलाफ हिन्दू महासभा ने बनाई रणनीति



फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से वर्तमान समय में बिजली की अघोषित कटौती पर रोष व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि पूरे जिले में सरकार की मंशा के विपरीत बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है अत्यंत गर्मी और उसे पर बिजली न आना जिससे आम जनमानस त्राहि त्राहि कर रहा है, बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी अत्यंत संवेदन हीन हो गए हैं फोन करने पर फोन भी रिसीव नहीं करते, 17 जून 2026 को वर्तमान बिजली कटौती के विरोध में कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ प्रमोद पांडे, संतोष नेता, अर्जुन वैद्य, एसके गुप्ता, ओमप्रकाश मौर्य, स्वामी गणेशानंद महाराज, शुभम सविता, महिला जिला अध्यक्ष संगीता गुप्ता पुष्पा गुप्ता, नीलम यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### जयपुर में मुख्यमंत्री ने किया होल्कर कीर्ति ध्वजा-अहिल्याबाई होल्कर महाकाव्य का विमोचन



उरई (जालौन)। राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित एक गरिमामय समारोह में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रख्यात लेखक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उरई में विभाग प्रचारक तथा कानपुर प्रांत के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रहे अखिलेश कुमार शुक्ला द्वारा रचित पुस्तक होलकर कीर्ति ध्वजा-अहिल्याबाई होलकर महाकाव्य का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमंत उदय सिंह राजे होल्कर ने की। इस अवसर पर राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम की विशेष एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में आगरा से डॉ. मनोज शर्मा एवं राघवेंद्र शुक्ला भी अखिलेश कुमार शुक्ला के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य, इतिहास एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। लेखक अखिलेश कुमार शुक्ला की यह पुस्तक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, उनके आदर्शों, धर्म एवं संस्कृति के प्रति उनकी अगाध निष्ठा, राष्ट्रप्रेम तथा उनकी दूरदर्शी राष्ट्रनीति को महाकाव्यात्मक शैली में प्रस्तुत करती है। पुस्तक में अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के विभिन्न आयामों का विस्तार से वर्णन किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति, सुशासन, सेवा और राष्ट्रनिष्ठा की अद्वितीय प्रतीक थीं तथा उनके जीवन से आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। पुस्तक उनके महान योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की पहल पर मुस्लिम समाज ने बच्चों को पढ़ाने का लिया संकल्प



जालौन (उरई)। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही द्वारा गांव-गांव और मोहल्लों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की जा रही है। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा धन बताते हुए अपने बच्चों को हर हाल में पढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि आधी रोटी खाएंगे, लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित करके रहेंगे। बैठक में मौलाना खालिद रहमानी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल सकती है। अशिक्षा के कारण समाज को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जबकि शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में योगदान देता है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने लोगों को शिक्षित करने की जो मुहिम शुरू की है, वह बेहद सराहनीय है। शिक्षा किसी एक वर्ग, समुदाय या परिवार की जरूरत नहीं, बल्कि पूरे समाज की बुनियादी आवश्यकता है। माता-पिता का पहला कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के बिना तरक्की की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी कारण से बच्चों की पढ़ाई न रुकने दें। आर्थिक कठिनाइयां आएं तो उनका सामना किया जा सकता है, लेकिन बच्चों को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा ही समाज को नई दिशा और नई पहचान दे सकते हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि वे अपने मोहल्ले में कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहने देंगे। यदि किसी परिवार का बच्चा पढ़ाई से वंचित है तो उसे विद्यालय तक पहुंचाने में सभी लोग सहयोग करेंगे। इस मौके पर फीरोज, जावेद आदि मौजूद रहे।

### ग्राम मुढारी में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



कुलपहाड़/महोबा। तहसील क्षेत्र के जैतपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढारी के पंचायत भवन में सोमवार को सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान पूरन लाल रैकवार एवं समाजसेवी महेश रैकवार ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ पी के सिंह राजपूत के नेतृत्व में एसटीएलएस कमल सिंह, शिवचरण पाल, एसटीएस उमेश कुमार, मनोज, एलटी सुनील, भुनेन्द्र, एएनएम पुष्पा देवी सहित समस्त आशा कार्यकर्ता एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे। उन्होंने बताया है कि इस शिविर में कुल 115 ग्रामीणों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 60 पुरुष व 55 महिलाएं शामिल रहीं। सभी 115 लाभार्थियों का हैण्डहेल्ड एक्स-रे मशीन से परीक्षण किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान 8 प्रिजम्पटिव टीबी मरीज चिन्हित किए गए, जिनसे बलगम लेकर एनएएटी जांच हेतु भेजा गया है। सभी मरीजों का 100 दिवसीय अभियान प्रोटोकॉल के अनुसार फॉलोअप किया जाएगा। चिकित्सक का कहना है टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पहचान कर निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है।

### बकायदार की भूमि की नीलामी हेतु तहसील राजस्व टीम ने लगाई लाल झंडी



कुलपहाड़/महोबा। परिवार न्यायालय महोबा के वाद सं.-304/2024 विमलेश यादव बनाम गज्जू उर्फ गजराज यादव पुत्र बलदेव निवासी अजनर तहसील कुलपहाड़ की परिवार न्यायालय की मु. 1,11000 रुपया की वसूली के क्रम में बांकीदार की ग्राम खोई में खाता सं.- 00089 के गाटा सं.- 414 रकबा 0.1900हे. का 1/5 भाग व गाटा सं.- 429 रकबा 1.9430हे. का 1/5 भाग एवं खाता सं.- 00090 के गाटा सं.- 409 रकबा 1.9790हे. का 1/6 भाग की अचल सम्पत्ति भूमि उपजिलाधिकारी के आदेश दिनांक 3 जुलाई 2024 भूमि कुर्क/ जब्ती कर ली गयी थी। जो खतौनी में इन्द्राज भी है। इसी क्रम में तहसीलदार प्रमित सचान के आदेश पर नायब तहसीलदार अजनर हेमकांत त्रिपाठी की उपस्थिति में क्षेत्रीय संग्रह अमीन बिमलेश दुबे, क्षेत्रीय लेखपाल संदीप सिंह, लेखपाल सुमित पचौरी की संयुक्त टीम द्वारा उक्त भूमि की नीलामी हेतु लाल झंडी लगवाई गई।

# मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का हुआ सजीव प्रसारण

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।




प्रदेश स्तर पर लखनऊ में आयोजित माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न बोर्डों(यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएससी बोर्ड, संस्कृत बोर्ड) के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण जनपद में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव तथा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की उपस्थिति में देखा व सुना गया एवं मुख्यमंत्री उप्र सरकार योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना गया और आत्मसात किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक जहानाबाद, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर पर कुल 21 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन हुआ, इनमें से 07 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों, शिक्षकों को प्रदेश स्तर पर मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा 01-01 लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक, लैपटॉप एवं प्रशस्ति पत्र, मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद स्तर पर शेष 14 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों, शिक्षकों को को 21-21 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, लगन एवं आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन करते हुए अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व परियोजना निदेशक डीआरडीए से कहा कि ग्राम पंचायत स्तर में पुस्तकदान का अभियान चलाए ताकि जो बच्चे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट उत्तीर्ण कर रहे है ग्राम पंचायत स्तर ही अच्छीदृअच्छी किताब पढ़कर अच्छे नागरिक बनकर अपने भविष्य को संवार सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मेधावी छात्र मौजूद रहे।

### दीवार फांदकर घुसा चोर, नकदी व जेवरात चुराकर भागा

जालौन (उरई)। घर में पीछे की दीवार फांदकर घुसे चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे 10 हजार रुपये नकद समेत सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित ने मामले की तहरीर छिरिया चौकी में दी है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी वीरू ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात उसके परिवार के सभी सदस्य खाना खा पीकर सो गए। रात में किसी समय पीछे की दीवार फांदकर अज्ञात चोर घर में घुस आए। चोरों ने कमरे में रखे संदूक का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 10 हजार रुपये नकद समेत पायल, छिरिया, कुंडल आदि चोरी कर लिए। पीड़ित गृहस्वामी की सूचना पर छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल ने मौके का मुआयना किया और आसपास लोगों से पूछतांछ की है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने किया जिला पूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पटेल नगर चौराहे के पास स्थित जिलापूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने उपस्थित नगर के पूर्ति निरीक्षक के शहर में कितनी राशन की दुकानों का संचालन होता है की जानकारी की एवं निर्देशित किया की दुकानों की सूची नगर पालिका के साथ भी साझा करें जिससे फैमिली आईडी बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा की स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर सभी कोटेदारों की आयुष्मान आईडी प्राप्त करें एवं नियमित आयुष्मान कार्ड एवं फैमिली आईडी बनाने की प्रगति को मॉनिटर भी करें। उन्होंने जनपद में पेट्रोल पंपों पर किसी मिलावट व अन्य संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी की और कहा की सभी पेट्रोल पंपों पर महिला शौचालय एवं उनके लिए स्तनपान के लिए अलग से शेड बनाने के लिए अभियान चलाएं और सुनिश्चित करें की ससमय ये कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने रिक्त दुकानों का चयन ससमय कराने के लिए निर्देश देते हुए कहा की जिन ग्रामसभाओं की दुकानों की खुली बैठक अभी तक लंबित है संबंधित खंड विकास अधिकारी का वेतन तब तक के लिए रोक दें जब तक की खुली बैठक कराकर प्रस्ताव न भेज दें। इस क्रम में सरौली, त्रिलोचनपुर, ख्योखरी, सोनेमऊ की दुकानों का प्रस्ताव लंबित होने पर बीडीओ विजयीपुर एवं उरौली, कुर्राकनक, सरवल का प्रस्ताव लंबित होने पर बीडीओ असोथर तथा ग्रामसभा गौसपुर का प्रस्ताव न होने पर बीडीओ मलवा तथा ग्रामसभा डिगरुआ का प्रस्ताव ससमय न होने पर बीडीओ अमौली का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी सुनील पुष्कर को निर्देशित करते हुए कहा की कि 3/7 के मुकदमों की पैरवी कर इसके निस्तारण में तेजी लाएं।इस अवसर पर एआरओ उमेश शुक्ला सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे लेखपाल तो एसडीएम ने चैंबर कराया बंद



- नायब तहसीलदार को भेज तहसीलदार को ज्ञापन देने की पहुंचायी खबर

जालौन (उरई)। क्षेत्र में कार्य करने के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वावधान में तहसील क्षेत्र के लेखपाल सोमवार को एसडीएम के पास ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेखपालों का आरोप है कि लेखपालों के पहुंचने पर एसडीएम ने चैंबर बंद करवा लिया। साथ ही नायब तहसीलदार को भेजकर तहसीलदार को ज्ञापन देने की खबर भिजवाई। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि लेखपालों को क्षेत्र में कार्य करने के दौरान कई प्रकार की कठिनाइयां आ रही हैं। जिनमें प्रशासन आपके द्वार पहल के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाने के दौरान कठिनाइयां आती हैं। जिसके लिए मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी के आदेश की व्यवस्था कराने की मांग की जा गई थी, ताकि कार्य करने में आसानी हो। लेखपालों को दो या दो से अधिक हल्कों का चार्ज है। क्षेत्र अधिक होने के चनते शिकायतों के निस्तारण के लिए कम से कम 15 दिन का समय देने की मांग की गई। लेखपालों द्वारा ग्रामीणों से संवाद के दौरान कई बार ग्रामीण अभद्रता करने लगते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और लेखपाल वर्ग के पांच लेखपालों को राजस्व निरीक्षक का कार्य लिया जा रहा है। उन्हें राजस्व निरीक्षक के कार्य से मुक्त कर लेखपाल वर्ग में ही कार्य करने देने की मांग के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जा रहा था। आरोप लगाया कि जब लेखपाल एसडीएम के पास पहुंचे और उनसे मिलने का समय मांगा तो उन्होंने चेंबर बंद करा लिया और नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता को भेजकर खबर भिजवाई कि ज्ञापन तहसीलदार को दें। इस बाबत वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व तहसीलदार को ज्ञापन दिया था। लेकिन उस पर कोई सुनवाई न होने पर वह एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेकिन एसडीएम के न मिलने पर मंगलवार को डीएम के पास पहुंचकर ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर पुष्पेंद्र निरंजन, पूजा राजपूत, स्वाति राय, तेज प्रकाश, सिंकी भास्कर, रोहित, मयंक, भूपेंद्र, प्रिया अवस्थी, सुधा अग्रवाल, इंद्रपाल, रंजना, महेंद्र, लक्ष्मी वर्मा, विक्रांत, इंद्रजीत, रामनरेश गुप्ता, पूरन सिंह आदि रहे। इस बाबत एसडीएम रिंकू सिंह राही ने बताया कि ज्ञापन लेने की एक निर्धारित प्रक्रिया है। लेखपालों के प्रमुख अधिकारी तहसीलदार हैं, इसलिए उन्हें तहसीलदार को ज्ञापन देने के लिए कहा गया है।

# जनपद के टॉपर दस मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

- हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपए की दी गई चेकें
- विकास भवन में हुआ सजीव प्रसारण

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।



सोमवार को मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ से आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रदेश स्तर पर कुल 1,682 मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताया। इस अवसर का सजीव प्रसारण जनपद जालौन में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद जालौन के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक मेधावी छात्र-छात्रा को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई, जिससे उनकी प्रतिभा को नई पहचान और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। हाईस्कूल परीक्षा में श्री बजरंग इंटर कॉलेज उरई के छात्र आदर्श दुबे ने 600 में 569 अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में एएमवी इंटर कॉलेज जालौन के छात्र तनु खरे ने 500 में 459 अंक प्राप्त कर जनपद में शीर्ष स्थान हासिल किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जनपद का गौरव हैं। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान यह संदेश देता है कि प्रतिभा और परिश्रम का सदैव सम्मान होता है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के भविष्य को नई दिशा देता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिभा को सम्मान और अवसर दोनों प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों के परिश्रम, अभिभावकों के त्याग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# पुलिस अधीक्षक ने वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की सुनी समस्याएं

- एसपी शशांक सिंह ने पुलिस को पारदर्शिता के निस्तारण करने के दिए निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने जनपद पुलिस को समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए।

# जिले के 20 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, 21 हजार खातों में किए हस्तांतरित

- लोक भवन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में विद्यार्थियों को दिखवाया गया, डीएम ने दी बधाई

महोबा, समृद्धि न्यूज।



कलेक्ट्रेट सभागार महोबा में प्रातः 11 बजे जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज परीक्षा वर्ष 2026 के प्रथम 10 स्थान प्राप्त एवं उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद्, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली व काउन्सिल फॉर दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन, नई दिल्ली के सर्वोच्य 10 मेधावी विद्यार्थियों, इस प्रकार कुल 223 राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों (प्रत्येक विद्यार्थी के 1 अभिभावक) को राज्य स्तर पर दिनांक 1 जून, 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक भवन, लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के कर कमलों से सम्मानित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को दिखाया गया। जिसमें जनपद के उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद् परीक्षा वर्ष 2026 के जनपद स्तरीय प्रथम हाईस्कूल स्तर के 10 तथा इण्टरमीएिडट स्तर के 10 मेधावी विद्यार्थियों, कुल 20 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं रु. 21,000 की धनराशि कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित के खातों में हस्तान्तरित करते हुये जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में प्रथम 10 स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी और संदेश दिया कि सफलता की कुंजी कठिन परिश्रम है। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य, पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज, महोबा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बलराम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, महोबा, देवेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कॉलेज, महोबा, नवीन कुमार अवस्थी, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, चरखारी, गया प्रसाद त्यागी, प्रधानाचार्य, श्री काशी प्रसाद इण्टर कॉलेज, खरेला उपस्थित रहे। अन्त में प्रेमचन्द यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, महोबा द्वारा सभी सम्माननीय अतिथिगणों, प्रधानाचार्यों, मेधाबी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पैतृक मकान से बेदखल करने का आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार



- एसपी ने थानाध्यक्ष को दिया कार्रवाई के निर्देश, 4 साल के बेटे और 2 साल की बेटी के साथ दर-दर भटक रहा पीड़ित

फतेहपुर। पैतृक संपत्ति से बेदखल करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित सोनपाल सिंह निवासी ग्राम बारा, थाना जाफरगंज, तहसील बिंदकी ने बताया कि 28 मई 2026 को सुबह करीब 9 बजे वह अपने पैतृक आवास पर था। उसी समय पिता हरिपाल सिंह, बड़े भाई क्षत्रपाल सिंह और भाभी सपना एक राय होकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर तीनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। प्रार्थी, उसकी पत्नी और 4 साल के बेटे अनमोल व 2 साल की बेटी अनाया को धक्के मारकर घर से निकाल दिया। धमकी दी कि दोबारा घर में रहने या जमीन देखने की कोशिश की तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़िया ने बताया कि मकान और भूमि पैतृक संपत्ति है, जिसमें उसका भी वैधानिक अधिकार है। इसके बावजूद विपक्षीगण अवैध रूप से बेदखल कर पूरी संपत्ति हड़पना चाहते हैं। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से वह पत्नी और बच्चों की जान की सुरक्षा के लिए इधर-उधर भटक रहा है। भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### थाना अजनर पुलिस ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार




महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों की बिक्री पर अंकुश लगाने तथा अवैध शस्त्र चेकिंग अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस द्वारा सफल कार्यवाही की गई। थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र द्वारा गठित टीम (उ.नि. ऋषी शुक्ला, उ.नि. कृष्ण मुरारी मिश्रा व रि.कां. सुरज) द्वारा मुखबिर की सूचना पर मवइया मोड़ स्थित यात्री प्रतीक्षालय, के पास से एक नफर अभियुक्त बहादुर यादव पुत्र अमर सिंह, उम्र लगभग 58 वर्ष, निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना अजनर पर मु.अ.सं. 88/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# किसान पथ पर झाड़ियों में मिला ट्रक चालक का शव, परिजनों ने जताया हत्या की आशंका

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को लखनऊ जनपद स्थित किसान पथ के किनारे झाड़ियों से संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुए शव के मामले में मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और जांच कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली हैदरगढ़ के लालपुर मजरे अंसारी गांव निवासी विनय मिश्रा पुत्र स्वर्गीय निर्मल मिश्रा पेशे से ट्रक चालक है। परंतु पिछले 1 महीने से घर पर रह रहे थे। मृतक के छोटे भाई विकास ने बताया कि पिछले काफी समय से लखनऊ निवासी मोटर मालिक का वाहन चला रहे उन्नाव निवासी एक साथी चालक के बुलावे पर पहली बार गुरुवार को लखनऊ गया उनका भाई शुक्रवार को लौट आया था। शनिवार को एक बार फिर मोटर मालिक का फोन आने पर भाड़ा लादने के लिए शनिवार की दोपहर घर से निकला था। विकास ने आगे बताया कि शनिवार की शाम 6:00 बजे उनके भाई का फोन आया था उसने बताया था कि रात 8:00 बजे तक वह पिकअप लेकर घर आ जाएगा और यहां से खाना खाने पीने और आराम करने के बाद माल लेकर आगे के लिए रवाना हो जाएगा, परंतु वापस नहीं आया, सुबह कोतवाली पुलिस के माध्यम से पता चला कि उनके भाई की लाश बरामद हुई है। विकास ने बताया कि शनिवार को देर रात तक भाई के घर ना आने पर भाभी द्वारा जब भी फोन किया गया तो फोन उनके साथी द्वारा उठाया गया और कुछ देर में घर पहुंच जाएंगे की बात बताई जाती रहीं। विकास ने बताया कि उनका भाई और भाई का कथित उन्नाव निवासी साथी दोनों नशे के भयंकर आदी थे। आशंका जताई कि किसी बात को लेकर हुए विवाद की वजह से उनके भाई की साथी द्वारा चार-चार इंजेक्शन लगाकर हत्या कर दी गई होगी।

## ट्रैक्टर बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर रविवार की देर शाम नैनखेड़ा चौराहे पर ट्रैक्टर बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया 108 एंबुलेंस द्वारा अस्पताल लाए गए युवक को गम्भीर अवस्था के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के भवानी सिंह का पुरवा निवासी राजेंद्र पुत्र भीखाराम 36 वर्ष रविवार रात हैदरगढ़ की ओर आ रहा था कि तभी घटनास्थल के निकट सामने से आया अज्ञात ट्रैक्टर टक्कर मारते हुए फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

युवक का ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार चल रहा है।

जहां पर हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं।

## सड़क दुर्घटना में जेई हुआ घायल अस्पताल में भर्ती

**जैदपुर बाराबंकी।** ज़ैदपुर पावर हाउस पर तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) परवेज़ मिर्जा गुरुवार शाम एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद उन्हें तत्काल लखनऊ के चंदन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया,जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, परवेज़ मिर्जा ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक से लखनऊ स्थित अपने आवास जा रहे थे।रास्ते में इंदिरा नहर के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना में उनके सिर,कंधे,हाथ,कमर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया,जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है।हादसे की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों और शुभचिंतकों में चिंता का माहौल व्याप्त हो गया। परिजनों व सहकर्मियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



## पेयजल प्याऊ का शुभारंभ राहगीरों को मिलेगी राहत

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** भीषण गर्मी को देखते हुए भाजपा नेता प्रमोद तिवारी के प्रयास से विकास भवन रोड पर स्थापित पेयजल प्याऊ का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अवधेश श्रीवास्तव एवं जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रचना श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए प्रमोद तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। प्रमोद तिवारी ने कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है तथा क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

### मंत्री मनोज पाण्डेय ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतिभाग कर उच्च अंक प्राप्त करने वाले 1,682 छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उ0प्र0 सरकार डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। इसके पश्चात माध्यमिक शिक्षा विभाग की परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 07 एवं इण्टरमीडिएट के 14 छात्र/छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व रुपये 21 हजार का डमी चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के प्रदेश में 6वॉ स्थान प्राप्त करने वाली हाईस्कूल की तनु जायसवाल (96.83 प्रति0), प्रदेश में 08वॉ स्थान प्राप्त करने वाले सर्वेश कुमार मिश्रा (96.50 प्रति0) एवं अभिषी साहू (96.50 प्रति0) राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा हाईस्कूल के मेधावी छात्र/छात्राएं दृष्टि गुप्ता (95.50 प्रति0), सोनाली सिंह (95.50 प्रति0), अंशी (95.33 प्रति0), आंचल शुक्ला (95.17 प्रति0), मुस्कान सिंह (95.17 प्रति0), रिया पटेल (95.00 प्रति0), प्राची वैश्य (95.00 प्रति0) को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट मेधावी छात्र/छात्राएं नन्दनी गुप्ता (93.80 प्रति0), जया शुक्ला (93.40 प्रति0), वैष्णवी (92.60 प्रति0), अभिषेक अवस्थी (92.40 प्रति0), दिव्यांशी मौर्या (92.40 प्रति0), शुभ सिंह (92.00 प्रति0), अद्वैत अवस्थी (92.00 प्रति0), उम्मे हबीबा (91.80 प्रति0), आर्या पटेल (91.80 प्रति0), तृप्ति शुक्ला (91.20 प्रति0), अभिनव (91.20 प्रति0), खिलय पाण्डेय (91.20 प्रति0), अर्पित मौर्य (91.20 प्रति0), निधि श्रीवास्तव (91.20 प्रति0) को सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### नवजात बेटियों को बेबी किट वितरित कर दिया गया सम्मान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने रविवार को मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम उप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत जन्मी तीन नवजात कन्याओं को कन्या सुमंगला योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते हुए पंपलेट एवं बेबी किट वितरित की गई। महिला कल्याण विभाग की ओर से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव की टीम के सदस्य एवं सुपरवाइजर रोशन लाल ने उपस्थित परिजनों को कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स सुधा श्रीवास्तव तथा चिकित्सालय की टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। महिला कल्याण विभाग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और समानता की भावना को सुदृढ़ किया जा रहा है।



### मारपीट में चार अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित व प्रकाश में आये स्कार्पियो कार सवार 4 अभियुक्त अविनाश सिंह उर्फ हैप्पी सिंह पुत्र स्व. सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अश्वनी सिंह उर्फ लकी पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह निवासीगण टेवसी थाना बाजारशुक्ल हाल पता कस्बा बाजारशुक्ल, प्रहलाद सिंह पुत्र सहबरदान सिंह, शिवबरदान सिंह पुत्र उदल सिंह निवासीगण पन्ही मजरे माझगांव थाना बाजारशुक्ल को गिरफ्तार किया गया है। स्कार्पियो यूपी 42 एमके 0707 के कागज मांगने पर दिखा न सके। तलाशी से शिवबरदान के कब्जे से एक रिवाल्वर 4 जिन्दा कारतूस व 2 खोखा कारतूस 32 बोर लाइसेंसी बरामद हुए। बरामद रिवाल्वर के बारे में पूछताछ में शिवबरदान ने पुलिस को बताया कि यह रिवाल्वर हरिओम सिंह उर्फ गोलू का है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## विश्व साइकिल दिवस पर होगा 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप क्रीड़ाधिकारी मुशर्रफ खां ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम का विशेष संस्करण आगामी 7 जून को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व साइकिल दिवस का आयोजन एक जून से 14 जून तक मनाया जाएगा। इसी क्रम में 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम जिला खेल कार्यालय, में आयोजित किया जाएगा।

उप क्रीड़ाधिकारी ने जनपद के अधिक से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों से अपील की है कि वे आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कर कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

# आवारा मवेशियों से आए दिन हो रहे हादसे, कार्रवाई की मांग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज में आवारा पशुओं की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। शहर की प्रमुख सड़कों, बाजारों और चौराहों पर दिन-रात घूम रहे गाय और सांड राहगीरों तथा वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुके हैं। स्थिति यह है कि व्यस्त मार्गों पर अचानक मवेशियों के आ जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य चौराहा, मुख्य बाजार मार्ग, अस्पताल रोड, कलेक्ट्रेट के आसपास तथा रेलवे स्टेशन रोड पर आवारा पशुओं का सबसे अधिक जमावड़ा रहता है। ये आवारा मवेशी सड़क के बीचोंबीच बैठे या घूमते रहते हैं जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।



कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर जाते हैं। बाजार के दुकानदारों का कहना है कि मुख्य बाजार की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। दुकान के सामने दिनभर आवारा गायें और सांड घूमते रहते हैं तथा कई बार आपस में लड़ने लगते हैं। इससे ग्राहक भी भयभीत रहते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक स्कूटी सवार महिला अचानक सामने आई गाय से बचने के प्रयास में सड़क पर गिर गई थीं और गंभीर रूप से घायल हो गई।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को देर रात पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत स्थित टोल प्लाजा पर, प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए ट्रक चालकों, भारी वाणिज्यिक वाहनों, प्राइवेट स्लीपर बसों, ईको कैब वैन तथा अन्य वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई। चेकिंग के समय ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



# सरकारी तालाब से अवैध मिट्टी खनन पर एसडीएम की छापेमारी, ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी सीज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



सुबेहा थाना क्षेत्र के पलिया गांव में रविवार की रात में सरकारी तालाब से अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। सूचना मिलते ही एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा पुलिस एवं राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की। प्रशासनिक टीम को देखकर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए चालक मौके से फरार हो गए। छापेमारी के दौरान सरकारी तालाब से अवैध रूप से मिट्टी निकाले जाने की पुष्टि हुई। मौके पर मिट्टी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा खनन कार्य में लगी एक जेसीबी मशीन बरामद की गई। प्रशासन ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार सरकारी तालाब से लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायत के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच की और अवैध खनन में प्रयुक्त मशीनों के खिलाफ कार्रवाई की। एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि सरकारी भूमि एवं तालाबों से अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की जांच कर संबंधित लोगों के विरुद्ध खनन एवं राजस्व नियमों के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## समाजसेवी ने खंभों में लगवाए रिफ्लेक्टर, हादसों पर लगेगी लगाम

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ क्षेत्र के कटघर गांव से निकले गंगा एक्सप्रेस-वे पर डलमऊ मुंशीगंज मार्ग पर बनाए गए पुल के खंभों पर समाजसेवी द्वारा रिफ्लेक्टर लगवाया गया।गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण की कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य तो पूरा कर लिया गया लेकिन गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे से गुजरे डलमऊ मुंशीगंज मार्ग पर बने पुल के खभों पर दुर्घटना से बचाव के लिए संकेतक या रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए। रात के अंधेरे में उचित प्रकाश व्यवस्था रिफ्लेक्टर एवं संकेतक ना होने की वजह से आए दिन कोई ना कोई वाहन इन से टकराने की संभावना बनी रहती है।

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय, पारिवारिक न्यायालय, बाराबंकी नोटिस अन्तर्गत धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता शाहीन बानो आदि बनाम मोहम्मद हसीब वाद सं0-914/2025 अन्तर्गत धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता थाना-सुबेहा जनपद-बाराबंकी।

तारीख पेशी-10/6/2026 विपक्षी का नाम व पता- मोहम्मद हसीब पुत्र स्व. रज्जब अली निवासी ग्राम महुआबोझ थाना कमरौली जिला अमेठी। आपके विरुद्ध इस न्यायालय में धारा-144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत गुजारा भत्ता दिये जाने हेतु उपरोक्त वाद किया गया है। आप दिनांक 18.6.2026 को समय 10:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति आकर लिखित अभिकथन / जवाबदावा प्रस्तुत करे। यदि आप बिना उचित कारण के उपस्थित नहीं होते हैं। तब आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल लायी जायेगी।

**प्रधान न्यायाधीश**
**पारिवारिक न्यायालय, बाराबंकी।**


## कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक-111/न0पं0खिम0/ई-नि0सू0/2026-27 — दिनांकः- 01/06/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में **राज्यवित्त आयोग** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर क्षेत्र खिमसेपुर के विभिन्न वार्डों में नये इण्डिया मार्का हैण्डपम्प अधिष्ठापन का कार्य कराये जाने है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 02/06/2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 23/06/2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता संख्या-SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमिसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 23/06/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक** कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 23/06/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| E-Bid Referance | /न0पं0 खिम0/2026-27 |
|---|---|
| Publish Date And Time For E-Bids | 29.04.2026 10:00 A.M. |
| Last Date Time For Submission of E-Bids | 05.05.2026 02:00 P.M. |
| Date And Time of Opening E-Bids | 05.05.2026 04:00 P.M. |
| Palace Of Opening of E-Bids | Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad |

(डॉ0 लव कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0

(पुष्पराज सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, कायमगंज, जनपद- फर्रु0

पत्रांकः 349/न0पा0परि0का0/सार्व0सू0/ 2026-27 — दिनांक 01/06/2026

### -: नामान्तरण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के सम्बन्ध में आवेदन किया गया है। नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा-147(2) के अन्तर्गत सभी सम्बन्धित को नोटिस निर्गत किया जा चुके है, नामान्तरण पर किसी कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य सहित दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण कर दिया जायेगा।

| क्र0सं0 | भवन संख्या/ मोहल्ले का नाम | वर्तमान में अभिलेखों में अंकित भवन स्वामी का नाम | आवेदक/जिसके पक्ष में नामान्तरण होना है। | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भवन सं0-179/119-A वार्ड सं0-20 मो0 सधवाडा, कायमगंज | श्रीमती प्राची गुप्ता पत्नी श्री दीपक गुप्ता, दीपक गुप्ता पुत्र श्री अरूण कुमार, श्रीमती डिम्पल गुप्ता पत्नी श्री धीरज गुप्ता, श्री धीरज गुप्ता पुत्र श्री बाबूराम (अध्यासी) | दीपक गुप्ता पुत्र श्री अरूण कुमार गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 2 | भवन सं0-870/111N वार्ड सं0-10 मो0 रेलवे रोड, कायमगंज | श्रीमती कृष्णा कुमारी पत्नी श्री पातीराम पुत्री श्री बाबूराम | श्री पातीराम पुत्र श्री रूस्तमलाल व श्री संजय कुमार, श्री अनिल कुमार, श्री प्रशान्त कुमार पुत्रगण श्री पातीराम | विरासतन |
| 3 | भवन सं0-655 वार्ड सं0-08 पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज | सहस्वामी श्रीमती रूपलली पत्नी श्री रामप्रकाश पुत्री श्री बुद्धसेन | श्री अभिषेक राठौर पुत्र स्व0 राकेश चन्द्र राठौर एवं श्री कुमदेश चन्द्र राठौर पुत्र रामप्रकाश राठौर | विरासतन |
| 4 | भवन सं0-133 वार्ड संख्या-22 मोहल्ला जटवारा कायमगंज | श्री अयाज खाँ, श्री रऊफ खां पुत्रगण श्री उमराव बहादुर | श्री कज्जन खाँ पुत्र श्री हाशिम खान | रजि0 बैनामा |
| 5 | भवन सं0-133 वार्ड संख्या-22 मोहल्ला जटवारा कायमगंज | श्री अयाज खाँ, श्री रऊफ खां पुत्रगण श्री उमराव बहादुर | श्रीमती फरजाना बेगम पत्नी श्री कज्जन खॉ | रजि0 बैनामा |
| 6 | भवन सं0-255 का जुज भाग वार्ड सं0-05 मो0 चिलौली ऑ0, कायमगंज | श्री गौतम कुमार, श्री अरविन्द कुमार पुत्रगण श्री कमलेश चन्द्र संरक्षिका माता श्रीमती इंद्रादेवी | श्रीमती संगीता रस्तोगी पत्नी श्री कन्हैयालाल रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 7 | भवन सं0-255 का जुज भाग वार्ड सं0-05 मो0 चिलौली ऑ0, कायमगंज | श्री गौतम कुमार, श्री अरविन्द कुमार पुत्रगण श्री कमलेश चन्द्र संरक्षिका माता श्रीमती इंद्रादेवी | श्रीमती संगीता रस्तोगी पत्नी श्री कन्हैयालाल रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 8 | भवन सं0-255 का जुज भाग वार्ड सं0-05 मो0 चिलौली ऑ0, कायमगंज | श्री गौतम कुमार, श्री अरविन्द कुमार पुत्रगण श्री कमलेश चन्द्र संरक्षिका माता श्रीमती इंद्रादेवी | श्री मनीष रस्तोगी पुत्र स्व0 रामबाबू रस्तोगी | रजि0 बैनामा |
| 9 | भवन/प्लाट सं0-330 वार्ड सं0-15 मो0 चिलौली शहरी, कायमगंज | श्री सफदर अली खाँ पुत्र श्री कुंवर खां | श्री शाहबाज अली खान पुत्र श्री इरशाद अली खॉ | रजि0 बैनामा |
| 10 | भवन संख्या-236 वार्ड संख्या-22 मोहल्ला जटवारा कायमगंज | श्री बुलाकी पुत्र चितर | श्रीमती नर्गिस पत्नी श्री मो0 आसिफ | रजि0 बैनामा + रजि0 वसीयत |
| 11 | भवन सं0-12 वार्ड सं0-16 मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा कायमगंज | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री विमलेश कुमार | श्री कौशल किशोर पुत्र श्री विनय कुमार | रजि0 वसीयत |
| 12 | भवन/प्लाट सं0-447/11-N वार्ड सं0-03 मो0 नोनियमगंज, कायमगंज | श्रीमती कमलेश पत्नी श्री अरविन्द कुमार गौतम (अध्यासी) | श्रीमती पूनम पत्नी श्री बब्लू | रजि0 बैनामा |
| 13 | भवन सं0-200/70 वार्ड सं0-13 मोहल्ला लोहाई कायमगंज | श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामनरायन | श्रीमती पूजा सिंह उर्फ स्मृति सिंह पुत्री श्री राजेन्द्र सिंह पत्नी श्री अंकित सचान | रजि0 वसीयत |
| 14 | वार्ड सं0-02 मोहल्ला याहियापुर कायमगंज | स्वकर | श्री संजीव कुमार माथुर पुत्र श्री महेन्द्र सिंह | रजि0 बैनामा |
| 15 | भवन सं0-154 वार्ड सं0-24 मोहल्ला पाठक, कायमगंज | श्री अतुल कुमार दुबे पुत्र श्री विशेश्वर दयाल | श्रीमती प्रियम्बदा दुबे पत्नी स्व0 अतुल कुमार दुबे, सक्षम दुबे, सार्थक दुबे पुत्रगण स्व0 अतुल कुमार दुबे | विरासतन |
| 16 | भवन सं0-451 वार्ड सं0-10 मो0 रेलवे रोड, कायमगंज | श्री राकेश पुत्र श्री रामभरोसे | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री राकेश कुमार व श्री सन्तोष कुमार पुत्र श्री रमेश कुमार | रजि0 वसीयत |
| 17 | वार्ड सं0-24 मोहल्ला पाठक कायमगंज | स्वकर | श्रीमती रीना गुप्ता पुत्री श्री किशन लाल गुप्ता पत्नी श्री कुलदीप गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 18 | भवन सं0-200/51 वार्ड सं0-23 मो0 नुनहाई, कायमगंज | श्री गिरीश चन्द्र पाल पुत्र श्री सुखवासी लाल | श्रीमती शिम्मीपाल पत्नी श्री रजनीश पाल | रजि0 वसीयत |
| 19 | भवन सं0-19/19 वार्ड सं0-17 मो0 बगिया सोहनलाल, कायमगंज | श्रीमती रामशान्ती पत्नी श्री सूरज प्रसाद | श्री राज कुमार कौशल पुत्र श्री सूरज प्रकाश कौशल | रजि0 वसीयत |
| 20 | भवन सं0-58 वार्ड सं0-16 मो0 बगिया मंगूलाल, कायमगंज | श्री अजय कुमार रस्तोगी पुत्र श्री मुन्नालाल रस्तोगी | श्री अमल रस्तोगी पुत्र श्री अजय कुमार रस्तोगी | रजि0 वसीयत |
| 21 | भवन/प्लाट सं0-117 वार्ड सं0-22 मो0 नोनियमगंज, कायमगंज | श्री जगदीश, श्री हरिश्चन्द्र व श्री सतीश, चन्द्र पुत्र श्री रामचन्द्र | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री सुभाष चन्द्र, श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री अशोक कुमार, श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री विनोद कुमार व श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री सन्त कुमार | रजि0 बैनामा |
| 22 | वार्ड सं0-22 मोहल्ला जटवारा कायमगंज | स्वकर | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री रामकुमार शर्मा, श्रीमती जावित्री पत्नी श्री मनोज कुमार | रजि0 बैनामा |
| 23 | भवन सं0-102 वार्ड सं0-24 मो0 पाठक, कायमगंज | श्री सुरेश चन्द्र पुत्र श्री रामनारायन | श्रीमती सुमन पत्नी सुरेश चन्द्र | रजि0 दानपत्र |
| 24 | भवन सं0-491 वार्ड सं0-08 मो0-पृथ्वीदरवाजा, कायमगंज | श्रीमती विमलेश कुमारी पत्नी श्री शिवशंकर लाल | श्री प्रदीप शर्मा पुत्र श्री सत्यराम | रजि0 बैनामा |
| 25 | भवन सं0-49 वार्ड सं0-25 मो0-बजरिया वृन्दावन, कायमगंज | श्री हरस्वरूप पुत्र श्री मैकूलाल | श्रीमती शोभा वर्मा पत्नी श्री संजीव कुमार वर्मा | रजि0 बैनामा |
| 26 | भवन सं0-55 वार्ड सं0-25 मो0-बजरिया वृन्दावन, कायमगंज | श्री नरेश चन्द्र पुत्र परसादीलाल | श्रीमती शोभा वर्मा पत्नी श्री संजीव कुमार वर्मा | रजि0 बैनामा |
| 27 | भवन सं0-439 वार्ड सं0-03 मो0-बाल्मीकि नगर, कायमगंज | श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री बृजेश कुमार | श्री दिलीप कुमार पुत्र श्री बृजेश कुमार | रजि0 दानपत्र |

(अंशुमान आनंद शुक्ला)
राजस्व निरीक्षक
नगर पालिका परिषद, कायमगंज
जनपद फर्रुखाबाद ।

(डा0 लव कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कायमगंज
जनपद फर्रुखाबाद ।

# डीसीएम-कार की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

▸ सदर कोतवाली की चौकी मानीमऊ कस्बे के निकट की घटना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नेशनल हाईवे पर गलत दिशा से आ रही एक डीसीएम चालक ने अनियंत्रण के कारण सामने से आ रही एक कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरे घायल को गंभीर हालत में उपचार हेतु कानपुर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह नेशनल हाईवे पर एक कार कानपुर की ओर जा रही थी। कार पर कानपुर नगर के थाना शिवली के गांव पुरादेव निवासी 33 वर्षीय विशाल पिहानी निवासी 35 वर्षीय अंबर कटियार 32 वर्षीय रौनक सवार थे। जैसे ही कार सवार कन्नौज के मानीमऊ कस्बे के निकट पहुंचे इसी दौरान गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने सामने से अनियंत्रण के कारण कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में उपरोक्त तीनों युवक कार क्षतिग्रस्त होने के साथ ही गंभीर रूप से घायल हुए। मामले की जानकारी पर मानीमऊ चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डाक्टरों ने उपचार के दौरान विशाल और अंबर को मृत घोषित कर दिया जबकि दुर्घटना में तीसरे घायल रौनक की हालत चिंताजनक होने के कारण हायर हॉस्पिटल कानपुर के लिए भेजा गया है। पुलिस ने घायलों के पास मिले मोबाइल फोन से उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

दुर्घटना में मौत का शिकार हुए उपरोक्त दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे स्थित घटनास्थल से हटवाकर किनारे खड़ा करवाया गया है जिससे यातायात सामान्य हो सका। जिला अस्पताल पहुंचे मृतकों के परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था। दुर्घटना के दौरान से डीसीएम चालक का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया किए परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। बता दें किए नेशनल हाईवे स्थित उपरोक्त घटनास्थल पर मानीमऊ कस्बे से पहले एक कट है जहां से अक्सर वाहनों द्वारा रॉन्ग साइड से वाहनों को मोड़ा जाता है और जो अक्सर हादसे की वजह बनते हैं। इसी कट से डीसीएम का मुड़ना आखिर दो लोगों की मौत का कारण बन गया।

## तालाब बनीं सड़क पर बैठकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

**तिर्वा, कन्नौज।** सड़क पर तालाब का नजारा देखना है तो तिर्वा सुजानसराय मार्ग पर कोतवाली के निकट आ जाइए। बीते वर्षों से एक बड़ी समस्या बन चुका उपरोक्त मार्ग पर जलभराव अब स्थानीय और आवागमन करने वाले लोगों के लिए एक बड़ी परेशानी का सबब बन चुका है। सोमवार को जलभराव की इसी बिकराल समस्या के निदान की लेकर सपाइयों ने सड़क पर भरे पानी में बैठ कर प्रदर्शन किया।
सपा नेता रामसेवक राजपूत के नेतृत्व में सपाई दोपहर कोतवाली के निकट पहुंचे और सड़क पर भरे पानी में ही बैठकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी सड़क पर भरे पानी के सैलाब को तत्काल निकासी की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था किए बीते वर्षों से लगातार उपरोक्त मार्ग पर कोतवाली के निकट जल भराव की विकट समस्या हर साल बारिश के दौरान एक बड़ी परेशानी बन जाती है इतना ही नहीं निकट स्थित कोतवाली तो सड़क से लेकर तालाब की शक्ल में आसानी से नजर आती है।

# आवास विकास कालोनी की समस्याओं पर की चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक में आवास विकास कालोनी की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यहां की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई प्रस्ताव पारित किए। सबसे प्रमुख मुद्दा आवास विकास की सीवर समस्या का रहा। इस संबंध में विचार-विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। इसके अलावा आवास विकास के सेंट्रल पार्क में स्वर्गीय गौतम चतुर्वेदी की स्मृति में एक स्मृति स्थल स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। बैठक में यहां की मूलभूत सुविधाओं, विशेषकर स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था और बंदरों के बढ़ते आतंक से लोगों को राहत दिलाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। समिति ने इन समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका प्रशासन से सहयोग लेने का निर्णय लिया और सभी ने यहां के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष अजय कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि समिति जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय है और जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग करेगी। इस दौरान शिवकुमार दुबे, वेदराम शाक्य, अनुज कुमार दुबे, रमेश चंद तिवारी, राजीव कुमार दुबे, बृजेश शुक्ला, सत्यपाल यादव, राम अवतार, जवर सिंह पॉल सहित कॉलोनी के कई लोग मौजूद रहे।

# नालों से सिल्ट निकालकर सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरस्त करें कर्मचारी : आसमा बेगम



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिये चेयरमैन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते नालों से जेसीबी मशीन लगाकर सिल्ट निकालने का काम शुरू कर दिया गया है। समधन नगर पंचायत की चेयरमैन आसमा बेगम ने बीते दिनों पहले नगर के नालों में भरी सिल्ट की वजह से मोहल्लों में हो रही जलभराव की समस्या के कारण स्थानीय आम लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में हो रही दिक्कतो के मद्देनजर अपनी नाराजगी जताई थी जिसको लेकर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता के निर्देश पर नगर में कूड़े कचरे की बज बजा रहे नालों से सिल्ट निकालने के लिये जेसीबी मशीन के साथ सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर सफाई व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त करने के लिये काम शुरू कर दिया गया है चेयरमैन आसमा बेगम ने बताया कि अभी तो बेमौसम पर हल्की फुल्की बरसात हो जाती है आगे बारिश का महीना आने वाला इसलिए नगर वासियों को जलभराव की समस्या का निराकरण कराना हम सबकी जिम्मेदारी है उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को हिदायत देते हुऐ कहा कि वहां लापरवाही किसी कीमत पर न बरतें नहीं तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी और शासन के स्वच्छता मिशन अभियान के तहत अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर बाबू दीपक श्रीवास्तव, हनीफ अहमद, सफाई नायक नरेश कुमार, सुनील कुमार ,बबलू ,अशोक कुमार, आनंद कुमार मौजूद रहे।

## नंदे नगला भुड़हा में जल निकासी के लिए पक्का नाला बनाने की उठी मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** तालग्राम ब्लॉक के गांव नंदे नगला भुड़हा में जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से पक्का नाला बनाने की मांग की है। गांव के विमलेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पंचायत भवन के पास से निकलने वाला गंदा पानी इमारत की दीवारों को नुकसान पहुंचा रहा है। नाली न होने से घरों का गंदा पानी गलियों और रास्तों पर जमा हो जाता है, जिससे जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इस दूषित पानी और कीचड़ के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों व स्कूली बच्चों के लिए पैदल चलना बेहद कठिन हो गया है।
ग्रामीणों ने मलिकपुर क्षेत्र में नाला निर्माण की स्वीकृति की अपील करते हुए कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई।

# सात आंगनबाड़ी कार्यकत्री व एक सहायिका सेवानिवृत्ति




सेवानिवृत्त कार्यकत्रियों को माला पहनाकर विदाई देते लोग

▸ सीडीपीओ व प्रधान सहायक ने दी विदाई

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सीडीपीओ ने उन्हें उपहार व मिष्ठान खिलाकर भावभीनी विदाई दी। सोमवार को परियोजना बाल विकास पुष्टाहार जलालाबाद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का विदाई समारोह ब्लॉक परिसर के सभागार में आयोजन किया गया। जिसमें सात कार्यकत्रियों चंद्रशीला, सुमन पांडे, लता, मुन्नी देवी, गिरिजा देवी, शांति देवी, हंसमुखी व एक सहायिका रामदेवी का सेवानिवृत होने पर सीडीपीओ शेषमणि यादव व प्रधान सहायक नंदन ने सभी आठ लोगों को उपहार व मिष्ठान खिलाकर भावभीनी विदाई दी और उनके द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना की। इस भावुक क्षण में उनके परिवार के सभी सदस्य विदाई समारोह में मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य सेविका रश्मि शर्मा, अमीषा चौरसिया, गरिमा, पूजा अग्निहोत्री सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# फांसी से लटकता मिला छात्र का शव, कोहराम



**ठठिया,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इंटर के छात्र का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिलने की खबर पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया के गांव टिकौरियनपुर्वा गांव निवासी सरनाम सिंह खेती करते हैं इनके तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। इनमें एक पुत्र मलेशिया जबकि दूसरा दिल्ली रहता है। सरनाम इस दौरान अपने बेटे के पास दिल्ली गए हुए हैं। सबसे छोटा तीसरा पुत्र 16 वर्षीय निखिल क्षेत्र के लवकुश इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र है। ठठिया क्षेत्र में स्थित एक लाइब्रेरी में कोचिंग पढ़ने की बात परिजनों से कहकर सोमवार की सुबह 11 बजे के करीब निखिल अपनी बाइक से घर से निकला था। निखिल कोचिंग नहीं पहुंचा तो कोचिंग में पढ़ने वाले उसके अन्य साथियों ने उसकी जानकारी की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच सायं चार बजे के करीब निखिल के घर से करीब 4 किमी दूर स्थित बिलंदापुर गांव में अखिलेश कुमार के खेत में खड़े एक जामुन के पेड़ से किसी युवक का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है सूचना पर आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस डायल 112 और थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। घटनास्थल के निकट खड़ी बाइक से फांसी के फंदे से लटक रहे युवक की पहचान के लिए परिजनों को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदे से लटक रहे युवक की पहचान निखिल के रूप में की। निखिल की मौत पर परिजनों का हाल बेहाल था और करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था। पिता को भी दिल्ली सूचना दी गई जिसके बाद वह भी मौके के लिए रवाना हो चुके थे। मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी के मुताबिक परिजनों की तहरीर शिकायती पत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बदलते मौसम से बढ़ी मरीजों की संख्या, अस्पतालों में उमड़ रही भीड़



**गुरसहायगंज/कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। तेज धूप, उमस और बीच-बीच में मौसम के बदलते मिजाज के कारण वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, दस्त और पेट संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। चिकित्सक डॉ श्रुति के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव और दूषित खान-पान के कारण लोग विभिन्न मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ताजा एवं स्वच्छ भोजन करने तथा धूप से बचाव करने की सलाह दी है। साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की है। बदलते मौसम के चलते स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क है और लोगों को जागरूक करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि सावधानी और स्वच्छता अपनाकर अधिकांश मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है।



## प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद गुरसहायगंज में हुआ भव्य स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश उद्योग युवा व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करने के उपरांत प्रथम बार नगर आगमन पर अनुराग गुप्ता का व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री संजीव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में व्यापारियों ने फूल–मालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर महामंत्री कमलेश राजपूत, नगर उपाध्यक्ष भूरा कठेरिया, नगर मंत्री आनंद यादव, गंगा सिंह कुशवाहा, नगर प्रवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता, रामपाल, सोहेल कुरैशी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए व्यापारियों के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

# अमृत सरोवरों की प्रगति पर मंत्री असीम अरुण की नजर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री एवं कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण ने सोमवार को जिले में निर्माणाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट के निकट निर्माणाधीन अमृत सरोवर, धीरा ताल तथा वन विभाग के पास बनाए जा रहे अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। इससे भूजल स्तर में सुधार होगा और स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और पूरी पारदर्शिता के साथ कराए जाएं।

▸ सौंदर्यीकरण व पौधरोपण पर जोर

उन्होंने सरोवरों के आसपास स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और पौधरोपण पर विशेष ध्यान देने की बात कही ताकि ये स्थल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकें। इस दौरान विवेक पाठक, अवधेश राठौर, भानु प्रताप सिंह, राम प्रकाश अरुण, जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय समेत संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिंचाई विवाद के बाद किसान लापता

**कन्नौज।** तिर्वा थाना क्षेत्र के बेहरिन गांव में खेत की सिंचाई को लेकर हुए विवाद के बाद एक किसान के लापता होने का मामला सामने आया है। किसान की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर चार लोगों पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बेहरिन गांव निवासी किरन देवी पत्नी बलराम ने बताया कि 28 मई को उनके पति बलराम मक्का की सिंचाई कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के पप्पू पुत्र रूपलाल अंकित पुत्र पप्पू तथा राहुल और रोहित पुत्र प्रमोद कुमार दुबे ने अपने खेत में जबरन सिंचाई कराने का दबाव बनाया।
मना करने पर आरोपितों ने लाठी–डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। किरन देवी का कहना है कि घटना के बाद से उनके पति बलराम लापता हैं और उनका कोई पता नहीं चल सका है।

# जमीनी विवाद में दो भाइयों में खूनी संघर्ष



**इंदरगढ़, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के सहियापुर गांव में जमीनी विवाद ने ऐसा भयावह रूप ले लिया कि एक ही परिवार के दो भाइयों की जान चली गई। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार सहियापुर निवासी सियाराम के पुत्र 55 वर्षीय रामासरे और 50 वर्षीय रामभोले के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार सुबह करीब 9 बजे दोनों भाइयों के बीच फिर कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान रामभोले ने धारदार हथियार से रामासरे पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर तीसरे भाई विवेक और अन्य परिजन घायल रामासरे को उपचार के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई की मौत की खबर मिलने के बाद रामभोले घर पहुंचा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक ही परिवार में कुछ ही घंटों के भीतर दो भाइयों की मौत से गांव में शोक और दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीलम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी हरिश्चंद्र भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर परिजनों से बातचीत की और अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वीर सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा मयंक गुप्ता सम्मानित



**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी मयंक गुप्ता को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों एवं वीर सावरकर हेल्प फाउंडेशन के सहयोग कार्यों में निरंतर सहभागिता के लिए संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारी अध्यक्ष सचिन द्विवेदी व संचालक संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि मयंक गुप्ता द्वारा सदैव वीर सावरकर हेल्प फाउंडेशन के माध्यम से सनातनी बच्चों की शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने वीर सावरकर हेल्प फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था समाज के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं और आगे भी उनका सहयोग संस्था को मिलता रहेगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट! संतोखा टीम को हराकर छिबरामऊ जीता

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

▸ विजेता टीम को साइकिल व ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

क्षेत्र के ग्राम निजामपुर, बिराहिमपुर में क्रिकेट युवा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें पुर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया सोमवार को निजामपुर, बिराहिमपुर में आयोजित क्रिकेट युवा महोत्सव के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला संतोखा क्रिकेट टीम और छिब्रामऊ की टीम के बीच खेला गया। मैच के दौरान अरविंद सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल को खेल की भावनाओं के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं, इसलिए युवाओं को खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

फाइनल मुकाबले के समापन पर विधायक ने विजेता टीम को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक के हाथों सम्मान प्राप्त कर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों में उत्साह का माहौल बना रहा और खिलाड़ियों ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन कर सभी का मनोरंजन किया। संतोखा क्रिकेट टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 16 ओवर में 83 रन बनाये और बाद में जबाब में उतरी छिबरामऊ टीम ने 13 ओवर में 84 रन 9 विकेट खोकर मैच जीता लिया छिबरामऊ टीम के खिलाड़ी शंकर राजपूत ने 4 विकेट लिए और अपनी टीम के लिए 17 रन बनाए जिसपर उन्हें मैंन ऑफ द मैच बने विजेता टीम छिबरामऊ को साइकिल भेट की गई और उपविजेता टीम संतोखा को 2100 रूपये देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह लालू यादव, कमेटी अध्यक्ष सर्वेश चंद्र सिंह, अर्पित शुक्ला, देवेंद्र प्रधान लाखन जितेंद्र यादव डॉ धमेन्द्र प्रताप सिंह दिनेश चंद्र कुलदीप सिंह, श्यामबाबू यादव, प्रदीप सिंह, अजय यादव, बीरेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, उपेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राहुल सिंह, अतुल सिंह, सुमित सिंह, अजय प्रताप, विपेन्द्रर सिंह, अनूप सिंह, सारांश यादव, छबिराम यादव, अनुराग यादव, प्रशांत यादव, शानू यादव, आकाश यादव, सचिन, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## अधिकारों को लेकर 14 जून को लखनऊ में होगी महापंचायत



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ द्वारा सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों और अधिकारों को लेकर 14 जून को लखनऊ के लालबाग स्थित नगर निगम परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें प्रदेश भर के सफाई कर्मचारियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा सिंह वाल्मीकि ने सफाई कर्मचारी भाइयों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जब तक सफाई कर्मचारी संगठित होकर अपनी आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। महापंचायत में प्रमुख रूप से ठेका प्रथा समाप्त करने, संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने तथा स्थायी कर्मचारियों के लिए पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांगों को उठाया जाएगा। संगठन का कहना है कि वर्षों से सफाई कर्मचारी इन मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और अब उन्हें न्याय दिलाने के लिए व्यापक आंदोलन की आवश्यकता है। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे सफाई कर्मचारी समाज की है। इसलिए सभी कर्मचारियों से समय निकालकर बैठक में शामिल होने और अपनी एकजुटता का परिचय देने की अपील की गई है। उन्होंने नगर सहित जनपद के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारी संख्या में पहुंचने की अपील की है उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रभाकर दुबे व उसकी पत्नी बर्तिका का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण इन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी विधिक या अविधिक कार्य, लेन देन की मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**आलोक दुबे, पुत्र सुरेंद्रनाथ दुबे निवासी ग्राम बीबीपुर पोस्ट सकरावा, तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# शराबी देवर ने भाभी पर टकोरे से किया हमला, घायल


अस्पताल में भर्ती महिला


जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

घर में सिलाई करते समय शराबी देवर ने भाभी पर टकोरे से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में महिला को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

> पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेम नगर निवासी कल्पना कोरी उम्र 22 अपने बच्चे रितेश, व रितु के साथ घर पर रहती है। कल्पना का पति नोयडा में सिलिंग का काम करता है। कल्पना घर पर सिलाई की मशीन चलाकर गाँव की मोहिनी का सूट सिल रही थी। इसी दौरान घर पर मौजूद देवर चरनसिंह कोरी ने अपनी भाभी से मशीन बन्द करने की बात कहते हुए गाली-गलौज करने लगा, तभी भाभी कल्पना ने पति गेदालाल कोरी को फोन मिलाकर देवर की शिकायत की। गुस्साए पति ने अपने छोटे भाई चरन सिंह को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद देवर चरन सिंह घर से बाहर चला गया और शराब पीकर दोबारा से घर लौटा। घर आते ही उसने घर मे रखे गड़ासे से भाभी कल्पना के सिर और शरीर पर कई वार किए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुँचे और कल्पना को लहुलुहान अवस्था में पाया। आरोपी देवर काफी देर तक हाथ में गड़ासा लेकर आसपास घूमता रहा। आसपास के लोगों की मदद से प्रधान प्रतिनिधि शिवम यादव ने गम्भीर अवस्था में कल्पना को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इ्चार्ज अंकुर भाटी, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी सहित पुलिस बल के साथ घटना स्थल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर जाँच पड़ताल की। वहीं ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी चरन सिंह को गिरफ्तार करने के लिए दविश दी जा रही है।

# प्राथमिक विद्यालय से सामान व अभिलेख चोरी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के नगला सुरजन स्थित प्राथमिक विद्यालय को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया।

रविवार को चोर विद्यालय की बाउंड्रीवाल कूदकर परिसर में घुसे और कमरों के ताले तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापिका प्रतिभा चौहान ने बताया कि गांव के कोटेदार ने फोन कर सूचना दी कि खेत में विद्यालय का गैस सिलेंडर, एक अभिलेख रजिस्टर और स्पोर्ट्स किट का बैग पड़ा मिला है।

रजिस्टर में विद्यालय के शिक्षामित्र पवन पाल का नाम दर्ज होने पर इसकी जानकारी स्कूल प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने पर प्रधानाध्यापिका विद्यालय पहुंचीं और पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। तहरीर में बताया गया है कि विद्यालय से एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, तीन माह का राशन, स्पोर्ट्स किट, समर पाइप, साउंड सिस्टम, स्टेशनरी किट, गणित किट, आंगनबाड़ी व बाल वाटिका किट, डस्टबिन, स्कूल रजिस्टर समेत अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख और शैक्षिक सामग्री चोरी हो गई है। विद्यालय में हुई चोरी की घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


चोरों द्वारा फैलाया गया सामान

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र ग्राम भूलनपुर चिरपुरा निवासी 60 वर्षीय राज बहादुर कठेरिया की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। राज बहादुर बीते दिन बेटी के यहां गए थे।

वापस लौटते समय उन्होंने ग्राम कैलाशपुरी पाल का नगला निवासी इंद्र बहादुर पाल की खोखा परचून की दुकान पर मोबाइल व खरबूजे रखें और यह कहकर चले गए कि कमालगंज जा रहे हैं। राजबहादुर का शव सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज भोजपुर के पीछे रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। शव पड़ा देखकर ग्रामीणों एवं रेलवे ट्रैकमैन ने पुलिस एवं परिजनों को सूचना दी। रेलवे ट्रैक मैन पर गांव वालों ने राज बहादुर को पहचान की और परिजनों को जानकारी दी।

सूचना मिलने पर राज बहादुर का बेटा सुनील आदि परिजन मौके पर पहुंचे। बताया गया कि नशा करने के आदी राज बहादुर चंडीगढ़ में नौकरी करते थे। वह बीते दिनों घर आए थे। राजबहादुर के सिर में घाव था। अनुमान लगाया गया कि उनकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। भोजपुर चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार ने शव का पंचनामा की कार्रवाई की।

# डीएम ने की गो आश्रय स्थलों की समीक्षा, बसेली सचिव का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गो आश्रय स्थल जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, संरचनात्मक सुविधाओं, गोवंश संरक्षण, वित्तीय प्रबंधन तथा संचालित कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की समस्त गौशालाओं में आगामी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारी सुनिश्चित की जाए तथा तीन दिवस के भीतर कार्ययोजना सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। समीक्षा के दौरान गौशाला कड़ियोली एवं मौधा में भूमि ऊसर होने के कारण लगाए गए पौधों के सूखने की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को भूमि उपचार एवं पौधों की बेहतर वृद्धि हेतु आवश्यक तकनीकी एवं सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी पाया गया कि गैर सरकारी संस्था एनजीओ द्वारा संचालित गौ आश्रय स्थल सितवनपुर पिथू एवं सुल्तानपुर पलनापुर का संचालन संतोषजनक नहीं है। इस पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से इन गौ आश्रय स्थलों का संचालन संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए, जिससे व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा सके।


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विकास खंडों में संचालित प्रत्येक गौशाला का सप्ताह में कम से कम एक बार निरीक्षण करें तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं, पशुओं के स्वास्थ्य, चारे, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का नियमित रूप से परीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान गौ आश्रय स्थल बसेली में नोडल अधिकारी के निरीक्षण के समय अभिलेख उपलब्ध न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी बढ़पुर को गौ आश्रय स्थल नेपुरखुर्द के संपर्क मार्ग की खराब स्थिति के संबंध में तत्काल ब्लॉक प्रमुख से समन्वय स्थापित कर मार्ग को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। जिससे आवागमन एवं व्यवस्थाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो। गौ आश्रय स्थल भरतामऊ में विद्युत कनेक्शन न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित खंड विकास अधिकारी को दस दिवस के भीतर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में बृहद गौ संरक्षण केंद्र पहाड़पुर के गोपालकों को पिछले छह माह से मानदेय का भुगतान न होने का मामला भी सामने आया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि दो दिवस के भीतर संबद्ध ग्राम पंचायतों से एसएफसी पूलिंग की धनराशि एकत्रित कर सभी गोपालकों के लंबित मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि गोवंश संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा गौ आश्रय स्थलों के संचालन में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद व विधायक ने 3.41 किमी सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया शिलान्यास

> भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में शेरपुर सराय से उदरनपुर, गोसाईदासपुर, सदरियापुर होते हुए जीटी मार्ग तक जाने वाले 3.41 किलोमीटर लंबे जिला मार्ग संख्या 109-सी के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का सांसद व विधायक ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत रहे। भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।


सड़क का शिलान्यास करते सांसद व विधायक

अतिथियों ने भूमि पूजन और नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीणों को बेहतर संपर्क मार्ग मिलेगा, जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान हो जाएगी। विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गांवों के विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर राजेश वर्मा, बब्बा दुबे, देवदत्त राजपूत, राजेश प्रताप, प्रदीप सिंह, गोल्डी ठाकुर, अतुल चौहान, तरुण माहेश्वरी, सदन दुबे मौजूद रहे।

# मां ने पुत्रों पर दीवार तोड़ने व मारपीट की धमकी देने का लगाया आरोप

> जान का खतरा बताकर कार्रवाई की मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव के कुछ लोगों पर घर की दीवार तोड़ने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी कृपाल सिंह पुत्र बाबूराम ने प्रभारी निरीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके दो बड़े भाइयों से जान को खतरा बना हुआ है। पीड़ित के अनुसार संबंधित मामला पूर्व से न्यायालय में विचाराधीन है, जिसके चलते विपक्षी पक्ष उससे रंजिश मानता है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि शनिवार सुबह करीब छह बजे उसके दो भाई एकजुट होकर उसके भाई लोकपाल के मकान पर पहुंच गए। वहां आरोपियों ने मकान की दीवार तोड़ दी और परिवार के साथ वह छोटे भाई लोकपाल के साथ रह रही मां उर्मिला देवी से अभद्रता की। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय परिवार के लोग भयभीत हो गए। उसकी मां उर्मिला ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी लगातार दबाव बना रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफसख्त कार्रवाई किए जाने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पीड़ित कृपाल की मां उर्मिला देवी ने बताया कि उनके दबंग दो बड़े बेटों ने घर में अपना ताला डाल दिया है और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसने बताया कि उसके 6 पुत्र हैं जिनमें सभी को बराबर बराबर जमीन दी गई है और सभी अलग-अलग रह रहे हैं। इसके बावजूद दो दबंग बेटे अवैध रूप से उसके मकान पर निहास खोदकर कब्जा कर रहे हैं। जिसे तत्काल रुकवाया जाए। बताया कि इस संबंध में पुलिस से शिकायत भी की गई है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे उसके साथ उसके दबंग बीते कोई भी अद्रिय घटना भी कर सकते हैं। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमओ डॉ. आनन्द उपाध्याय ने कार्यभार किया ग्रहण

## डॉ. अवनीन्द्र कुमार का संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण महानिदेशालय, लखनऊ तबादला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन ने स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर डा0 आनंद उपाध्याय की नियुक्ति की है। वर्तमान सीएमओ डॉ0 अवनीन्द्र कुमार का तबादला कर उन्हें संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण महानिदेशालय, लखनऊ भेजा गया है। डॉ. आनंद उपाध्याय वर्तमान में जालौन जनपद में चिकित्साधीक्षक के पद पर कार्यरत थे।


सीएमओ डॉ. आनन्द उपाध्याय

शासन द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार उन्हें अब जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने 4 जुलाई 2022 को फर्रुखाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यभार संभाला था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया। अब उनके स्थानांतरण के साथ जिले के स्वास्थ्य प्रशासन में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। नए सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय के सामने ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने, सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती होगी।

डॉ. आनंद उपाध्याय फर्रुखाबाद पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने सभी के सहयोग से गरीबों को स्वास्थ्य लाभ देने व खामियां उजागर करने की बात कही।

# इटावा-बरेली हाइवे पर बाइक सवार बदमाशों ने महिला से की लूट

> पुत्र के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी महिला
> अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुत्र के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रही महिला से इटावा-बरेली हाइवे पर दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर सोने की चैन लूट ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।


डबरी चौकी पर मौजूद पीड़िता


जांच करते अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ

जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के मसेनी निवासी अनीता शुक्ला अपने पुत्र राहुल शुक्ला के साथ बाइक से शाहजहांपुर के जलालाबाद में रिश्तेदारी जा रही थीं। रामगंगा पुल से पहले राहुल ने लघुशंका के लिए बाइक रोकी, उसकी मां अनीता बाइक के पास खड़ी थीं। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए, जिसमें एक ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि दूसरे ने गमछे से चेहरा ढका हुआ था। उन्होंने अनीता शुक्ला के गले से सोने की चेन तोड़ ली। जब अनीता ने विरोध किया, तो एक बदमाश ने तमंचा निकाल कर महिला व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही राजेपुर पुलिस व सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाने के दरोगा आशुतोष कुमार को घटनास्थल से एक कारतूस भी बरामद हुआ है।

पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद रामगंगा पुल की ओर भाग गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। डबरी चेक पोस्ट और शाहजहांपुर जनपद के हुल्लापुर चौराहा पर लगे कैमरों की पड़ताल की जा रही है।

# यूपी बोर्ड के 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को कलेक्ट्रेट में किया गया सम्मानित

> जनपद का नाम रोशन करने पर मिली सराहना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मानार्थ कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, सम्मानित छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोकभवन, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया। समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने का दृश्य देखकर छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं गौरव की भावना देखने को मिली। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के कुल 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को शासन के निर्देशानुसार सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन एवं लगन का परिणाम है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि जनपद के मेधावी छात्र-छात्राएं प्रदेश एवं राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, सकारात्मक सोच एवं उच्च लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि सतत परिश्रम और दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा करने की शुभकामनाएं दीं। विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास एवं समाज के उत्थान का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों को अपनाने का आवाह्न किया तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की। जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनपद के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त की गई यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने तथा अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समारोह के दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले कुल 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को 21,000 की प्रोत्साहन धनराशि, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी एवं गर्व स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। अतिथियों ने विद्यार्थियों की सफलता में योगदान देने वाले शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों के पीछे उनके मार्गदर्शन, सहयोग और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को निरंतर प्रोत्साहित करने का संकल्प व्यक्त किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।


मेधावी छात्रा को सम्मानित करती डीएम मौजूद जनप्रतिनिधि


मुख्यमंत्री को सुनते अधिकारी व जनप्रतिनिधि

# संस्कार भारती की 10 विधाओं में प्रशिक्षण से निखर रहा बच्चों का हुनर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय संस्था संस्कार भारती अब बच्चों को केवल सैद्धांतिक शिक्षा नहीं, बल्कि 10 अलग-अलग विधाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। संस्था की सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला में बच्चियां रोजगारपरक कौशल सीखकर अपने भविष्य को संवार रही हैं।

कार्यशाला में छात्राओं को ब्लाउज, कमीज़, फैशनेबल फ्रॉक और फ्रॉक सूट की कटिंग से लेकर पूरी सिलाई प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चियों को छोटे स्तर पर भी अपना काम शुरू करने योग्य बनाना है।

सिलाई कार्यशाला का संचालन प्रशिक्षिका पारुल सैनी और पद्मावती त्रिवेदी मिलकर कर रही हैं। दोनों के मार्गदर्शन में लगभग 67 बच्चियां सिलाई कला सीख रही हैं। प्रशिक्षिकाओं का कहना है कि यह कार्यशाला बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

**यहां सीखकर हम खुद का काम शुरू कर सकती हैं**

**सिलाई से आत्मनिर्भर बन रहीं छात्राएं**

कार्यशाला में प्रशिक्षण ले रही महिमा, शशि, जोया, उजमा, स्वाति, वर्षा सहित अन्य छात्राओं ने बताया कि वे संस्कार भारती की इस कार्यशाला का सालभर इंतजार करती हैं।

छात्राओं का कहना है कि यहां मिलने वाला प्रशिक्षण उन्हें न केवल सिलाई में निपुण बना रहा है, बल्कि भविष्य में अपने पैरों पर खड़ा होने का आत्मविश्वास भी दे रहा है।


सिलाई का प्रशिक्षण लेती छात्रायें

**10 विधाओं में मिल रहा प्रशिक्षण**

संस्कार भारती केवल सिलाई तक सीमित नहीं है। संस्था बच्चों को कथक, मेहंदी, सौंदर्य कला, चित्रकला, डिजाइनर सिलाई, हस्तकला, ढोलक, लोक नृत्य कला और मूर्ति कला जैसी 10 विधाओं में भी प्रशिक्षण दे रही है।

इससे बच्चे अपनी रुचि के अनुसार कला सीखकर हुनर को पेशा बना सकते हैं।

**पदाधिकारियों का मिल रहा पूरा सहयोग**

कार्यशाला की व्यवस्था में सुरेंद्र पांडेय, अनुराग अग्रवाल, गौरव मिश्रा बंटी, अरविंद दीक्षित, समरेंद्र शुक्ला, रवींद्र भदौरिया, कुलभूषण श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। संस्था का मानना है कि इन कार्यशालाओं से बच्चे शिक्षा के साथ-साथ कौशल भी अर्जित कर भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

# नाला चोक होने से गुदड़ी रोड पर हुआ जलभराव, लोग परेशान

## हल्की बारिश में ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला नाला मछरटटा गुदड़ी रोड को जाने वाले मार्ग पर बना अंडरग्राउंड नाला चोक हो गया। सोमवार को हुई बारिश के बाद जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़क पर पानी भरने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मामले की सूचना पर नगर पालिका के कर्मचारी जेसीबी मशीन तथा पानी निकासी के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने नाले से जुड़े चैंबर को तुड़वाकर सफाई कार्य शुरू किया। नगर पालिका कर्मियों ने बताया कि नाले की सफाई का कार्य कराया जा रहा है और जल्द ही जल निकासी व्यवस्था को सुचारु कर दिया जाएगा। लोगों से अपील की कि नालों में कूड़ा-कचरा और कपड़े आदि न डालें, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं उत्पन्न न हों। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नाले में आए दिन कपड़े, अन्य कूड़ा-कचरा फंस जाने के कारण जल निकासी बाधित हो जाती है।


नाला मछरटटा गुदड़ी मार्ग पर भरा गंदा पानी

## स्वास्थ्य विभाग के सहायक कर्मी विजय हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई


विदाई समारोह के दौरान मौजूद विजय पाल व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वास्थ विभाग में कार्यरत विजय पाल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। सोमवार को लोहिया सभागार में साथियों ने विजय पाल को विदाई दी। कार्यालय में सहायक पद पर तैनात विजय पाल का सेवानिवृत्त होने पर संगठन के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। लोहिया चिकित्सालय के सीएमएस व महिला चिकित्सालय की सीएमएस के अलावा डॉ. दलवीर सिंह, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. जय सिंह ने उन्हें सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनायें प्रेषित की। अभिषेक बाजपेयी, मनोज कुमार, विजय शंकर तिवारी, मुकेश कुमार त्रिपाठी व राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री एवं संयुक्त संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित व रामलड़ैते, संजय, पवन आदि ने फूल माला से विजय पाल का सम्मान किया और विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया।

# पुलिस के चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में मचा हड़कंप

**▸ कई वाहनों के किये गये चालान**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे और अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहनों चालकों पर कार्यवाही की गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, कांस्टेबिल सचिन, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, मुंशी रवेन्द्र कुमार के साथ नगर के पुल गालिव पुलिया तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, अधूरे दस्तावेज वालों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस की सख्ती देख कई वाहन चालक शार्टकट रास्तों से या वाहन मोड़कर भागते नजर आए। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने चालकों को समझाया कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन अब किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा। कस्वा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी ने कहा कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह के सघन चेकिंग अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों पर नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।


चेकिंग अभियान चलाती पुलिस

# जनपद में 4 जून को आयेंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**▸ गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा की तैयारियां जोरों पर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा 4 जून को जनपद फर्रुखाबाद में आयेगी। 3 जून से शुरु होकर यात्रा 4 जून को फर्रुखाबाद पहुंचेगी।

जिसमें जिला संयोजक अंकित तिवारी के नेतृत्व में लोग यात्रा का स्वागत करेंगे। छिबरामऊ जहानगंज होते हुए बघार से फतेहगढ़ मार्ग पर यात्रा आयेगी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज गौवध रोकने के लिए लोगों को जागरुक करेंगे और सरकार से मांग करेंगे कि गौमाता को राष्ट्रमाता एवं राज्य माता घोषित किया जाये। 4 जून को यात्रा शहर के मुख्य मार्गो पर जायेंगी और गुरुगांव देवी मंदिर प्रांगण में सभा होगी। जहां भक्तों को शंकराचार्य संबोधित करेंगे। यह यात्रा 81 दिन तक चलेगी। 4 जून को रात्रि विश्राम मोहम्मदाबाद में होगा और 5 जून को यात्रा बेवर होते मैनपुरी के लिए प्रस्थान करेगी। जिसकी तैयारियों को लेकर शहर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। फर्रुखाबाद व फतेहगढ़ क्षेत्र में लोग यात्रा का आगमन करते हुए स्वागत करेंगे।


जानकारी देते अंकित तिवारी

# नगर पालिका में आवंटन विवाद पर हंगामा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

**▸ 15 दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

नगर पालिका परिषद में सरकारी भूमि के आवंटन को लेकर सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और राष्ट्रीय लोकदल के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष श्रेयस द्विवेदी एडवोकेट (गुड्डा) के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। मामला थाने के पास स्थित पालिका की दुकानों के बीच खाली पड़ी लगभग ढ़ाई फुट भूमि के आवंटन से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार कानपुर टेलर के नाम से दुकान संचालित करने वाले मोहम्मद शमी पुत्र अब्दुल रशीद को वर्ष 2022 में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार केसरवानी द्वारा उक्त भूमि आवंटित की गई थी। इस आवंटन को लेकर विभिन्न संगठनों ने आपत्ति जताते हुए इसे नियम विरुद्ध बताया है। सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष श्रेयस द्विवेदी, नव हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम बाजपेई एडवोकेट तथा भारतीय किसान यूनियन (किसान) संगठन के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में कई लोग नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे से मुलाकात कर आवंटन को निरस्त करने की मांग की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई, हालांकि मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया।

अनुपम बाजपेई और राजा शुक्ला ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर भूमि आवंटन निरस्त नहीं किया गया तो नगर पालिका परिषद में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी भूमि का आवंटन नियमों के विपरीत किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# राजस्व कर्मियों व पुलिस पर खड़ी फसल नष्ट करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**▸ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को पुंथर देहमाफी गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा कि राजस्व कर्मियों और पुलिस ने उनकी खड़ी फसलें नष्ट करने का प्रयास किया। राजस्व कर्मियों का कहना है यह जमीन वन विभाग को दे दी गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि तत्कालीन एसडीएम द्वारा कई साल पहले उन्हें यह जमीन दी गई थी, जिस पर वे खेती करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि 30 मई को कायमगंज तहसील से राजस्व कर्मी और पुलिस बल गांव पहुंचा और उनकी खड़ी फसलों को नष्ट करने का प्रयास किया। राजस्व कर्मियों ने दावा किया कि यह भूमि वन विभाग की है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कायमगंज तहसील क्षेत्र के पुन्थर देहमाफी ग्राम पंचायत, सिनौली ब्लॉक के निवासी हैं। लगभग 50 वर्ष पूर्व गंगा नदी में उनकी कृषि भूमि समाहित हो गई थी, जिससे वे बेघर और भूमिहीन हो गए थे। उस समय तत्कालीन कायमगंज एसडीएम और राजस्व कर्मियों ने उन्हें कटरी क्षेत्र में अस्थायी रूप से कृषि भूमि दी थी, जिस पर वे अपने पूर्वजों के समय से खेती कर रहे हैं। वर्तमान में इस भूमि पर गन्ना और मक्का की फसलें खड़ी हैं। 30 मई को करीब 11 बजे कायमगंज तहसील के राजस्व कर्मी पुलिस बल, जेसीबी और ट्रैक्टर के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज की और खड़ी फसलों को नष्ट करने का प्रयास किया। ग्रामीणों के विरोध करने पर राजस्व कर्मियों ने धमकी दी कि यह भूमि शासन ने वन विभाग को दे दी है और वे वन विभाग को कब्जा दिलाकर रहेंगे। विरोध करने पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने और जेल भेजने की भी धमकी दी गई। ग्रामीणों ने उनकी जमीन की पैमाइश कराकर उन्हें वापस दिलाये जाने की मांग की है। वहीं जो जमीन वन विभाग को दी गई है उसकी पैमाइश शुरू कराई जाए।


जानकारी देते ग्रामीण

## भाकियू महात्मा टिकैत ने दिया धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नंदगांव में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के बैनर तले किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर करीब तीन घंटे धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में किसान और महिला किसान शामिल रहीं। किसानों ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि गंगा एक्सप्रेस-वे लिंक रोड के कट की जद में आ रहे नंदगांव के मकानों को बचाया जाए। साथ ही नीव करोरी, हथियापुर और निविया चौराहे पर प्रस्तावित घुमावदार कटों को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर समांतर बनाया जाए। इसके अलावा पृथ्वी सिनौडा क्षेत्र की चकबंदी निरस्त करने की भी मांग उठाई गई। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, अपराध निरीक्षक मुन्ना लाल यादव तथा चौकी प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। एसडीएम सदर गजराज सिंह यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को प्रशासन के समक्ष भेजा जाएगा और उच्च स्तर से प्राप्त निर्णय से उन्हें अवगत कराया जाएगा। किसान यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# इंजीनियरिंग कॉलेज को मिला राष्ट्रीय स्तर 59वां स्थान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**▸ उत्कृष्टता का बेहतर प्रदर्शन करने पर तिर्वा इंजीनियरिंग कॉलेज को मिली उपलब्धि**

अखिल भारतीय स्तर पर 59वीं रैंक और प्रदेश में 10 वां स्थान पाने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज तिर्वा ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का बेहतर प्रदर्शन करते हुए ख्याति प्राप्त की है।

निदेशक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया किए संस्थान में प्रदेश के कई प्रतिष्ठित और लंबे समय से स्थापित संस्थानों को पीछे छोड़कर उपरोक्त स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग के अनुसार आईईसीए कन्नौज के आईईटी लखनऊ ;राज्य रैंक 12 केएनआईटी सुल्तानपुर राज्य रैंक 17 और डीटीटीआई ग्रेटर नोएडा राज्य रैंक 14 जैसे संस्थानों से कॉलेज नई बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के दूरदर्शी नेतृत्व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अनुसंधान गतिविधियों, उत्कृष्ट प्लेसमेंट नवाचार, उद्योग संस्थान सहयोग और छात्र केंद्रित शैक्षणिक वातावरण को दिया है। निदेशक ने इसे सभी शिक्षकों, अधिकारियों कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का भी परिणाम बताया। उनका कहना था किए कॉलेज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है और भविष्य में बेहतर रैंकिंग के लिए प्रतिबद्ध है।

रैंकिंग प्रणाली में डॉ. आकाश अग्रवाल ने बताया किए बीते कुछ वर्षों में संस्थान ने अनुसंधान प्रकाशनों, पेटेंट, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट, नवाचार गतिविधियो, छात्र उपलब्धियों, और संस्थान गुणवत्ता सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी का सकारात्मक प्रभाव राष्ट्रीय रैंकिंग में परिलक्षित हुआ है।



# पंचायत सहायक कर्मचारियों ने मानदेय बढ़ाने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष विवश्वत सिंह उर्फ दीपक गंगवार ने अपने साथियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन पंचायत राज अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि ग्राम पंचायतों में विभिन्न डिजिटल, प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों का निरंतर निर्वहन कर रहे हैं। पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, किन्तु वर्तमान मानदेय एवं सेवा शर्ते अत्यंत अपर्याप्त एवं असंतोषजनक हैं। पंचायत सहायकों को मात्र 6000 प्रतिमाह मानदेय प्राप्त हो रहा है, जो वर्तमान महंगाई एवं जीवन-यापन की आवश्यकताओं को देखते हुए अत्यंत कम है। ऐसे में एक परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक खर्चों का वहन कर पाना अत्यंत कठिन हो गया है। परिणामस्वरूप पंचायत सहायकों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मानदेय बढ़ाया जाये। जो ग्राम पंचायत सचिव के समकक्ष 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाये। प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम कुशल मजदूरी दर लागू की जाए। पंचायत सहायकों की अनुबंध प्रणाली समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली बनाई जाए। विवाह उपरांत महिला पंचायत सहायकों हेतु स्थानांतरण/समायोजन नीति लागू की जाए। ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। पंचायत सहायकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए। यदि निर्धारित समयावधि में मांगों पर उचित विचार एवं आवश्यक कार्यवाही नहीं की जाती है, तो अपनी समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करने हेतु समस्त पंचायत सहायक 15 जून को ईको गार्डेन, लखनऊ में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन देने वालों में दीपक गंगवार, शुभम गंगवार, अभिषेक कुमार, दीपाली गंगवार, रुपाली कटियार, हेमंत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन सौंपते लोग

## कांग्रेस आज मुख्यमंत्री को भेजेगा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 2 जून दिन मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा शुभम तिवारी सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जायेगा। जिसमें जिले की स्वास्थ्य व्यस्तता से संबंधित महत्वपूर्ण मांगें शामिल होंगी। यह जानकारी शुभम तिवारी ने दी है।

## राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी पर विचार विमर्श करने हेतु 3 जून को समय शाम 5 बजे स्थान सातनपुर मंडी रोड कटियार कोल्ड स्टोर के पास होगी। जिसमें महत्वपूर्ण सुझाव रखे जायेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित ने दी है।

# महिला सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ स्थित एक ब्यूटी सैलून एवं पार्लर की ओर से महिला सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित करना था। आयोजक एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आरुषि मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिला सम्मान, सुरक्षा एवं आत्मविश्वास के महत्व के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता अधिवक्ता शिवेंद्र मोहन मिश्रा ने महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों, महिला अधिकारों एवं कानूनी सहायता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कानून उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी, महिला संयुक्त सचिव प्रियंका अग्निहोत्री, अधिवक्ता कृतिका शुक्ला, शिवानंद मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने मिशन शक्ति अभियान, महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा एवं महिला संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। आयोजक आरुषि मिश्रा ने कहा कि महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सरकार द्वारा मनोनीत सभासदों को एसडीएम ने दिलायी शपथ


शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद सभासद व जनप्रतिनिधि

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत मोहम्मदाबाद में शासन द्वारा मनोनीत सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सदर गजराज सिंह ने मनोनीत सभासद सोमन चतुर्वेदी, रामदत्त गौतम एवं प्रेमचंद्र पाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद नवमनोनीत सभासदों ने नगर के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा नगर पंचायत के कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, अधिशासी अधिकारी रामानंद यादव, डॉ0 मोहित यादव सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के विकास कार्यों, जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। शपथ ग्रहण समारोह शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# उमांजलि नृत्य अकादमी का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कृति विभाग की कथक नृत्यांगना अंजलि चौहान के मार्गदर्शन में कथक और शास्त्रीय कला के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से उमांजलि नृत्य अकादमी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में भारतीय नृत्य अकादमी के सदस्य सुरेन्द्र पाण्डेय, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, रश्मि सिंह, अंशु चौहान, मीना चौहान, गोविन्द यादव आदि ने इस पहल की सराहना की। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शास्त्रीय कलाएं बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं अनुशासन को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। कथक नृत्यांगना अंजलि चौहान ने बताया कि बच्चों के लिए 15 दिवसीय कथक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को कथक नृत्य की मूलभूत तकनीकों, भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध विरासत से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कथक केवल एक नृत्य शैली नहीं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम है। इससे बच्चों की मंचीय प्रस्तुति क्षमता में वृद्धि होती है तथा भविष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और कला के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं।


प्रमाण पत्र के साथ कथक छात्रायें

## समय रहते बाहर निकलने से चालक और मालिक की बची जान

# चलती कार में उठी चिंगारी, कुछ ही मिनटों में आग का गोला बनी इग्निस

- सुनसी मोड़ के पास हाईवे पर मचा हड़कंप
- फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले जलकर खाक हुई कार



**समृद्धि न्यूज़, ओयल (खीरी)।** सीतापुर-लखीमपुर नेशनल हाईवे पर दोपहर एक चलती मारुति इग्निस कार अचानक आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही मिनटों में आग का गोला बन गई। घटना से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। कार में सवार चालक और मालिक ने धुआं उठता देख तत्काल वाहन रोककर बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग पर काबू पाने से पहले पूरी कार जलकर खाक हो गई। घटना ओयल चौकी क्षेत्र के सुनसी मोड़ के पास दोपहर करीब 12:20 बजे की है। जानकारी के अनुसार राजकुमार पुत्र सुकई निवासी सरपतहा, थाना ईसानगर ने कुछ दिन पहले मारुति इग्निस (यूपी 34 एवी 3839), मॉडल 2019 खरीदी थी। वाहन के स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया के लिए वह चालक सुधाकर के साथ खैराबाद आरटीओ कार्यालय गए थे। वहां से लौटते समय सुनसी मोड़ के पास अचानक कार से धुआं निकलने लगा। राजकुमार के मुताबिक धुआं उठता देख चालक ने तुरंत कार सड़क किनारे रोक दी। दोनों लोग बाहर निकल आए। इसके कुछ ही क्षण बाद कार में आग लग गई और लपटें तेजी से फैल गईं। देखते ही देखते पूरा वाहन आग की चपेट में आ गया। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने आग की भयावहता देख दूरी बना ली और मौके पर भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही ओयल पुलिस मौके पर पहुंची। आग की तीव्रता को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया, ताकि कोई अन्य वाहन दुर्घटना का शिकार न हो। करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में स्थिति सामान्य होने पर आवागमन बहाल किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दे दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंच सका। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि दमकल समय पर पहुंच जाती तो नुकसान कुछ कम हो सकता था। प्रारंभिक तौर पर कार में आग लगने की वजह तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। आग से वाहन पूरी तरह नष्ट हो गया है।

**पुलिस ने कही यह बात**

ओयल चौकी प्रभारी डिपल सिंह ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। समय रहते वाहन सवार बाहर निकल गए थे, जिससे जनहानि नहीं हुई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई की।

## भारतीय योग संस्थान लखीमपुर के जिला प्रधान बने रमेश कुमार वर्मा, सर्वसम्मति से हुआ चयन



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** भारतीय योग संस्थान लखीमपुर के जिला प्रधान पद पर अधिवक्ता रमेश कुमार वर्मा लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। गुरुनानक इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित चुनाव/चयन कार्यक्रम में उनका चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय योग संस्थान उत्तर प्रदेश पूर्वी के प्रांतीय प्रधान नरेश चंद्र वर्मा ने की। जिला प्रधान पद के लिए रमेश कुमार वर्मा के नाम का प्रस्ताव शशिकांत श्रीवास्तव ने रखा, जिसका अनुमोदन अरविंद कुमार वर्मा ने किया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनके नाम पर मुहर लगा दी। चयन की घोषणा होते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और सदस्यों ने माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। निर्वाचन के बाद रमेश कुमार वर्मा ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए शिवराम वर्मा को जिला मंत्री और अशोक कुमार तोलानी को जिला संगठन मंत्री बनाया।

## खबरें एक नजर में

### 2 किलो 15 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मीरजापुर।** मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बरौंधा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को दो किलो 15 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से गांजा ले जा रही बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार की शाम बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव हेड कांस्टेबल सदानंद तिवारी कांस्टेबल अमित कुमार तथा कांस्टेबल सिद्धार्थ के साथ बेलन नहर से कोरांव मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कोरांव ;प्रयागराजद्ध की ओर से एक युवक बाइक पर पिट्ठू बैग लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस चेकिंग देखकर उसने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पिट्ठू बैग से दो किलो 15 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपनी पहचान दिलीप कुमार पुत्र रामधनी निवासी बढ़वारी कला मिश्रपुर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज के रूप में बताई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह गांजा बिक्री के उद्देश्य से लेकर जा रहा था। लेकिन बीच रास्ते में ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरौंधा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

### रोहिणी नक्षत्र की बारिश से किसानों में बढ़ी उम्मीद घाघ की कहावत हो रही चरितार्थ

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र में बीते दिनों हुई बारिश और उसके बाद निकल रही तेज धूप ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है। लोक परंपरा और कृषि अनुभव के लिए प्रसिद्ध घाघ की कहावत प्रोहिणी बरसेए मृग तपेए कुछ.कुछ आद्रा जाएए धान कहें सुन घाघनी स्वान भात नहीं खाएए इन दिनों किसानों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों और ग्रामीण किसानों के अनुसार यदि रोहिणी नक्षत्र में अच्छी वर्षा हो जाए तथा मृगशिरा नक्षत्र में पर्याप्त धूप और गर्मी पड़े तो धान समेत खरीफ फसलों की पैदावार बेहतर होने की संभावना बढ़ जाती है। इसी विश्वास के साथ किसान खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में लंबे अंतराल के बाद हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। इसका लाभ उठाते हुए किसान जुताईए पाटा लगाने तथा खेतों में उगे खरपतवारों को नष्ट करने का कार्य तेजी से कर रहे हैं। किसानों का मानना है कि मृगशिरा नक्षत्र की तपन खेतों की मिट्टी को खरीफ फसलों के लिए और अधिक उपयुक्त बना देगी। वहीं दूसरी ओर मानसून की दस्तक की संभावना को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने कच्चे मकानोंए खपड़ैल घरों मड़हों और झोपड़ियों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य में भी जुट गए हैं ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अगेती खेती की तैयारी कर रहे किसान एक जून से पांच जून के बीच धान की नर्सरी डालने में लगे हुए हैं। खेतों की मेड़बंदीए जुताई और बीज उपचार जैसे कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि मौसम का यही रुख बना रहा तो इस वर्ष धान की फसल बंपर होगी। ग्रामीण बुजुर्गों का कहना है कि घाघ की कहावतें वर्षों के कृषि अनुभव पर आधारित हैं और मौसम के मौजूदा हालात को देखकर लग रहा है कि इस बार उनकी कही बातें एक बार फिर सही साबित हो सकती हैं। यही वजह है कि क्षेत्र के किसानों में अच्छी पैदावार को लेकर उत्साह और उम्मीद दोनों बढ़ गई।

### धूमधाम से मनाई गई महारानी अहिल्या बाई होलकर जयंती, निकाली गई भव्य रैली

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्ज़ापुर।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती सोमवार को में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।लोक माता देवी अहिल्या बाई होलकर कमेटीए पाल चौराहा रामपुर नौडीहा के तत्वावधान में सुबह भव्य रैली निकाली गई। युवा और ग्रामीण पीले गमछेए साफा बांधकर और हाथों में पीले झंडे लेकर नारे लगाते हुए गांव के मुख्य मार्गों से गुजरे। रैली के दौरान लोकमाता के लोक कल्याण, न्याय और सुशासन के कार्यों को याद किया गया। युवा समाज सेवी रवि शंकर पाल, अनिल पालए सुरेन्द्र पाल, कृष्ण बहादुर पाल, डॉ. सुनील पाल, श्यामबहादुर पालए रामेश्वर पाल, डॉ. प्रमोद पाल, ग्राम प्रधान लाल बहादुर पाल, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी हलिया वार्ड नं.3 मनीष पाल, राम कृष्ण सिंह, निशु सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण आयोजकों ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई का जीवन समाज सेवा और नारी सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम का समापन लोकमाता के जयकारों के साथ हुआ।

## यूपी बोर्ड के मेधावियों का सम्मान, 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और मेडल प्रदान



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टॉप-10 में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का डेमो चेक, शील्ड और मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के आयोजन के अंतर्गत मुख्यमंत्री के संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग से हुई। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य की जानकारी दी।

समारोह में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सदर विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलावों का परिणाम विद्यार्थियों की उपलब्धियों के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने छात्रों से आत्मविश्वास और मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि निरंतर प्रयास और लगन सफलता की कुंजी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने शिक्षा को जीवन की मजबूत नींव बताते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन और सकारात्मक सोच बनाए रखने की अपील की। वहीं जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उचित पहचान मिल रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए मेहनत, समर्पण और अनुशासन को सफलता का आधार बताया। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों ने अपने परिश्रम से जिले का नाम रोशन किया है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है।

समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जिले में छठा स्थान पाने वाले सिद्धार्थ को सीडीओ ने किया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर (खीरी)।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा 2026 में जिले की मेरिट सूची में छठा स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्र सिद्धार्थ दीक्षित को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। विकासखंड धौरहरा क्षेत्र के ग्राम ढाकिनिया निवासी शिव प्रसाद दीक्षित के पुत्र सिद्धार्थ, श्रीमती चन्द्रप्रभा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, खमरिया के छात्र हैं। उन्होंने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 600 में से 562 अंक प्राप्त कर 93.67 प्रतिशत अंक हासिल किए और जनपद की टॉप-10 मेरिट सूची में छठा स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सिद्धार्थ की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से हासिल की गई यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## सत्संग में आध्यात्मिक साधना और नैतिक जीवन का दिया गया संदेश



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जिले के भोगीपुरवा क्षेत्र में संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा एक सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी की विभिन्न तहसीलों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान संत रामपाल जी महाराज के विचारों और उनके अनुयायियों द्वारा बताए गए आध्यात्मिक संदेशों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने वेदों और अन्य धार्मिक ग्रंथों के संदर्भों का उल्लेख करते हुए कर्म, भक्ति और मोक्ष से संबंधित विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने मानव जीवन में आध्यात्मिक साधना और नैतिक आचरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार, सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिला समन्वयक रवि कुमार ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद हैं और उनके बताए आध्यात्मिक मार्ग का अनुसरण करते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और धार्मिक चर्चा में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। सत्संग का समापन सामूहिक प्रार्थना और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## बिजली और यूरिया संकट को लेकर किसानों का प्रदर्शन, प्रशासन ने दिए समाधान के आश्वासन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर (खीरी)।** मितौली क्षेत्र में बिजली की खराब व्यवस्था और यूरिया खाद की कमी से परेशान किसानों ने रविवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले कस्ता शिवाला मोड़ पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों के खिलाफ नाराजगी जताई। कई घंटे चले प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और विद्युत विभाग ने किसानों की प्रमुख मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। धरने का नेतृत्व भाकियू (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन और प्रदेश महासचिव श्यामू शुक्ला ने किया। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

## शुरू हुआ मलेरिया रोधी माह, हर बुखार पीड़ित की होगी जांच, 2030 तक मलेरिया खत्म करने का लक्ष्य



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जिले को मलेरिया और डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों से मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 1 जून से 30 जून तक विशेष 'मलेरिया रोधी माह' अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान जिले की 10 प्रतिशत आबादी की मलेरिया जांच करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही बुखार से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति की जांच कर मलेरिया के मामलों की पहचान और समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि 'मलेरिया को समाप्त करने का संकल्प–अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' थीम पर आधारित इस अभियान के तहत पूरे जिले में जनजागरूकता गतिविधियां चलाई जाएंगी। रैलियां, गोष्ठियां, बैठकें, कार्यशालाएं और पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। मलेरिया पॉजिटिव मिलने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा और आशा कार्यकर्ता उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करेंगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार किसी क्षेत्र में मलेरिया का मरीज मिलने पर उसके परिवार और आसपास के 50 घरों का सर्वे कराया जाएगा। इस दौरान बुखार के अन्य मरीजों की तलाश, मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान और उन्हें नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। मरीजों के इलाज की निगरानी मलेरिया ट्रीटमेंट कार्ड (एमटीसी) के माध्यम से की जाएगी। अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को 'हर रविवार, मच्छर पर वार, लार्वा पर प्रहार' और 'हमने ठाना है, मलेरिया मिटाना है' जैसे संदेशों के साथ विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा।

## जनपद में पंचायत सहायकों का हक की लड़ाई का बिगुल

- 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 जून से प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी




**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** ग्रामीण विकास व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पंचायत सहायकों ने अपनी लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। महराजगंज में पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 15 जून को प्रदेशभर में पंचायत सहायक लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन करेंगे। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं के संचालन, पंचायत सचिवालयों के अभिलेखों के रखरखाव, ऑनलाइन सेवाओं के निष्पादन, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और ग्रामीण नागरिकों को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें न तो पर्याप्त मानदेय मिल रहा है और न ही सेवा सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ज्ञापन में पंचायत सहायकों को नियमित कर्मचारी का दर्जा देने की प्रमुख मांग उठाई गई है। इसके साथ ही न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक मानदेय निर्धारित करने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य की स्थिर रोजगार व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई है। यूनियन का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में अल्प मानदेय पर कार्य करना उनके लिए आर्थिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। पंचायत सहायकों ने प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिवालय में कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग भी रखी है। उनका कहना है कि डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के इस दौर में बिना पर्याप्त संसाधनों के गुणवत्तापूर्ण कार्य करना संभव नहीं है। इसके अलावा विभागीय कार्यों के संचालन के लिए मोबाइल फोन, इंटरनेट खर्च तथा स्टेशनरी मद के लिए अलग बजट निर्धारित करने की मांग भी की गई है। यूनियन ने स्पष्ट कार्य समय और अवकाश नीति लागू करने, सभी पंचायत सहायकों को आयुष्मान कार्ड और विभागीय पहचान पत्र जारी करने तथा गैर-विभागीय कार्यों में लगाए जाने पर रोक लगाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि निर्धारित दायित्वों से इतर कार्यों का दबाव उनके मूल कार्यों को प्रभावित करता है। इसके साथ ही पंचायत सहायकों ने ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी के पदों पर होने वाली भर्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने तथा पदोन्नति के पर्याप्त अवसर सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

## अवैध शराब कारोबार पर सम्पूर्णानगर पुलिस का बड़ा प्रहार पचास लीटर कच्ची शराब के साथ दो शातिर तस्कर दबोचे

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां-खीरी।** जनपद खीरी में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कच्ची शराब तस्करी के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान पचास लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर अपराध एवं अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना सम्पूर्णानगर पुलिस टीम सक्रिय रूप से क्षेत्र में निगरानी कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर प्रेम सिंह पुत्र मथर सिंह तथा फुम्मन सिंह पुत्र रेशम सिंह, दोनों निवासी बाजारघाट जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के कब्जे से एक ट्यूब में लगभग बीस लीटर तथा दो झोलों में तीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। बरामद शराब को कब्जे में लेकर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का नाम पहले भी आबकारी अधिनियम के मामलों में सामने आ चुका है। ऐसे में पुलिस उनकी आपराधिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा खंगाल रही है।

## पॉक्सो एक्ट के फरार आरोपी पर पुलिस का शिकंजा

- 19 वर्षीय अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत परसामलिक थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे 19 वर्षीय अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध और महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परसामलिक थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना और सक्रिय प्रयासों के आधार पर बैकुण्ठपुर टोला गंगापुर निवासी मुकेश साहनी पुत्र फुलचन्द को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ थाना परसामलिक में मुकदमा संख्या 49/2026 दर्ज है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 352, 351(3), 64 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत आरोप लगाए गए हैं। गिरफ्तारी अभियान का नेतृत्व उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने किया। उनके साथ उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह यादव, कांस्टेबल अंगद सिंह, कांस्टेबल अंगद यादव तथा रिटायर्ड कांस्टेबल सुनील मौर्य की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी ऐसे अभियानों को और अधिक तेज़ किया जाएगा।

## बेरोज़गारी व महगांई पर गरजे सपाई, कलेक्ट्रेट में धरना देकर डीएम को सौंपा 8 सूत्रीय ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



समाजवादी पार्टी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने कहा कि जनपद समेत पूरे प्रदेश में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम जनता और किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईंधन की उपलब्धता भी प्रभावित है और लोगों को रातभर लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद आवश्यकता के अनुसार डीजल-पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। इससे खेती-किसानी और आम जनजीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तथा महिलाओं, छात्रों और कमजोर वर्गों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में वृद्धि हुई है। किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि बिचौलिए डीजल, पेट्रोल और गैस की कालाबाजारी कर अधिक कीमतों पर बेच रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि इससे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रियाओं में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के आरक्षण अधिकारों की अनदेखी की जा रही है, जिससे इन वर्गों के युवाओं को सरकारी नौकरियों से वंचित होना पड़ रहा है। विद्यासागर यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और इन समस्याओं का स्थायी समाधान समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही संभव होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। धरना-प्रदर्शन में जिला महासचिव अजय गुप्ता उर्फ लल्ला भैया, समसुद्दीन अली, पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबड़ेवाल, वरिष्ठ सपा नेता अमित चौबे,कृष्णभान सिंह सैंथवार, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव उर्फ लाला यादव, प्रणय गौतम, निरमेश मंगल, पूर्व विधायक श्रीपति आजाद, बिंद्रेश कनौजिया, मक्खू प्रसाद, छात्र सभा जिलाध्यक्ष यज्ञदत्त पासवान, विधानसभा अध्यक्ष नौशाद अखिलेश मौर्या सहित बड़ी संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।